सुप्रभात
रांची, रविवार
04.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 287




12 दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम बने अल्बनीज

## न्यूज डायरी

### परीक्षा कैलेंडर जल्द जारी करे जेपीएससी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड लोक सेवा आयोग को परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया है। कार्मिक विभाग ने जेपीएससी अध्यक्ष को पत्र लिखकर यह निर्देश दिया है। बता दें कि राज्य सरकार ने जनवरी 2025 में कैबिनेट की पहली बैठक में ही परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्णय लिया था, लेकिन अभी तक यह जारी नहीं हो सका। अब जेपीएससी चेयरमैन की नियुक्ति भी हो चुकी है।

### गोवा में मची भगदड़, छह की मौत, 80 लोग घायल

**पणजी।** गोवा में शनिवार को बिचोलिम के शिरगाओ गांव में श्री लैराई जात्रा उत्सव के दौरान मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने घायलों से मुलाकात की। श्री सावंत ने कहा कि हादसे की जांच की जाएगी।

### लोक गायक को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**खूंटी।** कला-संस्कृति से जुड़े गायक, अभिनेता, शिक्षक, नागपुरी गीतकार और खूंटी के सामाजिक कार्यकर्ता तोरपा प्रखंड के तपकरा निवासी डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को संस्कृति और सामाजिक सक्रियता में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। विशाखापट्टनम में आयोजित वर्ल्ड वाइड बिजनेस अवार्ड समारोह में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कोरोना काल में जागरूकता बढ़ाने का काम किया था। एक नागपुरी गायक के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

सीएम हेमंत ने अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की, कहा

# झारखंड में देश की बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी करेंगे स्थापित

▸ अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देनेवाला पहला राज्य बना झारखंड

▸ सरकार का हर एक क्षण जनता के लिए समर्पित, समस्याएं सुलझाना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि झारखंड में देश की एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित हो, इसके लिए राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। जल्द ही सरकार एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करेगी। यह बातें उन्होंने शनिवार को खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना कार्यक्रम के शुभारंभ में कही। इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के अधिवक्ताओं एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू कर रही है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अजय कुमार सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन, निदेशक एनएचएम अबु इमरान, एडवोकेट एसोशियेशन के उपाध्यक्ष धीरज कुमार समेत कई वरीय पदाधिकारी और राज्य के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित थे।



अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना के शुभारंभ के मौके पर लाभुक को सर्टिफिकेट देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### हर वर्ग और समुदाय का सर्वांगीण विकास लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की चिंताएं हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए है,चाहे वह गांव में रहता हो, शहर में रहता हो, अमीर हो, गरीब हो व्यापारी हो, नौजवान हो, छात्र-छात्राएं हो, बच्चे हो, बूढ़े-बुजुर्ग हो। राज्य सरकार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का पिछड़ा होना हम सभी के लिए काफी तकलीफ वाली बात है। सरकार का प्रयास है कि इस पिछड़ेपन को दूर किया जाये। इसके लिए हमारी सरकार पहल करते हुए राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का प्रयास कर रही है।

### काम करेंगे तो लोग हमसे स्वाभाविक रूप से जुड़ेंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी इस राज्य की जनता के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के जीवन में समस्याएं आती रहती है। इन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगर हम काम करेंगे तो स्वाभाविक रूप से लोग हमसे जुड़ेंगे। आज यही कारण है कि राज्य सरकार को झारखंड की जनता ने और अधिक मजबूती के साथ अपना आशीर्वाद दिया है। हमारा प्रयास है कि हम राज्यवासियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करें।

### बच्चों को दिलवायें गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिल सके इस निमित्त हमारी सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की है। आप अपने बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलायें। बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, पत्रकार किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं तो उसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 15 लाख रुपए तक का ऋण मिल सकेगा और वह ऋण बिना किसी गारंटी के मिलेगा। इस ऐतिहासिक दिन पर आप सभी अधिवक्ताओं को हमारी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बधाई एवं जोहार।

अंगोला के राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को दिया समर्थन

# आतंकवादियों के खिलाफ करेंगे कड़ी व निर्णायक कार्रवाई: मोदी

संकल्प दोहराया

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा- हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गयी थी। इधर पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को इस हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।

## पाक के खिलाफ भारत का एक और बड़ा फैसला

### भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के आयातों पर लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाया है। भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी। प्रतिबंध लगाने के लिए विदेश व्यापार नीति-2023 में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि पाक में उत्पन्न या वहां से निर्यात होने वाले सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगे।

### पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में हुई नो एंट्री

**नयी दिल्ली।** भारत के पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत ने अपने जहाजों के भी पाक के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन के लिए यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा। वहीं भारत सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान से आने वाली सभी तरह की डाक और पार्सल पर रोक लगा दी। संचार मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से आने वाली हर तरह की डाक पर रोक रहेगी, चाहे वो हवाई जहाज से आए या सड़क के रास्ते से।

### 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। यह 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के उन युवाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाने हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का उद्देश्य भारत के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करना और उन्हें बढ़ावा देना, वास्तविक जीवन के आदर्शों को प्रदर्शित कर देश भर के साथियों को प्रेरित करना और बच्चों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।

एमजीएम अस्पताल का पुराना और जर्जर बरामदा ढहा

# मलबे में दबकर तीन मरीजों की मौत दो घायल, राहत व बचाव कार्य जारी





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल-एमजीएम सरकारी अस्पताल में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मेडिसिन विभाग के बी-ब्लॉक का पुराना और जर्जर बरामदा अचानक ढह गया, जिसमें पांच मरीज दब गये। समाचार लिखे जाने तक दो मरीजों को घायल अवस्था में सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि तीन मरीजों की दबने से मौत हो गयी। इसमें दो मरीजों के शव मलबे से बाहर निकाल लिये गये। वहीं एक मरीज का शव निकालने का प्रयास जारी था। इस घटना के बाद राहत-बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जर्जर बरामदा गिरते समय तेज आवाज हुई और वार्ड में भर्ती मौजूद मरीज बेड सहित मलबे में दब गये। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक पूर्णिमा दास साहू, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया। बता दें कि अस्पताल का यह हिस्सा काफी पुराना था और यहां के बरामदे में भी कुछ मरीजों को भर्ती रखकर इलाज किया जाता था।

सरकार की नयी पहल : लोगों को निबंधन के लिए किया जायेगा प्रेरित

# झारखंड में अब ऑनलाइन होगा मैरिज रजिस्ट्रेशन, मॉड्यूल तैयार

**सरल और सुलभ विवाह**

■ मैरिज रजिस्ट्रेशन के लिए सरकार चलायेगी जागरूकता अभियान

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में अब विवाह का निबंधन अब मैन्यूअल नहीं, बल्कि ऑनलाइन होगा। इसके लिए विभाग के स्तर पर मॉड्यूल तैयार कर लिया गया है। मैरिज रजिस्ट्रेशन को को सरल और सुलभ बनाने के लिए विभाग ने ऑनलाइन मॉड्यूल



तैयार किया है। इस मॉड्यूल के माध्यम से हिंदू विवाह अधिनियम और विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह का निबंधन ऑनलाइन किया जा सकेगा। वर्तमान में इस प्रणाली की समीक्षा की जा रही है और जल्द ही इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

**मैरिज रजिस्ट्रेशन के लाभ :** विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मैरिज रजिस्ट्रेशन के कई लाभ होते हैं। जैसे कि यह विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। पति-पत्नी के अधिकारों की रक्षा करता है और बच्चों के अधिकारों की भी रक्षा करता है।

**मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने को नयी पहल :** झारखंड सरकार ने मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने सभी जिलों के निबंधन व अवर निबंधकों को निर्देश दिया है कि वे इसको लेकर जागरूकता फैलाएं। साथ ही लोगों को मैरिज रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करें।

**सूचना पट लगेगा और चलेगा जागरूकता अभियान:** मैरिज रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए सभी निबंधन कार्यालयों में सूचना पट लगाये जायेंगे, ताकि कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों को विवाह निबंधन के लाभों की जानकारी मिल सके। साथ ही विभाग लोगों को इसके महत्व और लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलायेगा।




# बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द होगा एमओयू : शिल्पी नेहा

## राज्य में मिलेट कैफेटेरिया खोलने की भी योजना, तेलंगाना दौरे को लेकर मंत्री ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द एमओयू होने की बात कही है। राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र की भूमिका इस फैक्ट्री के संचालन में नॉलेज पार्टनर की होगी। बंद बेकन फैक्ट्री में जंग लग चुकी मशीनों को बदला जाएगा। यह जानकारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि 28 से 30 अप्रैल तक तेलंगाना राज्य का दौरा झारखंड राज्य के किसानों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। मंत्री ने कहा कि झारखंड में शूकर पालन से जुड़े लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। एक समय था जब बेकन फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी अध्ययन के लिए डेनमार्क तक जा चुके है। आज इतिहास के पन्नों में दर्ज बेकन फैक्ट्री को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने पहल की है।

**एनएफडीबी सहयोग को तैयार :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के संदर्भ में बताया कि नेशन फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) इस दिशा में सहयोग करने को तैयार है। केंद्र सरकार ने पर्ल कल्चर को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग



जिला को चुना है। राज्य के 100 किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की कागजी प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीआईएफए भुनेश्वर में किसानों के साथ-साथ मत्स्य विभाग के पदाधिकारी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई विधि को अपनाना और उत्पादन को बढ़ाना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च सेंटर के मॉडल को अपनाने की जरूरत है। राज्य की गठबंधन वाली सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 3 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसका असर भी मोटे अनाज के उत्पादन में दोगुना वृद्धि के रूप में दिखने लगा है। आज इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च के द्वारा मोटे अनाज से 40 प्रोडक्ट को तैयार किया जा रहा है।

### आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना

मंत्री ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना है। इसके लिए भी एक एमओयू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसान सोचते है कि मोटे अनाज की खेती से उनको फायदा नहीं होगा, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बाजार में मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है। किसानों को उनके फसल का उचित मूल्य मिल सके इस ओर सरकार ध्यान दे रही है। मूल्य संवर्धन की दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है। राज्य में मडुआ के उत्पादन में बेहतर काम हुआ है। रांची के सी पार्क से जुड़े एफपीओ/ महिला समूह को प्रशिक्षण देने की योजना है। इसके लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च संस्थान को प्रस्ताव तैयार कर देने को भी कहा गया है। मोटे अनाज से जुड़े प्रोडक्ट को तैयार करने के लिए छोटे-छोटे प्रोसेसिंग यूनिट खोलने की भी योजना है। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य में अधिकारियों का राज्य के प्रति प्रेम और समर्पण देख कर अच्छा लगा। झारखंड के अधिकारियों को भी अपने दायित्व और राज्य के प्रति उनकी जवाबदेही को समझने की जरूरत है। अपनी जिम्मेवारी का बेहतर तरीके से निर्वहन कर अधिकारी झारखंड राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

# न तो शिलान्यास में मुझे बुलाते न ही उद्घाटन में, शिलापट्ट से भी नाम गायब : चंद्र प्रकाश

योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन में उपेक्षा से बिफरे गिरिडीह सांसद, लाया डीसी व अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र में होनेवाले शिलान्यास और उद्घाटन में अपनी उपेक्षा से नाराज हैं। उन्होंने इसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से करते हुए बोकारो जिले के उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण की औद्योगिक निगम ओएनजीसी के अधिकारियों के खिलाफ में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पूरी जानकारी देते हुए यह प्रस्ताव लाया है।

सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष को इस बात से अवगत कराया है कि स्थानीय बुनियादी ढांचा परियोजना के शिलान्यास, उद्घाटन एवं भूमि पूजन जैसे कार्यक्रमों की संबंधित विभाग द्वारा किए जाने पर ना तो उन्हें इसकी जानकारी दी जा रही है और न ही उन्हें आमंत्रण दिया जा रहा है। कभी-कभी तो शीलापट् पर नाम भी अंकित नहीं किया जा रहा है। ओएनजीसी के अधिकारियों द्वारा सीएसआर मद से परिसंपत्ति वितरण या अन्य कार्य किसी भी जनप्रतिनिधि को बुलाकर कर लिया जाता है।

परंतु स्थानीय सांसद होने के बावजूद एवं केंद्र की योजनाएं एवं वित्तीय सहायता के बावजूद मुझे जानकारी नहीं दी जाती है। उदाहरण स्वरूप गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में रथटांड काली मंदिर से लेकर जमकडीह बजरंगबली मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण में मुझे जानकारी नहीं दी गई। ओएनजीसी के सामाजिक दायित्व अंतर्गत बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण की भी मुझे जानकारी नहीं दी गई।

# 6 को होनेवाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी कांग्रेस

### राजधानी में जबरदस्त तैयारी, खड़गे, वेणुगोपाल और के राजू करेंगे नेतृत्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राजधानी रांची में आगामी 6 मई को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक और जन-सैलाब से भरा बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में गठित समितियां दिन-रात तैयारी में जुटी हैं। रैली को लेकर हर स्तर पर गंभीरता और संकल्प दिख रहा है - चाहे वह राजधानी के मोहल्लों की बैठकें हों या सुदूर प्रखंडों में आमजन से सीधा संवाद। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से लेकर शहर के हर चौक-चौराहे तक, रैली को लेकर जनजागरूकता फैलाई जा रही है। जातिगत जनगणना के लिए जननायक राहुल गांधी आभार, जय बापू, जय भीम, जय संविधान, और झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए जैसे नारे वाले होर्डिंग्स पूरे रांची में लगाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ कार्यक्रम का संदेश दे रहे हैं, बल्कि जनता को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। रैली की तैयारियों का जमीनी जायजा लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड प्रभारी डॉ बेला प्रसाद स्वयं रांची में मौजूद हैं और पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। रविवार की सुबह 6:30 बजे ही उन्होंने पुराना विधानसभा मैदान का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय, हिमांशु, संजय प्रसाद और मेहुल दुबे भी मौजूद थे। सभी नेताओं ने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यकताओं की बैठने की व्यवस्था, मीडिया एरिया, मेडिकल सहायता केंद्र समेत हर पहलू की बारीकी से समीक्षा की। रैली के बाद होटल बीएनआर में पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी, जिला कांग्रेस अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी के. राजू की उपस्थिति तय है। वे सभी नेताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे और आगामी रणनीति पर गहन विमर्श करेंगे।

इस बीच कांग्रेस भवन में एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्षों एवं नोडल ऑफिसरों के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया गया कि राज्य के हर कोने से कार्यकताओं की भागीदारी हो। बैठक में आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सूर्यकांत शुक्ला,डॉ राजेश गुप्ता,सुंदरी तिर्की, अख्तर अली, प्रभात कुमार, जितेंद्र त्रिवेदी, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना और कामेश्वर गिरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। तैयारी की समीक्षा के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में क्लीन चिट दिए जाने के बावजूद, अहमदाबाद अधिवेशन में देश भर से जुटे कांग्रेसजनों की हुंकार से घबरा कर प्रधानमंत्री ने ईडी के माध्यम से सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आरोप गठित किए। यह न सिर्फ लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का माखौल उड़ाने जैसा कृत्य है। इसी के विरोध में 6 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रांची की धरती से हुंकार भरेंगे।

# सुदेश ने नाइजर में अपहृत श्रमिकों के लिए गृह मंत्री को पत्र लिखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर अफ्रीका के नाइजर में एक आतंकी समूह द्वारा अपहृत झारखंडवासी 5 श्रमिकों की तत्काल और सुरक्षित रिहाई के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया है। इस पत्र के माध्यम से श्री महतो ने इस संकट की गंभीरता की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया है और कहा है कि झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर निवासी पांच श्रमिकों का नाइजर की राजधानी नियामे से 115 किमी दूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स लिमिटेड नामक कंपनी के कार्य स्थल से 25 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया है।

श्री महतो ने कहा कि ये नागरिक अपने जीविकोपार्जन और परिवार के भविष्य के लिए नाइजर में कार्यरत थे। यह घटना न केवल इन नागरिकों और उनके परिवारों के लिए एक त्रासदी है, बल्कि यह विदेशों में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के प्रश्न को भी उजागर करती है।

उल्लेखनीय है कि आजसू पार्टी लगातार इस संबंध में केंद्र सरकार तथा नाइजर दूतावास पर दबाव बनाए हुए है। कल आजसू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो तथा संजय मेहता ने भी अपहृत श्रमिकों के परिजनों से बगोदर में मुलाकात की थी और श्रमिकों की रिहाई के लिए आजसू पार्टी के प्रयासों से अवगत करवाया।

पत्र में सुदेश महतो ने लिखा है कि ये 5 झारखंडवासी हमारे राज्य का गौरव हैं। उनका अपहरण न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक गहरा आघात है। सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से अपील की है कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और नाइजर सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इन नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करे।

श्री महतो ने कहा है कि इस घटना ने विदेशों में कार्यरत झारखंडवासियों की सुरक्षा के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता को उजागर किया है। उन्होंने झारखंड की जनता से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हों और केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। श्री महतो ने कहा, "यह केवल 5 श्रमिकों की बात नहीं है, यह हमारे राज्य के सम्मान और हमारे लोगों की सुरक्षा की बात है। हमारी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशों में कार्यरत प्रत्येक भारतीय, विशेष रूप से झारखंडवासी, सुरक्षित हों। हम इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाएंगे।

### गृह मंत्री को लिखे पत्र में श्री महतो ने केंद्र सरकार से की मांग

**तत्काल कार्रवाई** : नाइजर सरकार के साथ कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर बातचीत कर अपहृत नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करना।

**परिवारों को सहायता** : अपहृत नागरिकों के परिवारों को नियमित अपडेट प्रदान करना और उनकी भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक सहायता सुनिश्चित करना।

**नीतिगत सुधार** : विदेशों में कार्यरत भारतीयों, विशेष रूप से झारखंडवासियों, की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाना। श्री महतो ने विश्वास जताया कि गृह मंत्री श्री अमित शाह इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ताकत और कूटनीतिक क्षमता विश्व विख्यात है। पूर्ण विश्वास है कि हमारे गृह मंत्री के नेतृत्व में ये नागरिक जल्द ही अपने परिवारों के पास सुरक्षित लौटेंगे।

**अपहृत नागरिकों के परिवारों के प्रति एकजुटता** : सुदेश महतो ने अपहृत नागरिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि आजसू और झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, "हम आपके दुख में आपके साथ हैं। हमारा हर प्रयास आपके अपनों को सुरक्षित वापस लाने के लिए होगा।

# झारखंड के 8 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल लापता, तलाश रहा चुनाव आयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। चुनाव आयोग ने झारखंड के आठ गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की तलाश शुरू कर दी है, जो लंबे समय से लापता हैं। इन दलों का न तो पंजीकृत कार्यालय का पता है और न ही आयोग के पास इनकी वार्षिक रिपोर्ट है। आयोग ने इन दलों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

### कौन हैं लापता दल?

लापता दलों में भारत विकास मोर्चा, बहुजन सदान मोर्चा, भारतीय जन मुक्ति पार्टी, जनसाधारण पार्टी, झारखंड पार्टी सेक्युलर, झारखंड विकास दल, राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी और राष्ट्रीय सेंगल पार्टी शामिल हैं। इनमें से पांच दल रांची में, जबकि एक-एक दल पलामू, गिरीडीह और देवघर में पंजीकृत थे।

### आयोग की कार्रवाई

चुनाव आयोग की जांच के बाद झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त 39 राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द होने की संभावना है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस बारे में अपनी रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है और आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

### 7 दलों ने नहीं सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

इसके अलावा सात ऐसे गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं, जिन्होंने आयोग को वार्षिक रिपोर्ट नहीं दी है। आयोग को इन दलों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई के लिए चिठ्ठी भेजी गयी है। बता दें कि राज्य में 39 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से तीन का विलय हो चुका है, और शेष बचे दलों की जांच जारी है।

## खबर एक नजर में

### सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे अतुल कुमार अनजान : सीपीआई

रांची। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अनजान को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया गया। सीपीआई राज्य कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राज्य कार्यकारणी के सदस्य और जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि अतुल कुमार अनजान सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे। उनकी बेबाक टिप्पणियों और संघर्षशील जीवन ने उन्हें एक अद्वितीय नेता बनाया। उनके पिता डॉ ए पी सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी थे और अतुल कुमार अनजान ने उनके नक्शेकदम पर चलते हुए अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित किया। संघर्ष की विरासत : अतुल कुमार अनजान का जीवन संघर्षों से भरा था। उन्होंने कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट शामिल है। उन्होंने लगभग 5 वर्षों तक जेल में भी समय बिताया। इसके अलावा उन्होंने स्वामीनाथन कमीशन में किसानों के उत्थान के लिए कई सुझाव दिए, जिनमें किसानों को मासिक पेंशन, एमएसपी की गारंटी और बिना ब्याज के ऋण शामिल हैं। झारखंड से विशेष लगाव : अतुल कुमार अनजान का झारखंड से विशेष लगाव था। उन्होंने कई रैलियों और आम चुनावों में भाग लिया और झारखंड के मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने एचईसी को बचाने के लिए संघर्ष की बात कही और एसपीटी और सीएनटी एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। जबरिया भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने की भी उन्होंने मांग की। इस अवसर पर इम्तियाज अहमद खान, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती और अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सरायकेला लव जिहाद मामले में सख्त कार्रवाई करे पुलिस : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लव जिहाद की शिकार हुई सरायकेला की बेटी को राजनीतिक दबाव में नजरबंद कर दिया जाना अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि मुस्लिम समुदाय द्वारा पीड़िता का जबरन धर्मांतरण कराने के इस मामले में पुलिस प्रशासन भी आरोपियों को संरक्षण दे रहा है। बाबूलाल ने कहा कि सरायकेला पुलिस से अनुरोध है कि वे पीड़िता से उसके स्वजनों और ग्रामीणों को मिलने की अनुमति दें तथा इस गंभीर मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गये तो भारतीय जनता पार्टी सरायकेला सहित पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### आनंद पसारी झारखण्ड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और अजय कुमार बने सचिव



रांची। झारखंड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ की वार्षिक आमसभा शनिवार को आनंद पसारी की अध्यक्षता में हुई। वर्ष 2025 - 26 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव कार्य चुनाव अधिकारी हरी लाल पटेल व विजय कुमार वर्मा की निगरानी में संपन्न हुआ। आनंद पसारी को वर्ष 2025 26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। नयी कमेटी में ज्योति पोद्दार उपा-अध्यक्ष, अजय कुमार -सचिव, चेतन पटेल सह सचिव, शरद दरगड़ कोषाध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### झारेरा के चेयरमैन व अन्य पदों पर नियुक्ति की मांगी समय सीमा

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (झारेरा) के चेयरमैन, एडज्यूकेटिंग अफसर और अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति की समय सीमा तय कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। अदालत ने सरकार को शपथपत्र के माध्यम से समय सीमा बताने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी। इस संबंध में शशि सागर वर्मा ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि एडज्यूकेटिंग अफसर का पद नवंबर 2022 से खाली है। जनवरी 2021 से नियमित अध्यक्ष नहीं है। प्राधिकार सिर्फ कार्यवाहक अध्यक्ष चला रहे हैं। प्रार्थी का कहना है कि आरटीआई के अनुसार झारेरा में 67 मामले लंबित हैं। इनमें 45 शिकायतें और 16 निष्पादित याचिकाएं हैं, जिसे लागू कराना है। छह अन्य मामले भी लंबित हैं। याचिका में कहा गया है कि सरकार के पास झारेरा के रिक्त पदों को भरने के लिए अभ्यावेदन दिया गया है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। प्रार्थी का कहना है कि न्यायाधिकरण में अधिकारियों की नियुक्ति नहीं करना आम लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन भी है। जिन वादियों के मामले न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित हैं, उन्हें अपने विवादों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करवाने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### पुलिस वाहन से दुर्घटना के बाद सरकार को मुआवजा देने का निर्देश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस विभाग की गाड़ी से हुई दुर्घटना में दो युवाओं की मौत के मामले में राज्य सरकार को मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग के वाहन के चालक की लापरवाही से हुई दुर्घटना में विभाग की जिम्मेदारी बनती है, भले ही वाहन का बीमा नहीं था। कोर्ट ने राज्य सरकार से मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए बेहतर मुआवजा व्यवस्था बनाने पर विचार करने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए एक स्पष्ट नीति बनाए। मामला 11 जुलाई 2013 का है। खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में चुरगी पुल के पास एक पुलिस गाड़ी ने दो मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें अमित आइंद (18 वर्ष) और रोशन गुड़िया (22 वर्ष) की मौत हो गई। पीड़ितों के परिजनों ने मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल में मुआवजे का दावा किया था, जिसे ट्रिब्यूनल ने स्वीकार करते हुए प्रत्येक परिवार को 3,48,880 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। पुलिस विभाग ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस विभाग के वाहन का चालक अपनी सेवा के दौरान लापरवाही से वाहन चला रहा था, इसलिए विभाग उसके कार्यों के लिए जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह सिद्ध हो चुका है कि दुर्घटना गाड़ी की लापरवाही से हुई थी और इसके लिए राज्य सरकार जवाबदेह है।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
बोकारो स्टील प्लांट
बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत
सेल SAIL

**आवश्यक सूचना**

बोकारो इस्पात नगर के क्षतिग्रस्त ब्लॉक के आवास धारियो (कर्मचारी संवर्ग) को सूचित किया जाता है की कुछ अपरिहार्य कारणो से परिपत्र संख्या TA/A/E/2024-68 दिनांक 25.4.2025 को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निरस्त किया जाता है।

आदेशानुसार
नगर प्रशासन।

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


# सीसीएल और पीवीयूएनएल के बीच फ्लाई ऐश उपयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सीसीएल और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य है-खनन के बाद के खाली क्षेत्रों (माइन वाइड) में फ्लाई ऐश के सतत उपयोग को बढ़ावा देना। यह समझौता 'सीसीएल खदान के खाली क्षेत्रों में फ्लाई-ऐश का उपयोग, डकरा ओसीपी, एनके एरिया, सीसीएल वित्त वर्ष 2027-28' शीर्षक परियोजना के तहत किया गया है, जो पर्यावरणीय पुनर्स्थापन और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी




कदम के रूप में देखा जा रहा है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सीसीएल के एनके क्षेत्र के महाप्रबंधक और पीवीयूएनएल की पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा किए गए। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी, एवं पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सीसीएल और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही। इस समझौते का उद्देश्य केवल फ्लाई ऐश निपटान नहीं, बल्कि उसे एक संसाधन के रूप में उपयोग कर खनन के बाद की भूमि को पुनः उपयोगी बनाना है। यह पहल खनन क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनःस्थापन, जल संरक्षण, मिप्ती की गुणवत्ता सुधार और क्षेत्रीय जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह समझौता ज्ञापन उन प्रयासों की कड़ी है, जिनके माध्यम से सीसीएल पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान खोजते हुए टिकाऊ विकास की दिशा में कार्य कर रही हैं। यह पहल न केवल सरकार की 'पर्यावरण हितैषी ऊर्जा और खनन' नीति का समर्थन करती है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरित विरासत का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

# अरगोड़ा इलाके में कारोबारी से तीन लाख की लूट

## उच्चकों ने बैंक के पास ही पीड़ित पर डाल दिया खुजली पाउडर

**बैंक से पीछा कर रहे थे अपराधी**

**सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों की तस्वीर कैद**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा इलाके में शनिवार को बाइक सवार अपराधियों ने सरेआम छिनतई की घटना को अंजाम दिया। अरगोड़ा इलाके में एक कारोबारी के शरीर पर खुजली वाला पाउडर छिड़ककर दो अपराधियों ने कारोबारी से रुपये से भरा बैग झपट लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। छिनतई की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

**क्या है घटना :** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास शनिवार की शाम बाइक सवार दो अपराधियों ने मनोरंजन मनीष नाम के एक कारोबारी से तीन लाख रुपये की छिनतई कर भाग निकले है। पीड़ित कारोबारी मनोरंजन अपने एक मित्र के साथ रांची के कचहरी चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक व्यक्ति को पेमेंट करने के लिए तीन लाख रुपये निकल कर अरगोड़ा की तरफ से जा रहे थे। उसी दौरान अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

भुक्तभोगी मनोरंजन ने पुलिस को बताया है कि बैंक से निकलते ही उनके पूरे शरीर में खुजली होने लगी थी। जिसके बाद उन्होंने रास्ते में एक मेडिकल दुकान पर रुक कर अपना इलाज भी कराया। इसी दौरान जब वे अरगोड़ा में रुके तभी दो बाइक सवार आए और पैसे से भरा बैग झपट कर फरार हो गए। मनोरंजन के अनुसार बैंक में ही किसी ने उन पर खुजली वाला पाउडर डाल दिया था, लेकिन तब वे समझ नहीं पाए थे।

वहीं, मामले को लेकर अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि अपराधी बैंक से ही मनोरंजन का पीछा कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों को उम्मीद थी की खुजली की वजह से कहीं न कहीं रास्ते में जरूर रुकेंगे, जहां पैसे से भरा बैग छीन लिया जाएगा। मनोरंजन रास्ते में मेडिकल दुकान में रुके, इस वजह से रास्ते में दोनों अपराधी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए, लेकिन जैसे ही वे खुजली से परेशान होकर अरगोड़ा में थोड़ी देर के लिए रुके, वहीं अपराधियों को मौका मिल गया और वे पैसे से भरा बैग झपट कर फरार हो गए। जिन अपराधियों के द्वारा छिनतई की वारदात को अंजाम दिया गया है, उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद यह पता चल रहा है कि दोनों अपराधी कारोबारी का बैंक से पीछा कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# स्नैचर बेखौफ : धुर्वा इलाके में महिला से दिनदहाड़े चेन छिनतई

- शनिवार सुबह पौने आठ बजे की घटना
- पीड़िता मछली खरीदने गई थी धुर्वा स्थित मछली मार्केट
- घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस

**खबर मन्त्र सवांददाता**

**रांची।** राजधानी में छिनतई की घटनाएं थम नही रही है। बाइक सवार अपराधी बेखौफ महिलाओं को निशाना बना रहे है। ऐसी ही एक चेन छिनतई की घटना धुर्वा इलाके में घटी है। घटना शनिवार सुबह करीब पौने आठ बजे की है। इस मामले में 50 वर्षीय पीड़ित महिला सीमा झा ने धुर्वा थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

**क्या है घटना :** सुखदेव नगर अंतर्गत इटकी रोड की रहनेवाली 50 वर्षीय महिला सीमा झा अपनी बहन के साथ शनिवार सुबह मछली खरीदने के लिये धुर्वा स्थित मछली मार्केट गई थी। मछली खरीदने के बाद वापस लौटने के दौरान शहीद मैदान के पास पल्सर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने अचानक पीड़िता के गले में झपट्टा मारते हुये चेन छिनतई करते हुये तीव्र गति से पुराना विधानसभा की तरफ भाग निकले। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

## खबर एक नजर में

### बेमौसम बरसात से मौसम हुआ कूल-कूल अगले तीन दिनों तक नहीं होगा बदलाव

**रांची।** बेमौसम बारिश से मौसम कूल-कूल हो गया है। इन दिनों राज्य के तकरीबन सभी जिलों की तापमान 40 डिग्री से नीचे चला गया है। इस कारण तापमान में कमी आयी और लोग कूल-कूल महसूस कर रहे हैं। शनिवार को राजघानी रांची में शाम के समय तेज आंधी के साथ बूंदा-बांदी हुई। आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली काट दी गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री, जमशेदपुर का 37.1 डिग्री, डाल्टेनगंज का 37.4 डिग्री, बोकारो का 30.1 डिग्री, चाईबासा का 36.4 डिग्री रिकार्ड दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 06.2 मिमी कोलेबीरा (सिमडेगा)में दर्ज की गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान डालटेनगंज में 36.0 डिग्री जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमारन 18.8 डिग्री चाईबासा में दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान की बात करें तो अगले तीन दिनों तक बारिश के आसार बने हुए हैं। रविवार और सोमवार को उत्तर-पश्चिम भागों को छोडकर राज्य के शेष भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं मंगलवार को राज्य के पूर्वी एवं दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। उसके बाद बुधवार को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे।

### रांची नगर निगम के जनता दरबार में मिलीं 24 शिकायतें

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक की पहल पर निगम कार्यालय में शनिवार से जनता दरबार का आयोजन शुरू हुआ। इसमें विभिन्न वार्डों से कुल 24 नागरिकों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इसमें मुख्य रूप से स्वच्छता शाखा से संबंधित 5, राजस्व शाखा से संबंधित 7, इंफोर्समेंट शाखा से संबंधित 3, विद्युत शाखा से संबंधित 3, जन्म मृत्यु सर्टिफिकेट से संबंधित 1, अभियंत्रण शाखा से संबंधित 3 तथा टाउन प्लानिंग से संबंधित 2 शिकायतें मिलीं। इन सब पर ऑन स्पॉट कार्रवाई की गयी। गौरतलब है कि जनसमस्याओं से संबंधित विषयों पर निगम में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10:30 बजे से अपरा? 3 बजे तक निगम में जनता दरबार आयोजित होगा। नागरिक यहां अपनी शिकायत, परिवाद, सुझाव भी दे सकते हैं।

### अजय झा बने खेलो इंडिया के तकनीकी पदाधिकारी



**रांची।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के अंतर्गत मलखंब खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए झारखण्ड से एकमात्र तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। श्री झा झारखंड के सभी कोटि के विद्यालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं, जो नियमित रूप से 33 वर्षों से विद्यालय में शिक्षण कार्य के अलावा विभिन्न खेलों में मलखंब, खो-खो, कबड्डी, आत्या-पात्या, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, स्कैश, एथलेटिक्स बैडमिंटन एवं अन्य खेल में हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए हैं।

### झारखण्ड महा ब्राम्हाण संघ की बैठक


**रांची।** झारखण्ड महाब्राह्मण संघ कार्यकारिणी की प्रथम बैठक शनिवार को मारवाड़ी ब्राह्मण धर्मशाला में संपन्न हुई। इस बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए कार्यकारिणी के सदस्यों ने शामिल होकर अपने-अपने विचार रखे। बैठक में मुख्यरूप से शिवपूजन पाण्डेय (कतरासगढ़ धनबाद), शिवकुमार तिवारी (रांची ),श्री धनञ्जय नाथ तिवारी(झिको चप्ती, लोहरदगा),लाल तिवारी (झिको चप्ती, लोहरदगा), अवधेश नाथ तिवारी (झिको चप्ती, लोहरदगा) श्री उमेश तिवारी(गिरिडीह), श्री किशोरी मोहन पाण्डेय(नयीटांड़,बरही), श्री सच्चिदानंद पाण्डेय (खीररगांव, हजारीबाग), शिवशंकर तिवारी (परगन, हजारीबाग), अक्षो दीक्षित (गर्दा, पलामू ),भीम कुमार पाण्डेय (रांची ), सुमन सौरभ तिवारी (कैड़ी, चतरा ) उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता शिवपूजन पांडेय ने किया तथा संचालन शिव शंकर तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन भीम कुमार पाण्डेय ने किया।

### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 877वॉ खिचड़ी भंडारे का आयोजन



**रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को निखिल कल्याण गुणगणनिलय श्रीपति भगवान का प्रातः वंदन , विश्वरूप दर्शन,सुप्रभातम , तिरूवाराधन करने के प>ात महाआरती और विभिन्न प्रकार के स्तोत्रों से स्तुति करके फिर खिचड़ी महाप्रसाद का नैवेद्य भोग लगा । तदन्तर शातुमोरा,पल्लाण्डु तदियाराधन,गोष्ठी ,शठारी एवं तीर्थ प्रसाद वितरीत किया गया । वहीं दैनिक पूजोपचार के बाद 15 सौ श्रद्धालुओं में खिचड़ी महाप्रसाद वितरण किया गया। इस खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण शशिभूषण सिंह पत्नी बीना सिंह व गौरीशंकर साबू पत्नी मंजूलता साबू रांची निवासी के सौजन्य से किया गया। अर्चक सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने दिनभर के पूजा -अनुष्ठान को विधिवत रात्रि शयन आरती के प>ात संपन्न कराया ।मौके पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, प्रभास मित्तल, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, सुशील गडोदिया, शंभू नाथ पोद्दार, भोला बरनवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : कविता कुमारी खाती




**रांची।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोंग गांव में शनिवार को डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपूटी चीफ कविता कुमारी खाती ने बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर फोकस किया और कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य है।

### भगवा नारी सेना ने डॉक्टर अजीत कुमार को किया सम्मानित

रांची। सदर अस्पताल रांची के सर्जरी विभाग के सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार को स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र मे सराहनीय कार्य के लिए भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सदर अस्पताल मे सम्मानित किया। मौके पर पिया बर्मन ने कहा डॉक्टर सर्जन अजीत कुमार जी का मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रहता है साथ ही उचित मार्गदर्शन भी देते है। वहीं अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ.अजीत कुमार ने कहा मरीज के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी सबसे बड़ी खुशी है मैं मरीजों की चिकित्सा करना अपना धर्म समझता हूं। मौके पर मुख्यरूप से छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के शिव किशोर शर्मा, समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, दिलबीर सिंह, कुमारी अनिता नीलम, विनीता, सुनीता पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने शनिवार को ओजस एवं प्रवाह वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। नियमितता पुरस्कार उन छात्रों को दिया गया, जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के साथ सभी बाधाओं के बावजूद हर दिन बिना चूके स्कूल पहुंचे। उन्हें ट्रॉफी, बैज और प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को लगातार कई वर्षों तक पूर्ण उपस्थिति बनाए रखने के लिए भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने एक छात्र के जीवन में नियमितता के महत्व पर जोर दिया।

### संतोष फिल्म की हुई सार्वजानिक स्क्रीनिंग

**रांची।** टैगोर हिल के पास खुले आसमान के नीचे शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, वकील, फिल्म निमार्ता, पत्रकार, छात्र और अन्य ने फिल्म संतोष देखी। फिल्म के सार्वजनिक स्क्रीनिंग का आयोजन झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा किया गया था। स्क्रीनिंग के बाद एक जन चर्चा हुई, जहां दर्शकों ने पुलिस की बर्बरता, जातिगत भेदभाव और संस्थागत इस्लामोफोबिया की वास्तविकताओं को दशार्ने के लिए फिल्म की सराहना की। संतोष को विदेशों में काफी सराहा गया है,लेकिन भारत के केंद्रीय प्रमाणन बोर्ड ने इसे रिलीज करने की अनुमति नहीं दी है।

### जानकी नवमी 6 मई को - अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के द्वारा होगा भव्य आयोजन

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद के द्वारा 6 मई को माँ जानकी पूजनोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मिथिला इस मौके पर मैथिली संस्था के द्वारा मूर्ति पूजन का भी आयोजन किया जायेगा। सर्वप्रथम मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन का आयोजन आचार्य पंडित उमा शंकर झा एवं यजमान किरण पाठक के द्वारा वैदिक विधि से संपन्न होगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किरण पाठक, रीना मिश्रा, कुमुद झा , निर्मला झा, आशा झा, दीपा झा, पुनिता झा, राजीव झा, निशांत झा,विद्यानंद ठाकुर, बीरेंद्र कुमार झा, अमरनाथ झा, विलट पोद्दार, राज कुमार पोद्दार, अजय झा, राधेश्याम यादव, अशोक सिंह, आनंद झा अपना सहयोग कर रहें है।

### जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए छह जून तक करें आवेदन

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत, 25 छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। आवेदन 5 मई से 6 जून तक किए जा सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन करना होगा। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 6 जून है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय ई-मेल या 9955532969 पर व्हाट्सएप किया जा सकता है।

**कौन कर सकता है आवेदन :** इस योजना के तहत, झारखंड के अनुसूचित जनजाति (10), अनुसूचित जाति (6), अन्य पिछड़ा वर्ग (5) और अल्पसंख्यक समुदाय (3) के छात्र आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना का उद्देश्य राज्य के आरक्षित वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश में अवसर प्रदान करना है।चयनित छात्रों को ब्रिटेन और आयरलैंड के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री या एमफिल करने का अवसर मिलेगा।

# झारखंड से बीएलओ, वॉलेंटियर और बीएजी के 312 सदस्यों की टीम जायेगी नई दिल्ली

- ईसीआई के आईआईआईडीएम में 19 से दो दिनों तक झारखंड के निर्वाचन सम्बंधित स्टेकहोल्डर करेंगे अपना एक्सपेरिएंस शेयर
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। इसी के क्रम में झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) के 312 सदस्य की टीम अपने एक्सपेरिएंस शेयर के लिए नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में 19 एवं 20 मई के लिए जाएंगे। इस हेतु सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बैग के सदस्यों को चयनित करते हुए उनकी सूची सोमवार तक उपलब्ध करा दें जिससे अग्रतर कार्रवाई की जा सके। श्री कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने झारखंड भ्रमण के दौरान रामगढ़ के वालेंटियर एवं रांची दशम फॉल के बीएलओ से मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ हुए एक्सपेरिएंस शेयर से मुख्य चुनाव आयुक्त अत्यंत प्रभावित हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के पहल पर पहली बार देश के अन्य राज्यों के सामने झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (इअत्र्) के सदस्य लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 2024 के अपने कार्यों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड राज्य के मतदान से जुड़े स्टेकहोल्डर को यह अवसर प्राप्त हुआ है। सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) के सदस्यों को चयनित करते हुए उनके आवागमन की व्यवस्था सुनि>ित करें। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित हुये।

# सरकार से आदिवासियों का धार्मिक स्थल बचाने की मांग

**संयुक्त पहान संगठन का गांधी मूर्ति के समक्ष एक दिवसीय धरना सह प्रेस वार्ता का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संयुक्त पहान संगठन के द्वारा शनिवार को मोरहाबादी स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष एक दिवसीय धरना सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस धरना कार्यक्रम में पाहन गणों ने कहा कि केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली राम को हटाने की मांग आंदोलनकारी के द्वारा लगभग तीन महीने से जोरदार तरीके से किया जा रहा है। इतना आंदोलन होने के बावजूद भी राज्य सरकार मौन है और हमारे धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए संवेदनहीन है। इसलिए पाहनों के द्वारा आंदोलनकारी को पूरा समर्थन करती है क्योंकि आए दिन आदिवासियों के धार्मिक जमीन को जरूर छीना जा रहा है। केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली पारसनाथ पहाड़,लुगु -बुरु, दिउड़ी दिरी तमाड़,मुड़हर पहाड़ पिठौरिया को बचाया नहीं जा रहा है। हमलोगों का धार्मिक स्थल हमलोग बचा नहीं पायेंगे तो आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए पाहनों के द्वारा सिरम टोली सरना स्थल के रैंप के विषय पर पूर्ण रूप से समर्थन करती है और सरकार से धार्मिक स्थल बचाने की मांग करती हैं। मौके पर सुरेश उरांव , सुनिल उरांव, विजय मुंडा, संजू पहान, विशेश्वर पहान, आदित्य मुंडा, लक्ष्मण पहान, रामनाथ पहान, सोनू पहान,जुरा मुंडा, किरण सांगा, बिरु भुटकुमार, दीवा पहान, भोला कच्छप, रोहित पहान, अजित मुंडा, बादल मुंडा, छोटु मुंडा, अन्य पहान शामिल थे।

**यह है मांग**

1. आदिवासियों के धार्मिक आस्था को देखते हुए केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली से अविलंब रैंप को हटाया जाए।
2. आदिवासियों के धार्मिक स्थल को संरक्षित करने के लिए आदिवासी सरना धार्मिक न्यास बोर्ड का अविलंब गठन किया जाए।
3. आदिवासियों के धार्मिक जमीन, सरना, मसना, अखड़ा,हरगड़ी, पहनई,भुईहरी,डाली -कतारी,खुटकप्ती जमीन की लूट को बचाने के लिए विशेष आयोग का गठन की जाए।
4. केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली, लुगु - बुरु दिउड़ी दिरी तमाड़, मुड़हर पहाड़,सुतियाबेगढ़, पिठौरिया आदि को आदिवासी धार्मिक स्थल घोषित की जाए।
5. होने वाले जनगणना प्रपत्र में सरना आदिवासी धर्म कोड का उल्लेख की जाए।
6. राज्य के पाठ्यक्रम में आदिवासियों के रूढ़ीवादी प्रथा सरना जाहेरथान आदि विषयों पर पढाई प्रारंभ की जाए।
7. ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाकर आदिवासी भाषा संस्कृति अपने ऐतिहासिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए अनुसंधान की जाए अच्छा।

### गुरमत समागम में शबद कीर्तन कर श्रद्धालुओं का मन मोहा

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के पावन प्रकाश को लेकर आयोजित दो दिवसीय महान गुरमत समागम की शुरूआत शनिवार को हुई। इस समागम के उपलक्ष में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में पहला दीवान रात को सजाया गया। दीवान की शुरूआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सतगुर मिले त मारग दिखाइआ जगत पिता मेरै मन भाइआ.....शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन कर श्री गुरु अंगद देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और साध संगत से उनके जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। समागम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई कमलदीप सिंह चंबा ने रात 9:30 बजे से 11:00 बजे तक जिन वाडिआई तेरे नाम की ते रते मन माहि,नानक अमृत एक है दूजा अमृत नाहि......शबद गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# कोषागार में प्रतिनियुक्त कर्मियों को मूल विभाग में वापस भेजने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त विभाग ने राज्य के कोषागारों और उप कोषागारों में बड़े बदलाव की पहल की है। विभाग ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को उनके मूल कार्यालय में वापस भेजने का निर्देश दिया है, जिससे कोषागारों में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ सके। जारी निर्देश के मुताबिक, वित्त विभाग ने सभी कोषागार और उप कोषागार पदाधिकारियों को दो दिनों के भीतर इस संबंध में कार्रवाई करने और विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, विभाग ने 9 मई तक प्रतिनियुक्त कर्मियों की संपूर्ण विवरणी भी मांगी है।

**क्या है इसकी वजह**

सरकार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल रांची में हुई लगभग 23 करोड़ रुपये की अवैध निकासी के बाद उठाया गया है। माना जा रहा है कि कोषागारों में दूसरे कार्यालयों के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति इस घोटाले का एक प्रमुख कारण थी।

**क्या है नया निर्देश**

वित्त विभाग ने कोषागार और उप कोषागार पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे नियमित कर्मियों को ही यूजर आईडी दें और अन्य कार्यालयों से प्रतिनियुक्त कर्मियों का यूजर आईडी अविलंब निष्क्रिय करें। इसके अलावा विभाग ने सभी कोषागारों में भौतिक अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए एक अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) बनाने का भी निर्देश दिया है।

**ऐसा निर्देश क्यों हैं जरूरी**

यह कदम राज्य के कोषागारों में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जरूरी है। इससे भविष्य में इस तरह के घोटालों को रोकने में मदद मिलेगी और राज्य के वित्तीय संसाधनों का सही तरीके से उपयोग हो सकेगा।

### आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 154 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली अमरेंद्र अलका अभिषेक पलक अर्पना सिन्हा ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

# आवासीय योजनाओं के लिए आवास बोर्ड ने मांगा आवेदन

**इच्छुक उम्मीदवार 16 मई से 16 जून तक भर सकते हैं आवेदन फॉर्म**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड हजारीबाग और डाल्टनगंज में विभिन्न आवासीय योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इच्छुक उम्मीदवार 16 मई से 16 जून तक विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जून है।

**हजारीबाग में आवासीय योजनाएं और कीमतें**

**मध्यम आय वर्गीय फ्लैट (नव निर्मित):**

808 वर्गफीटः 22 इकाइयां, कीमत 27,31,630 रुपये

1240 वर्गफीटः 30 इकाइयां, कीमत 32,39,919 रुपये

800 वर्गफीटः 66 इकाइयां, कीमत 26,12,519 रुपये

**कमजोर आय वर्गीय फ्लैट (नव निर्मित):**

364 वर्गफीटः 103 इकाइयां, कीमत 9,24,565 रुपये

**डाल्टनगंज:**

**एमआईजी मकानः** 606 वर्गफीटः 16 इकाइयां, कीमत 33,93,150 रु.

**606 वर्गफीटः** 10 इकाइयां, कीमत 35,15,550 रुपये

**अल्प आय वर्गीय मकानः**

**330 वर्गफीटः** 40 इकाइयां, कीमत 20,12,832 रुपये

**भूखंडः मध्यम आय वर्गीर्यः** 24 इकाइयां, 1800 वर्गफीट, कीमत 20,88,000 रुपये

उच्च आय वर्गीर्यः 25 इकाइयां, 2100 वर्गफीट, कीमत 24,36,000 रुपये

**क्या है आवेदन शुल्कः**

अल्प आय वर्गीयः 2000 रुपये

- मध्यम आय वर्गीयः 3000 रुपये
- उच्च आय वर्गीयः 3000 रुपये
- आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्गीयः 1000 रुपये

**आवश्यक दस्तावेजः** आय प्रमाण पत्र, रिटायरमेंट संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पहचान पत्र और घोषणा पत्र देने होंगे।

# अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूरे देश में पहली बार अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत झारखंड ही नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है। झारखंड सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा। झारखंड सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना का स्वागत करते हुये है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कैबिनेट के सभी मंत्रियों को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के पूर्व महागठबंधन के नेताओं ने जिस तरह संयुक्त रूप से झारखंड की प्रत्येक वर्ग समुदाय की जनता को सामाजिक सुरक्षा का भरोसा दिलाया था उसे कड़ी में यह अगला कदम है। इसके पहले महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं के लिए सरकार काम कर चुकी है। अभी समाज में कई ऐसे तबके हैं, जो सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार इनके लिए भी नीति निधारीत करने की प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है। समाज के एक बड़े समूह को गिग वर्कर अपनी सेवा प्रदान करते हैं लेकिन इन्हें किसी भी तरह की सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती है, उम्मीद है आने वाले समय में सरकार इन्हें भी सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु कोई बड़ा कदम उठायेगी। सरकार की नजर हर क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों पर है और उन्हें जहां,जब और जिस स्तर पर आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता होगी उसके लिए नीतिगत निर्णय लगी

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पर आरोप लगाने वाले भाजपा नेताओं को भी आज समझ में आ गया होगा कि जनता ने चुनाव में उन्हें नकारा क्यों और हमें स्वीकारा क्यों। जनता जानती है कि हमारा विजन विकास का है जबकि भाजपा विद्वेष के सहारे सरकार चलाना चाहती है। जनता के हितों के लिए सरकार से सवाल पूछने की बजाय अपने निजी एजेंडो पूरा करने की दिशा में रोज सरकार पर सवालिया निशान खड़े करते हैं। जनता को धर्म की आग में झोंकने की कोशिश करने वाली भाजपा नेताओं को सावधान रहना झारखंड में उनकी राजनीतिक दुकानदारी पर जल्द ही ताला लगने वाला है।

# अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना वकीलों के साथ छलावा : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना एक छलावा है जो आपस में वकीलों में विवाद खड़ा कर देगा। इस पूरे प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया राज्य सरकार ने 9 करोड़ रुपए जमा किया झारखंड अधिवक्ता कल्याण फंड में और 6000 रुपए प्रति अधिवक्ता का बीमा का प्रीमियम है। इस कारण कुल 15000 अधिवक्ता ही इसमें शामिल हो पाएंगे। राज्य में 40000 अधिवक्ता हैं। ऐसे में शेष 25000 अधिवक्ता कहां जाएंगे?

झारखंड का अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में वैसे अधिवक्ता, जिन्होंने वेरीफिकेशन फॉर्म नहीं भरा है, वैसे अधिवक्ता जिन्होंने अपना लाइसेंस सरेंडर कर दिया है, वैसे अधिवक्ता जिनके लाइसेंस सस्पेंड है या वैसे अधिवक्ता जिन्होंने अपना एआईब ई की परीक्षा पास नहीं की है। वह, इस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से दूर होंगे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार जिस तरह अधिवक्ताओं के एक वर्ग को खुश करने के लिए इस प्रकार की योजना लाई है। अच्छा यह होता की ऐसी योजना में झारखंड बार काउंसिल के साथ-साथ राज्य के सभी बार एसोसिएशन की सहमति भी ली जाती है और आम अधिवक्ताओं से भी राय मांगी जाती। राज्य के बाकी बचे 25000 अधिवक्ता अब भी परेशान हैं और उससे ज्यादा वो नए अधिवक्ता परेशान हैं, जिन्होंने अभी अभी प्रैक्टिस शुरू की है। उनका नाम इस योजना में कैसे जुड़ेगा। अधिवक्ता का सबसे बड़ा समूह बार कौंसिल को इस पूरे प्रकरण से दूर रखा गया है और पूरे मामले को केवल ट्रस्टी कमेटी देख रही है।

## मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य योजना में 15000 अधिवक्ताओं को छोड़ देना अनुचित : प्रतुल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य योजना से प्रदेश के आधे अधिवक्ताओं को छोड़ देना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतुल ने कहा इस प्रदेश में लगभग 30000 से ज्यादा अधिवक्ता वर्तमान में प्रैक्टिस करते हैं। परंतु वर्तमान सरकार ने इस योजना में सिर्फ ट्रस्टी कमेटी के 15000 वकीलों को जोड़ने का निर्णय लिया है।शेष 15000 अधिवक्ता को इसका लाभ नहीं मिलेगा। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अविलंब पहल करते हुए बजट में प्रावधान को बढ़ाते हुए प्रदेश के सभी 30000 से ज्यादा अधिवक्ताओं को इसमें जोड़ना की मांग की है।

**पूरी योजना से काउंसिल को बाहर रखना दुर्भाग्यपूर्ण :** उन्होंने कहा कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल को इस पूरी योजना से बाहर रखना भी एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल इस पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं की सबसे बड़ी संगठन है। स्टेट बार काउंसिल ने भी इस पर आपत्ति की है कि उसे इस योजना से बाहर रखा गया है जो कि गैरकानूनी है। इस योजना का संचालन ट्रस्टी कमेटी को दिया गया है, जिसके अध्यक्ष महाधिवक्ता होते हैं। झारखंड स्टेट अधिवक्ता कल्याण एक्ट स्पष्ट रूप से कहता है कि ट्रस्टी कमेटी स्टेट बार काउंसिल निर्णय के आलोक में पैसा खर्च करेगी। लेकिन यहां ट्रस्टी कमेटी को संपूर्ण पावर दे दिया जाना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने इस पूरे समारोह पर भी आपत्ति करते हुए इसे स्थगित करने की मांग की थी। परंतु सरकार ने नहीं सुनी। सरकार ने सभी नए वकीलों के लिए 5000 रुपये प्रति माह की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। लेकिन यहां भी चतुराई कर दी।

# ग्राम संसद में ग्रामीण विकास के लिए नई दिशा की तलाश

## नीति निर्माण में जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्थानीय होटल में शनिवार को ग्राम संसद- झारखंड चैप्टर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया। इसमें राज्यभर से आए पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास को नई दिशा देना और नीति निर्माण में जमीनी स्तर पर भागीदारी को बढ़ाना था।

**ग्रामीण विकास के लिए सार्थक संवाद :** कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी भागीदारी की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने को गति मिलेगी और नीति निर्माण में जमीनी स्तर पर भागीदारी को बढ़ाना और योजनाओं की पहुंच को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से सुनिश्ति करने में भी मदद मिलेगी।

**ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करने की मांग :** ग्राम संसद के दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा हुई। ग्राम सभाओं की भूमिका को और सशक्त करने और उनकी संस्तुतियों को योजनाओं में प्राथमिकता देने की मांग उठी। योजनाओं की निगरानी में समुदाय की भागीदारी पर जोर दिया गया। मनरेगा, पीएमएवाई व अन्य योजनाओं में पारदर्शिता के लिए सामाजिक ऑडिट की भूमिका को भी उल्लेखित किया गया।

**महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व पर चर्चा :** महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व पर भी चर्चा हुई। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी को केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि निर्णयकारी भूमिका में लाने की बात उठी। डिजिटल ग्राम संसद की संकल्पना का भी विषय आया, जिसमें तकनीक के माध्यम से राज्य स्तर पर जमीनी मुद्दों की सीधी रिपोर्टिंग की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

### नियमित अंतराल में आयोजित होगी ग्राम संसद

कार्यक्रम के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की ग्राम संसद अब राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आश्वासन दिया कि वे विधानसभा स्तर पर इन चचाओं में आए सुझावों को सरकार के समक्ष रखने का कार्य करेंगी।

## पीड़िता ने लोअर बाजार थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

**रांची।** शादी करने का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी प्रेमी आशुतोष के खिलाफ लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**क्या है मामला :** लोअर बाजार थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसकी सोशल मीडिया के जरिये लोअर बाजार क्षेत्र में रहनेवाले आशुतोष से दोस्ती हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। दोनों करीब 10 वर्षों से लिव इन में रह रहे थे। आरोपी हॉस्टल का संचालक है। अब आरोपी शादी करने से इनकार कर रहा है।

# प्रदेश भाजपा ने मनाया रघुवर दास का जन्मदिन, पूजा-अर्चना के बाद काटा केक




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा ने पहाड़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और भगवान भोले शंकर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। पुजारी मुन्ना भारद्वाज ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना करायी। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल ने पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर छोटे बच्चों के साथ केक काटा। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों के बीच फल, मिठाई और बिस्कुट वितरित किये। हालांकि राज्य के पूर्व सीएम और भाजपा नेता अर्जुन मुंडा का भी जन्मदिन मनाया गया। यूं कहें, कि झारखंड भाजपा के दो दिग्गजों का शनिवार को जन्मदिन मनाया गया।

इसके अलावा, उन्होंने बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, फल और बिस्कुट भी बांटे। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला मंत्री शुभम जायसवाल, रिंकू साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, उदय चौधरी, अविनाश राय, प्रिंस कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत सहित कई अन्य नेता पहुंचे झिमड़ी गांव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछले दिनों सरायकेला-खरसावाँ जिले के झिमड़ी गाँव में रीता महतो नाम की एक युवती का तस्लीम अंसारी द्वारा जबरन अपहरण कर धर्म परिवर्तन की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर शनिवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत ने जुगीलौंग पहुंचकर घटित घटनाओं की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों से मिलकर प्रशासन से हर संभव सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयसिंह देव , जिला महामंत्री मधु गोराई , जिला मंत्री मनोज तिवारी , वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू वर्मा ,अनिता पारित,अनिल सिन्हा ,चंद्र मोहन दास, युधिष्ठिर महतो , मुखिया दयमंती मुंडा, सुमन मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष प्रभात पोद्दार , मोतीलाल कुंभकार , फटिक गोराई , भरतचंद्र महतो ,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्पीच प्रतियोगिता के माध्यम से विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता होती है विकसित : शर्मा

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में स्पीच प्रतियोगिता आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में शनिवार को स्पीच कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस कॉम्पिटिशन में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं को तीन ग्रुप (ए, बी और सी) में बांटा गया था तथा स्पीच के लिए वैकल्पिक टॉपिक दिए गए थे- जैसे पहलगाम आतंकी हमला, रोड सेफ्टी, चाइल्ड लेबर, अर्थक्वेक, मेरा स्कूल इत्यादि । बच्चों ने उत्सुकता के साथ दिए गए टॉपिक पर स्पीच दिये। अनन्या कुमारी के द्वारा पहलगाम टेररिस्ट अटैक पर स्पीच देते हुए उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की आंखें नम हो गई थी तथा सभी ने शाहिद सैलानियों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा।

मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति के अंदर कितना ज्ञान सम्माहित है, यह बड़ी बात नहीं है। परन्तु वह निहित ज्ञान को प्रखरता के साथ प्रस्तुत कर पाता है या नहीं यह महत्व रखता है। वहीं विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि स्पीच कॉम्पिटिशन करवाने का उद्देश्य यह है कि बच्चों के अंदर वाचन कौशल की कुशलता को विकसित किया जा सके, ताकि बच्चे अपनी बातों को किसी के सामने रखने में घबराएं नहीं। मौके पर देखा गया कि लगभग सभी बच्चों को स्पीकिंग स्किल में दक्षता प्राप्त है। सभी उक्त विंदू पर कई महत्वपूर्ण तथ्यों को भी रखा जिसका अंदाज काफी सराहनीय था ।निर्णायक मंडली में शिक्षिका अनामिका छेत्री, निधि कुमारी, किरण कुमारी एनिमा इक्का सुधा राणा थी। मौके पर विजयी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य ने सम्मानित किया। विजयी छात्र-छात्राओं के नाम क्रमशः अनन्या कुमारी,अभिषेक कुमार, प्रियंगी, इंसाफ आतिफा, शौर्य सिंह, सृष्टि कुमारी,दिव्यांशी कुमारी, अदिति कुमारी सोनू कुमार स्वीटी कुमारी हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका मोनी बाला शर्मा, किरण कुमारी,अनीमा एका,अनामिका छेत्री, निधि कुमारी एवं अन्य शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित सभी स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

# द कराटे एकेडमी की काजल खेलो इंडिया यूथ गेम में खेलेगी गतका



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा, पांकी रोड़ स्थित द कराटे एकेडमी की काजल कुमारी का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम में किया गया है। खिलाड़ी का हौसला अफजाई करने के लिए पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी द कराटे एकेडमी में पहुंचे। गतका खिलाड़ी काजल कुमारी से मिलाकर उन्होने बधाई देते हुए कहा कि काजल अभी दिल्ली में आयोजित 68वां नेशनल एसजीएफआई में भाग ली थी और वहा उनसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पलामू जिला को गौरवान्वित किया है। और अब ये दूसरी बार पलामू गतका संघ की ओर खेलो इंडिया में भाग लेने जा रही है।

खेलो इंडिया यूथ गेम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है उन्होंने भारत के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की शुरुआत की थी और आज पलामू जिला से गतका खिलाड़ी इस खेल में भाग लेने जा रहे है। यह पलामू जिला गतका संघ के लिए गर्व की बात है। वहीं पलामू गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा बिहार के बौद्ध गया में भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन 3 मई से 7 मई तक किया जा रहा है।

जिसमें द कराटे एकेडमी की खिलाड़ी काजल कुमारी का चयन हुआ। काजल के पिता ओम प्रकाश कुमार सीआरपी एफ में है। जो की वर्तमान में श्री नगर में पोस्टिंग है। काजल संत जेवियर स्कूल की 10 वी कक्षा की छात्र है यह अपने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मौके पर पलामू गतका संघ के सह सचिव दीपेंद्र सिंह, द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के कोच अमरेश कुमार मौजूद थे।

# मजदूरों की दयनीय स्थिति पर उठा सवाल, एकजुट संघर्ष का आह्वान




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मजदूरों की हालत दयनीय है, विशेषकर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत निर्माण मजदूरों की। उनके बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ तक नहीं मिल पाता, जबकि केरल जैसे राज्यों में आंगनबाड़ी, मनरेगा और अन्य कल्याणकारी योजनाएं मजदूरों को आसानी से उपलब्ध होती हैं। वहां के मजदूर संगठित हैं, इसलिए उन्हें अधिकार मिलते हैं। उक्त बातें ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन मजदूर यूनियन के महासचिव कामरेड विजयन कुनसेरी ने पलामू क्लब में आयोजित मजदूर सभा को संबोधित करते हुए कही। यह सभा झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन, मेदिनीनगर नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन और अन्य मजदूर संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। सभा की अध्यक्षता गौतम कुमार एवं संचालन राजीव कुमार ने किया। मंच पर उपस्थित अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव केडी सिंह, इप्टा झारखंड की आलोका, नगर निगम सफाई कर्मी यूनियन के अध्यक्ष विष्णु कुमार, माले नेत्री दिव्या भगत, भाकपा नेत्री सुषमा देवी, इप्टा के प्रेम प्रकाश, गोविंद प्रसाद और मजदूर यूनियन के मनोज तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर एटक सचिव राजीव कुमार, दिव्या भगत, गौतम कुमार समेत कई लोग शामिल थे। सभा के पूर्व रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में इप्टा के कलाकारों प्रेम प्रकाश, धीरेंद्र कुमार और संजीव कुमार संजू ने जनवादी गीत प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया।

## ट्रैक्टर पलटा, दबने से चालक की मौत

**पाटन/छतरपुर।** पलामू में शनिवार की सुबह ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक परदेशी भुइयां (32) की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव में सुबह करीब 5:30 बजे हुई, जब परदेशी बालू गिराकर लौट रहा था। जैसे ही वह डाली घाटी के पास पहुंचा, ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और परदेशी इंजन के नीचे दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

## बाइकों की टक्कर में बच्ची की मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** डालटनगंज पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप शनिवार सुबह दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे 6 साल की बच्ची अंजनी की मौत हो गयी, जबकि उसके माता-पिता भलमंडा के अमित कुमार (30) पत्नी सुनीता देवी (25) समेत पांच जख्मी हो गये।

**खबर एक नजर में**

## अज्ञात युवक का शव बरामद, मामला दर्ज

पुलिस ने शनविार को थानाक्षेत्र के चरणाबेडा स्थित एवरेस्ट कंपनी के गेट समीप एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि चैकीदार सुखराम स्वांसी के द्वारा उन्हे सूचना मिली दी गयी कि एवरेस्ट कंपनी के मुख्यद्वार समीप एक षव पडा हुआ है, मृतक ने काले रंग का शर्ट और ब्लू रंग की जिन्स पहनी हुई है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया। पुलसि ने चैकीदार के ब्यान पर अज्ञात वाहन पर टक्कर मार देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक शिनाख्त नही हो सकी है।

## संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक


बैठक में शामिल कार्यकर्ता।

इटकी। आगामी 6 मई को रांची में होने वाले संविधान बचाओ रैली को लेकर शनिवार को इटकी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक रमेश महली की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में हुई। बैठक में रैली को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया और इटकी प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में रैली में शामिल होने की बात कही गयी। बैठक में इटकी प्रखंड कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फ्रांसिस्का केरकेट्टा, अबुमाज, शिशु गोप, मंजर अंसारी, रहमान अंसारी, सुनीता कुजूर, स्वेता मिंज, रूपा देवी, नुसरत बेगम, उषा देवी, कौशल्या कुमारी, प्रभा देवी, संगीता टोप्पो, जीनत परवीण व निमाजन सहित अन्य मौजूद थे।

## घायल हाथी का सफलतापूर्वक किया गया ट्रीटमेंट



राहे। लोवाहातू गांव के समीप हितजारा जंगल में शुक्रवार रात तक घायल हाथी को सफलतापूर्वक इंजेक्शन लगाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। डॉर्ट गन इंजेक्शन में दवा डाल कर फायर किया गया। इंजेक्शन की दवा घायल हाथी में प्रवेश कर प्राथमिक इलाज किया गया। दवा के प्रभाव से हाथी धीरे धीरे स्वास्थ हो जायेगा। इस पूरे ऑपरेशन में बुंडू रेंज के आरएफओ सुरेंद्र कुमार, और पलामू के अनुभवी पशु चिकित्सक डॉ सुनील कुमार की टीम के साथ बुंडू रेंज के वनपाल, वनरक्षी, हाथी मित्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे ऑपरेशन में ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी लापुंग सड़क पर शुक्रवार की रात करीब 9 :00 बजे स्कूटी सवार लगभग 30 वर्षीय प्रखंड के नेहालु अंबा टोली गांव निवासी रंथु महली अपने स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायल स्कूटी सवार रंथु महली को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां घायल स्कूटी सवार रंथु महली का बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गया। सड़क दुर्घटना में घायल रंथु महली की हुई मौत के बाद परिजनों में पत्नी रश्मि देवी समेत पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वही घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रंथु महली अपने स्कूटी में सवार होकर लापुंग की ओर से अपने गांव बेड़ो प्रखंड के नेहालु अंबा टोली आ रहे थे। इसी दौरान बेड़ो और लापुंग थाना सीमावर्ती क्षेत्र में रंथु महली अपने स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद रंथु महली की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

मांडर। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर पर स्थित ब्राम्बे के निकट शुक्रवार की देर रात हुई सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 35 वर्षीय एक व्यक्ति ब्राम्बे चौक से गुजर रहा था इसी दौरान उसे एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो पाई थी मांडर पुलिस के अनुसार उसके पॉकेट से कोई आईडी भी नहीं मिली है। वहीं दूसरी ओर ब्राम्बे ठाकुरगांव पथ पर मामा ईट भट्ठा के निकट हुए सड़क हादसे में बरगड़ी निवासी 17 वर्षीय विशेष उरांव घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वह बाइक से काम करने ठाकुर गांव जा रहा था इसी दौरान उक्त स्थान के निकट एक ऑटो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे भी रिम्स रेफर किया गया है।

## प्रशिक्षण ले रहे एएसआई की सड़क दुघर्टना में मौत

टाटीसलिवे। थानाक्षेत्र के जैप टु में प्रषिक्षण ले रहे एएसआई की सडक दुघर्टना में मौत हो गयी। घटना टाटीसिलवे थानाक्षेत्र के रिंगरोड पर सरला बिरला स्कूल समीप की है। मामले में मृतक एएसआई रवन्द्रिनाथ स्वांसी की पत्नी लीलावती देवी ने टाटीसिलवे थाने में आवेदन देकर गेल इंडिया के गैस वाहन के चालक इन्द्रदेव कुमार यादव पर गलत दिषा में तेजी और लापरवाही से गाडी चलाते हुए उनके पति की बाईक को टक्कर मारकर घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामले में थानेदार रंजीत प्रसाद ने बताया कि मृतक एएसआई की पत्नी द्वारा मामले में आवेदन दिया गया जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई षुरू कर दी है।

## देह व्यापर की सूचना पर होटल में छापेमारी



रातू। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की शाम करीब तीन बजे काठीटांड़ चौक स्थित होटल ओयो में छापेमारी कर मकान मालकिन और पिर्रा भवानी नगर निवासी सीतामणी देवी समेत पांच जोड़ी को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये युवक-युवती 18 साल से अधिक उम्र के हैं। वह अलग-अलग जगह के बताये जा रहे हैं। उनसे पूछताछ की गयी। लेकिन, देह व्यापार की पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद उनके परिजनों को थाने बुलाकर पीआर पर उन्हें छोड़ दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, होटल के बाहर पुलिस की गाड़ी देख सीतामणी का पुत्र शैलेंद्र कुमार सोनी समेत कई लोग फरार हो गये। चेहरे ढंके होने की वजह से उनकी पहचान नहीं हो सकी। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि होटल में भोजन की व्यवस्था है। लोग खाना-खाने आये थे।

## राधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर महाआरती का आयोजन


महाआरती मे शामिल भक्त।

ठाकुरगांव। ठाकुरगांव बैंक मोड़ स्थित राधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक सुरेश बैठा, खलारी डीएसपी पी के चौधरी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझु, कांगेस के वरीय नेता सुनील सहाय,अशोक साहु समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर बनारस से आये पंडितों ने महाआरती कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्म का संचार होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोपाल तिवारी, पवन जायसवाल, प्रमोद शाहदेव, शहानन्द गोप, बलराम साहु, अमित साहु आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### साइबर अपराधियों ने कटहल मोड़ में दिया घटना को अंजाम

# धोखाधड़ी कर एटीएम से 1.30 लाख की निकासी

- अज्ञात के खिलाफ केस
- पुलिस कर रही है जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ स्थित एसबीआई की एटीएम से धोखाधड़ी कर 1 लाख 30 हजार रुपये की निकासी कर लिये जाने की बात सामने आयी है। घटना 27 अप्रैल को दिन के करीब 11 बजे की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी 62 वर्षीय संतोष सिंह की ओर से रातू थाने में एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वह आर्मी के सेवानिवृत्त कर्मी हैं। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**कैसे घटी घटना**

श्री सिंह सिमलिया दलादिली रोड स्थित अनन्या सिटी के रहने वाले हैं। वह जरूरी काम के लिये रुपये निकालने एसबीआई के एटीएम पहुंचे। बैंक खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है, जिसका नंबर 16086-75693 है। मशीन में कार्ड डाला। लेकिन, रुपये नहीं निकले और फंस गया। वहां एक अज्ञात व्यक्ति खड़ा था। उसने 7684809918 से मदद लेने का सुझाव दिया। रिंग होने पर उसने इंटर बटन को दबाने की बात कही। यह भी कहा कि संडे है आज काम नहीं होगा।

**थक-हार कर गये घर**

इसके उपरांत, वह घर चले गये। उन्होंने एटीएम को बंद कराने की सोची। 20- 25 मिनट बाद उनके मोबाइल पर 1.30 लाख निकासी का मैसेज आया, तो उनके होश उड़ गये। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना थानेदार आरएन सिंह को दी। अगले दिन श्री सिंह ने बैंक स्टेटमेंट निकाल थाने आये और इसकी लिखित जानकारी देकर कार्रवाई की गुहार लगायी।

# व्हाट्सएप कॉल व एसएमएस की खबरों से टीएसपीसी संगठन का कोई लेना देना नहीं

- टीएसपीसी के नाम पर सोशल मीडिया में फैलाया जा रहा है भ्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। एक ओर कोयलांचल में टीएसपीसी के नाम पर कोल व्यवसायियों को व्हाट्सएप कॉल व एसएमएस के द्वारा कोल डंप से 110 रुपये की मांग कर दहशत फैलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी सीमांत के जोनल कमिटी रमेश जी ने प्रेस विज्ञप्ति कर अपना सफाई दी। टीएसपीसी के प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कोलव्यवसायियों व ठेकेदारों को भ्रम फैलाया जा रहा है। बताया कि बीते दिनों कल्याणपुर पुरनाडीह में टीएसपीसी संगठन के नाम से जो प्रेस नोट जारी किया गया था। उसमें संगठन का कोई हाथ नहीं है। अभी क्षेत्र के कोल व्यवसायियों को संगठन के नाम से झूठा प्रचार किया जा रहा है। जो कि किसी सफेदपोश अपराधी विराट जी के नाम से प्रेस रिलीज किया जा रहा है। जबकी संगठन में किसी विराट जी के नाम से कोई व्यक्ति का क्षेत्रीय जिम्मेवारी नही दिया गया है। संगठन के ही पुराने लोग जो संगठन को छोड़ कर अपने निजी जीवन के आड़ में सफेद पोस बन कर बैठे भ्रामक प्रेस विज्ञाप्ती रिजिल कर रहे है उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान में ऋषिकेश जी को संगठन ने अशोका, पिपरवार, पुरनाडीह, चुरी, खलारी से चंदवा बालूमाथ का प्रभारी बनाया गया है। अरबीन्द जी जो की बुड़मु पिठोरिया से चामा तक का प्रमारी है। दिवाकर जी जो बड़कागांव से पतरातु उरीमारी का प्रभारी है। सुरेश जी उर्फ गुरुजी हजारीबाग क्षेत्र का प्रभारी हैं। दिनेश जी अम्रपाली, चट्टी बारीयातु, पगार, टण्डवा उत्तरी का प्रभारी बनाया गया है। टीएसपीसी ने किसी विराट जी से कोई लेना देना नही है।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने किया गेट मीटिंग

खलारी। डकरा व चुरी परियोजना में संयुक्त श्रमिक संगठन उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र ने शनिवार को परियोजना कामगारों के बीच गेट मीटिंग कर क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता गोल्डन प्रसाद यादव और संचालन शैलेश कुमार ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने असैनिक विभाग, विद्युत एवं यांत्रिक बिभाग, मेडिकल सुविधा सहित कई समस्याओं को उठाते हुए चर्चा किया। साथ ही गेट मीटिंग के दौरान विशेष रूप से बायोमैट्रिक से हाजरी बनाने को लेकर एक स्वर में सभी श्रमिक संगठनो के प्रतिनिधियों ने विरोध किया। वहीं कहा गया कि एनके प्रबंधन को बायोमैट्रिक से हाजरी बनाने के फैसले को वापस लेने कि मांग को लेकर जल्द ही एक मांग पत्र दिया जाएगा। गेट मीटिंग में सुनील कुमार सिंह, कृष्णा चौहान, शैलेन्द्र कुमार सिंह, पिंकू सिंह, लखन गंझू, टुपा महतो, हलीम खान, सहित दोनों परियोजना में काफी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवालस केदल में ग्रामप्रधान का उपचुनाव

## नीलमोहन मुंडा बने केदल के ग्रामप्रधान


ग्रामप्रधान निलमोहन मुंडा का स्वागत करते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। पंचायत सचिवालय केदल के सभागार में शनिवार को ग्रामप्रधान का उपचुनाव कराया गया। वोटिंग से हुए चुनाव में सुभाष पाहन, निर्मल पाहन व निलमोहन पाहन सहित तीन प्रत्यासी मैदान में थें। जिनमें नीलमोहन मुंडा ने निकटतम प्रतिद्वंदी सुभाष पाहन को 52 मतो से हराकर केदल का नया ग्रामप्रधान बन गया। बताया गया कि केदल के ग्रामप्रधान बीरबल पाहन के निधन हो गई है। जिसके बाद से केदल का ग्रामप्रधान पद खाली था। जिसके बाद आज उप-चुनाव कराया गया। चुनाव से पूर्व, शुरू में आपसी सहमति से एक को ग्रामप्रधान बनाने का प्रयास किया गया। तीनों में सहमति नही होने पर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। कुल 1470 में 527 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें नीलमोहन मुंडा को 211 वोट मिले, वहीं सुभाष पाहन को 159 व निर्मल पाहन को 148 वोट प्राप्त हुए। चुनाव के बाद पंचायत सचिव संगीता कुमारी व मुखिया राहुल मुंडा द्वारा नीलमोहन मुंडा को विजय होने की घोषणा की गई। वहीं निलमोहन मुंडा के ग्रामप्रधान बनने पर उपस्थित उसके समर्थकों में खुशी जताया गया। वहीं कई लोगों ने निलमोहन मुंडा को फुलमाला व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## वाहन की चपेट में आने से पति-पत्नी घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के राची गुमला मुख्य मार्ग में बायपास सड़क के समीप छापर के निकट हाथी क्रॉसिंग पुल के पास शुक्रवार की रात हीरो होंडा स्प्लेंडर सवार पति-पत्नी क्रमशः 48 वर्षीय मंगरा महतो पिता स्वर्गीय सरजु महतो एवं 44 वर्षीया रेणु देवी दोनों पिस्कानगड़ी निवासी को एक अज्ञात वाहन ने बुरी तरह टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बेडो के समाजसेवियों क्रमशः उत्तम गोप एवं विष्णु उरांव घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने बेड़ो के पुलिस प्रशासन को खबर की। जिसके बाद बेड़ो पुलिस की मदद से उन्होंने दोनों घायलों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ सोनू सोनल बरवार ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पोकलो डोढ़हा के निकट एक महतो परिवार में शादी समारोह में भाग लेने के बाद वापस नगड़ी लौट रहे थे तभी पीछे से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन मौके से भाग निकला।

# पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी से शिक्षा अभियान रथ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता




खलारी। प्रखंड संसाधन केंद्र अन्तर्गत पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी से शिक्षा अभियान रथ को रवाना किया गया। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अध्यक्ष मोनू रजक और विधायक प्रतिनिधि शिक्षा (विभाग) गोपाल सिंह ने मिल कर शिक्षा अभियान रथ को रवाना किया। बीपीओ सवीर्नाथ वौरसिया ने बताया कि रुवार स्कूल 2025 के अंतर्गत 10 मई तक चलने वाला नामांकन अभियान के तहत शिक्षा अभियान रथ को रवाना किया गया है। यह रथ खलारी प्रखंड के गांव-गांव और टोला मोहल्ला में जाकर बच्चों का नामांकन करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करेगा। उन्होने बताया कि इस अभियान से विद्यालयों में बच्चों का नामांकन में बढ़ोतरी होगी। वहीं बताया कि आज से विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर कांग्रेस खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी, गिरधर मिश्रा, सुमन सिंह, बाबी गुप्ता, नीतीश कुमार, सतीश कुमार, ससोधर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# कलियुग में श्रीराम नाम से होगी मोक्ष की प्राप्ति

## ओरमांझी में श्रीराम कथा का दूसरा दिन

- भगवान शिव से मिलती है गृहस्त जीवन की सीख
- अतिथियों को मिले मां सरस्वती प्रतिमा सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता


अतिथियों को प्रतिमा देकर सम्मानित करते हुए।

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू में नवनिर्मित श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीराम कथा में वृंदावन के कथा वाचक श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने स्वर्ग व नरक की सुंदर व्याखा बताई। उन्होने कहा मनुष्य अपनी अज्ञानतावश व भौतिक सुख के लिए दुराचार, पापाचार व्यभिचार व भ्ष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं, उन्हे नरकीय जीवन यापन करना पड़ता है। वैसे लोग परमात्मा तक नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होने कहा कलियुग में श्रीमद् भागवत व श्रीरामचरित मानस रूपी गंगा ही, मनुष्य को इस भवसागर से पार व आत्मा का परमात्मा से मिलन करा सकती है। स्वर्ग की प्राप्ति का भी यही मार्ग है। इस कलियुग में केवल राम नाम और सत्संग ही मोक्षाधार है। उन्होने मनुष्य जीवन में गृहस्त जीवन को भी महत्वपूर्ण बताया। कहा गृहस्थ जीवन व पति पत्नी के मध्य सम्बंध कैसा होने चाहिए, पत्नी यदि हठ करें, तो उसे कैसे समझाना चाहिए यह सभी गुण हमें भगवान शिव से सीखने को मिलता है। उन्होने कहा यदि पत्नी न माने तो भगवान पर छोड देना चाहिए, गृहस्थ जीवन में तनाव खडा करने से कुछ लाभ नहीं होता है। कौन सी बात पत्नी को बताना व कौन सी बात नहीं बताना चाहिए, इसकी जानाकरी देते हुए कहा पिता के घर, मित्र के घर, स्वामी के घर व गुरु के घर बिना बुलाए भी जाना चाहिए। वहीं जब कोई समारोह हो तो बिना निमंत्रण नहीं जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में अपमानित होने के अलावा कुछ भी नहीं मिलता। बाद में श्रीरामकथा सुनने पहुंचे अतिथियों को आयोजन समिति के ओर से श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, रणधीर चौधरी, नरेंद्र कुमार, दिलीप मेहता, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, अमित राज, नीतीश साहू, दुगार्शंकर साहू, भुषण कुमार, विनोद सिंह, संजय साहू, विशाल व प्रकाश सहित काफी संख्या में महिलाएं व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें।

# अनगड़ा में विभिन्न विकास योजनाओं का रिया तिर्की ने किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। प्रखंड विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप की धर्मपत्नी रिया तिर्की द्वारा कई विकास योजनाओं का अधारशीला रखी। उन्होंने नवागढ़ पंचायत के मड़ई टोली में सरईअम्बा से पूरबटोली तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास , हेसातु में हुण्डरू फॉल पथ से पिपराटोली स्थित महेन्द्र भोक्ता के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, लुपूंगजारा स्थित जीपीएस विद्यालय में शौचालय निर्माण तथा साल्हान गांव में प्राचीन दुर्गा मंदिर से कुन्दन महतो के घर होते हुए मठ तालाब तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर श्रीमति रिया तिर्की ने कहा कि हमारा हर एक प्रयास समाज और पंचायतों के ग्रामवासियों के हित में है। सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं सशक्त गांव की नींव होती हैं। उन्होंने कहा कि विधायक राजेश कच्छप जी के कुशल नेतृत्व में अनगड़ा क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर में मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा, प्रखंड अध्यक्ष एतवा उराँव, प्रमुख दिपा उराँव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, राजेन्द्र मुण्डा, सकिर अंसारी, रेजाक अंसारी, युनूस अंसारी, छोटेलाल महतो, आलम अंसारी, किशोर करमाली, कुलेश्वर मुण्डा सहित कई लोग मौजूद थे।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक 270(i)/दिनांक 24.04.2025 के द्वारा अतिअल्पकालीन नीलामी हेतु प्रकाशित की गई थी जिसका PR No. 351431 (Lohardaga) 25-26 (D) है, जिसमे नीलामी की तिथि भूल वश अंकित नही हो पाई थी। अतः नीलामी की तिथि 08.05.2025 समझा जाय।

अंचल अधिकारी,
कुडू (लोहरदगा)
PR 351601 Lohardaga (25-26)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268, दिनांक- 11.02.2025 आलोक में Factory Formulated Extruded Mash feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं से Factory Formulated Extruded Mash feed के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक- 13.05.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन दिनांक- 13.05.2025 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपविकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी।
निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट /w.w.w.simdega.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा
PR 351593 Simdega (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना 10/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 19.05.2025 को अप0 12.00 बजे तक।
निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 20.05.2025 के अप0 2.30 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 20.05.2025 के अप0 3.00 बजे से।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं-2ए राँची का कार्यालय।
(ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
निविदा प्राप्ति का स्थान :-कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
कार्य विवरणी :-

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Common Toilet and Anti Termite Treatment of Main Building in Civil Court, Simdega. | 16,39,000.00 | 32,800.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |

निविदा की शर्तें-WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
PR.NO.351577 Simdega(25-26):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-06/2025-.26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 09.05.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai tand, Panchayat - Punai , Block- Daru Dist- Hazaribag (20360060603) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 2. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai, Panchayat - Punai , Block- Daru Dist- Hazaribag(20360060602) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 3. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Basariya -01, Panchayat - Panchmadhav , Block- Barhi, Dist- Hazaribag (20360020401) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 4. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Basariya -02, Panchayat - Panchmadhav , Block- Barhi, Dist- Hazaribag (20360020402) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 5. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Bahoranpur, Panchayat - Gurhet , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080225) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 6. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Turoan, Panchayat - pouta , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080219) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 7. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Pundri, Panchayat - Meru , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080518 | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 8. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Koen, Panchayat - Jinga , Block- DARU, Dist- Hazaribag (20360080525) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 9. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, Masipidhi, Panchayat-Nayakhap, Block:- Sadar, District- Hazaribagh.(20360080301) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 10. | Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra, Birbir, Panchayat- Oriya, Block:- Sadar, District- Hazaribagh. .(20360080327) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 11. | Deep Boring and Electrical work inAanganbadi Kendra, Chano-01, Panchayat- Baheri, Block:- Sadar, District- Hazaribagh. .(20360080212) | 340200/- | 7000/- | 750/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 351585 (Building)25-26*D

समय संवाद

# पांच भागों में टूटने की कगार पर पाक

**पांचवा गृह युद्ध- कर्ज जाल में फंसा पाकिस्तान**

पाकिस्तान इस समय कर्ज के जाल में भी बुरी तरह फंस चुका है। लगातार पैसे मांगने की आदत ने पाकिस्तानी सरकार के खजाने को तो खाली किया ही है, इसके अलावा वहां की जनता पर महंगाई की जबरदस्त मार भी पड़ी है। पाकिस्तान को कर्ज का भारी भरकम बोझ जिन देशों को चुकाना या सेटल करना है उनमें सऊदी अरब (5 बिलियन अमरीकी डॉलर), चीन (4 बिलियन अमरीकी डॉलर), यूएई (3 बिलियन अमरीकी डॉलर) और कुवैत (700 मिलियन अमरीकी डॉलर) से हैं।

पाकिस्तान की हालत ज्यादा खराब इसलिए भी चल रही है क्योंकि उसके पास सिर्फ तीन महीने से कुछ ज्यादा समय के लिए देश चलाने का पैसा बचा है।

**पहला गृह युद्ध- बलूचिस्तान में बवाल**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कई दशकों से आजादी की लड़ाई छिड़ी हुई है। यहां के लोग पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। यह एक ऐसा इलाका बन चुका है जहां पर पाकिस्तान की सेना भी जाने से कतराती है। इस पूरे इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी का बोलबाला रहता है, यह संगठन ना सिर्फ आजादी की लड़ाई लड़ रहा है बल्कि समय-समय पर पाक सेना पर भी हमले करते रहता है। इस संगठन के अलावा बलोच लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी और बलोच रिपब्लिकन आर्मी भी सक्रिय है।

असल में बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, प्राकृतिक संसाधन का धनी यह इलाका हमेशा से ही विकास से वंचित रहा है। यहां के लोगों को ना रोजगार मिला और ना ही गरीबी से ऊपर उठने का सही मौका। इसके ऊपर पाकिस्तान पर आरोप लगता है कि इसने अपने फायदे के लिए बलूचिस्तान के संसाधनों का दुरुपयोग किया है, वहां की जनता को परेशान किया है। नाराजगी की वजह यह भी है कि पाकिस्तानी संसद में बलूचिस्तान का प्रतिनिधित्व 6 फीसदी है।



**दूसरा गृह युद्ध- खैबर पख्तूनख्वाह में बवाल**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह इलाके में भी लंबे समय से अशांति चल रही है। यहां पर दो सबसे बड़ी चुनौतियां चल रही हैं, एक रही आतंकवाद और दूसरी रही आम जनता की नाराजगी। इस इलाके में भयंकर गरीबी है, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक 48 फीसदी के करीब आबादी गरीबी रेखा से नीचे चल रही है। पाकिस्तान के अंदर ज्यादातर जो भी आतंकी हमले होते हैं, उसके तार इसी इलाके से जुड़ते हैं। खैबर में दो आतंकी संगठन सक्रिय चल रहे हैं- तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रोविंस।

ये दोनों ही आतंकी संगठन पाकिस्तान में शरिया कानून चाहते हैं, पूरे खैबर पख्तूनख्वाह इलाके में उन्हें अपना कब्जा चाहिए और पाक सेना पर हमला करते ही रहते हैं। इस समय खैबर पख्तूनख्वाह में पश्तून तहाफूज आंदोलन भी चल रहा है। असल में इस इलाके की जनता एक हाईड्रो प्रोजेक्ट का जमकर विरोध कर रही है, यहां के लोगों की जमीन तो प्रोजेक्ट ली, लेकिन उन्हें मुआवजे का पैसा नहीं दिया गया।

**तीसरा गृह युद्ध- गिलगित-बालिस्तान में बाल्टिस्तान**

पाक अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके में भी जनता जमीन पर उतर चुकी है, पाक सरकार की जमकर फजीहत हो रही है। चेतावनी तक दी गई है कि अगर पाकिस्तान ने यहां आकर एक इंच जमीन पर भी कब्जा किया तो उनकी कब्र यहीं पहाड़ों पर बना दी जाएगी। असल में गिलगित-बाल्टिस्तान में लोग खनिज, जमीन और बिजली संकट को लेकर पाकिस्तान सरकार को जमकर कोस रहे हैं, उन पर गंभीर आरोप लगे हैं। हथियारों के साथ आंदोलन करने की बात कही जा रही है।

चौथा गृह युद्ध- सिंध-पंजाब में बवाल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में भी इस समय बवाल की स्थिति है। वहां पर विवादास्पद चोलिस्तान नहर परियोजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये परियोजना सेना समर्थित ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव (जीपीआई) का हिस्सा बताई जा रही है। अब क्योंकि सिंध और पंजाब क्षेत्र में जल बंटवारे को लेकर संघर्ष बढ़ता जा रहा है, इसी वजह से वहां पर लोग आमने-सामने आ चुके हैं। हिंसक प्रदर्शन में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

**भारत की सेना कितनी ताकतवर है?**

असल में पाकिस्तान इस परियोजना के जरिए रेगिस्तानी भूमि में सिंचाई करना चाहता है। कुल छह नहरे हैं- सिंधु से पांच और भारत नियंत्रित सतलुज से एक। इनके जरिए ही सिचाई को व्यापक स्तर तक पहुंचाने की कोशिश है। लेकिन एक तरफ पाकिस्तान को भारत ने इंडस वाटर ट्रीटी से पीछे हट झटका दिया है, इसके ऊपर इस परियोजना को लेकर कहा जा रहा है कि इससे जल संकट और ज्यादा गहरा सकता है।

# संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं

-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**समय** से हटकर कोई निर्णय नहीं हो सकता है। सब कुछ समयबद्ध होता है। संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं है। भक्ति के लिए भी समय निकालना होता है। भक्ति सदैव सुख प्रदान करती है और हर व्यक्ति की चाह सुख पाने की होती है। सवाल निष्ठा का है। आपकी निष्ठा जितनी मन,तन कर्म, वचन से मजबूत होगी आपको उतना ही आनंद प्राप्त होगा। अहिरावण ने जब राम लक्षमण का अपहरण कर लिया तो हनुमान को छोड़ सभी निराश थे। लेकिन हनुमान की निष्ठा थी उन्होंने अहिरावण से राम-लक्षमण को मुक्त कराया। जिसकी चाह होती है जो चाह होती है वही उसे प्राप्त होता है। भक्तों में हनुमान श्रेष्ठ हुये। प्रेम में राधा की तुलना किसी से हो ही नहीं सकती है।

राधा ने पत्नी बनने की चाह नहीं की, रानी बनने की चाह नहीं कि कृष्ण के लिए सब कुछ छोड़ा, यहां तक की कृष्ण को भी छोड़ दिया उन्हें द्धारिका जाने दिया। राधा संग गोपियां वृदांवन में ही रह गयी। दुनिया में आगे और पीछे का आदमी हर क्षेत्र में है। आगे वाले से श्रद्धा और पीछे वाले से प्रेम करना सीखो। नीति कहती है जो चाह रहा है उसे ही दें। भक्ति में धर्य की आवश्यकता है। जाउं कहां तजि शरण तुम्हारे। जैसे कर्त्ता धर बसै, वैसे बसे विदेश। जिसे करना है उसके लिए घर और बाहर कुछ नहीं होता। कोई समस्या समस्या नहीं रह जाती है। भक्ति के लिए कई जन्मों तक प्रयास किये जाते हैं तब मिलती है। भक्त धर्य नहीं खोता है। मृत्यु अगर भयकारी है तो उसके पहले और बाद जीव बैचेन रहता है। लेकिन भक्ति पाने की चाह में मृत्यु के भय से भी उबर जाता है। संसार में किसी चीज की कमी नहीं है आवश्कयता है कि हमें क्या चाहिए यह तय करें। राधा ने परिवार और भक्ति का अनूठा कृत्य प्रस्तुत किया। धर्य क्यों आवश्यक है इस पर उन्होंने कहा कि एक बार दो भक्तों ने समाधि लगाने की सोची। एक इमली के पेड़ के नीचे तो दूसरा पीपल के पेड़ के नीचे बैठा। इसी बीच नारद मुनि उस ओर से गुजरे। भक्तों ने जानना चाहा कि उनकी समाधि कितने में लग जाएगी। नारद ने कहा पीपल के नौच वाले भक्त से कहा कि जितना इस पीपल में पत्ता है उतने दिन लगेंगे। वह डर गया और उठकर घर भागा। दूसरे को नारद ने यही जबाव दिया उसने कहा चलो यह तो तय है कि मिलेगा चाहे समय कितना भी लगे। समय बीतने पर उसे सफलता हासिल हो गयी।

वर्तमान समय में धर्य की कमी पर स्वामी जी ने कहा कि लेन में चलें। लेकिन कुछ लोग अकबकाये से चलते हैं और सड़क के बजाये खेत में पहुंच जाते हैं। जो नियम है वह जीवन में व्यवहार जगत और भक्ति जगत दोनों पर लागू होता है। जैसे छपरा से चलकर स्वामी परमहंस दयाल ने जो टेरी में भक्ति फैलाया वह आज फिर से छपरा में स्थापित हुआ। इसमें समय लगा। अध्यात्म और भक्ति में निरंतरता बनाये रखना होता है। भक्ति अपनी होती है अपना भाव बनायें। भक्ति को समझने और उसे जानने के लिये गुरु की नितांत आवश्यकता होती है। श्री राम हो या श्री कृष्ण सभी ने गुरु की आज्ञा को सब कुछ मानकर कार्य किया जिसके कारण उनका धर्म एक निष्ठ रहा कर्म सर्वोत्तम रहा।

जीवन में जो कुछ घट रहा है वह आपके प्रारब्ध में ही है। वह होनी है जो प्रबल है। प्रकृतिबद्ध है और इसे बदलने का कोई नियम नहीं है। प्रकृति के नियम को बदला नहीं जाना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी रांची)

# बढ़ता मानसिक रोग



**मानसिक रोग उपचार में अभूतपूर्व प्रगति, अभी भी मानसिक रोग को माना जाता है कलंक।**

सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं सम्बद्ध पीबीएम चिकित्सालय के मानसिक रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ महज शारीरिक रुप से स्वस्थ होना नहीं है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति का मस्तिष्क भी स्वस्थ होना चाहिए। मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। पिछले कुछ वर्षों में मानसिक रोगों के कारणों को समझने और उनके उपचार की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी मानसिक रोग को कलंक माना जाता है। मानसिक रोगी एवं उनके परिवारजन अपने रोग को पहचानने में पूर्णतया सक्षम नहीं होते है, अगर सक्षम होते भी है तो स्वीकार नहीं करते हैं क्योंकि इन समस्याओं के प्रति ज्यादातर रोगों की जानकारी या तो बहुत ही सीमित है या काफी हद तक गलत या भ्रांतिपूर्ण मानी जाती है।

डॉ. हरफूल के अनुसार मानसिक समस्याओं और मनोरोगों के प्रति जागरुकता और वैज्ञानिक आधार पर सही सोच-समझ होना, इन समस्याओं के समाधान व उपचार में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होगी। कुछ प्रमुख लक्षण जैसे नींद में परेशानी, अकारण चिड़चिड़ापन, अवसाद, आत्महत्या के विचार आना, नशे की आदत, बेवजह शक करना, न चाहते हुए भी अनावश्यक विचारों का बार-बार आना, तेजी से बदलता व्यवहार, बैचेनी, घबराहट, बच्चों में अति चंचलता, लिखने-पढ़ने में परेशानी तथा वृद्धजनों में भूलने की आदत, स्वभाव में बदलाव, दिखाई देने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। देश में बड़ी तेजी से मानिकस रोग फैल रहा है।


# प्रेग्नेंसी में उपवास सोच-समझ कर

**शिखर चंद जैन**

व्रत और त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। अक्सर व्रत करने का महिलाओं पर ज्यादा जोर रहता है। इसमें बुराई भी नहीं, लेकिन प्रेगनेंसी में व्रत आदि करना हो तो बेहतर होगा अपनी चिकित्सक या डाइटीशियन से सलाह ले लें। डाइटिशियन संगीता मिश्र का कहना है कि प्रेगनेंसी में लंबे समय तक बिल्कुल भूखे पेट नहीं रहना चाहिए। फास्टिंग के दौरान पौष्टिक व काबोर्हाइड्रेट युक्त फूड लेना जरूरी है।

**कर्बहाइड्रेट का महत्व समझें**

काबोर्हाइड्रेट दो तरह के होते हैं-स्लो और फास्ट, जो किसी फूड के ग्लाइसेमिक इंडेक्स पर निर्भर करता है। फास्ट कार्ब में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो तेजी से एनर्जी रिलीज करता है और इसका इस्तेमाल भी जल्दी हो जाता है। इसके सेवन से भूख बार-बार लगती है और वजन बढ़ने का जोखिम रहता है। इनमें प्रोसेस्ड फूड जैसे ब्रेड, शुगर, स्टार्च वाली सब्जियां, फ्रूट जूस आदि होते हैं, जबकि स्लो कार्ब का जीआई लो होता है और यह शरीर में धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करता है। इसके



सेवन से लंबे समय तक तृप्ति महसूस होती है, ब्लड शुगर लेवल मेंटेन रहता है। लो कार्ब के लिए व्होल ग्रेन, सीड, नट्स, बीन्स, लेग्युम्स, वेजिटेबल्स आदि का सेवन करना चाहिए। इनमें फाइबर भी समुचित मात्रा में होता है। इनसे वेट गेन का जोखिम नहीं रहता और कैलोरी मेंटेन करने में भी मदद मिलती है।

**फ्लेक्सिबल रहें**

व्रत के दौरान प्रेगनेंट महिलाओं को थोड़ा लचीला रुख रखना चाहिए। पोषण की कमी से न सिर्फ प्रेगनेंट महिलाओं बल्कि सामान्य महिलाओं को भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जिन प्रेगनेंट महिलाओं को डायबिटीज, एनीमिया हाई बीपी जैसी समस्याएं हो उन्हें फास्टिंग से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि अगर फास्टिंग बहुत जरूरी हो तो फल, दूध, मेवे आदि लेते रहने चाहिए।

**भोजन का चयन सावधानी से**

फास्टिंग में आप बार-बार नहीं खातीं इसलिए स्लो कार्ब फूड लेने चाहिए ताकि एक बार खाने के बाद लंबे समय तक भूख न लगे। इन्हें पचने में भी समय लगता है। आप आलू और साबूदाना लें। फाइबर युक्त सब्जियां (पालक, पत्तागोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, लौकी आदि) लें। सामक चावल भी व्रत में लिए जाते हैं। इनमें अच्छी मात्रा में फाइबर, विटामिन बी कॉम्पलेक्स, प्रमुख मिनरल्स (आयरन, मैग्नीशियम) आदि होते हैं।

बेहतर होगा कि डीप फ्राई की गई पूरी, साबूदाना बड़ा, आलू के चिप्स या अन्य तेज नमक, चीनी या वसा वाले गरिष्ठ व्यंजन न लें। सूखे मेवे लें जिनमें आपको खूब पोषण मिलेगा। मौसमी फल और सब्जियां लें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। अच्छा होगा कि नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी आदि का सेवन करें।

# देश में फेसबुक की नकरात्मक भूमिका और उसका दुष्प्रभाव

**अभिषेक कुमार**

भारत ने सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक से फेक न्यूज, हिंसा, भड़काऊ और वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री को लेकर जवाब मांगा है। केंद्र ने फेसबुक से पूछा है कि कंपनी उसे अपनी अल्गोरिदम और अन्य व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी दे। साथ ही इन्हें रोकने के लिए फेसबुक क्या कर रहा है, उन कदमों के बारे में भी बताया जाए।

**पहले जानें क्या हैं फेसबुक पर आरोप?**

भारत में मौजूदा समय में फेसबुक के 41 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं, जबकि इससे ज्यादा लोग व्हाट्सएप इस्तेमाल करते हैं। आंकड़ों के लिहाज से भारत इस कंपनी का सबसे बड़ा मार्केट है। लेकिन कंपनी पर अपने सबसे बड़े बाजार के लिए बेहद कम संसाधन इस्तेमाल करने से लेकर मालूम होने के बावजूद नुकसान पहुंचाने वाले कंटेंट को न हटाने और कुछ मौकों पर ऐसे कंटेंट को प्रमोट करने तक के आरोप लग चुके हैं। ऐसे में अब सरकार ने फेसबुक को कटघरे में खड़ा किया है और उससे अल्गोरिदम की जानकारी मांग ली है।

**कैसे हुआ फेसबुक की गड़बड़ियों का खुलासा?**

फेसबुक को लेकर ताजा विवाद पिछले महीने ही शुरू हुआ है। दरअसल, अमेरिकी अखबार 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' और फेसबुक की पूर्व प्रोडक्ट मैनेजर फ्रांसेस हाउगेन ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। इनमें एक सबसे बड़ा खुलासा यह था कि फेसबुक किस




तरह हमारे स्वभाव को प्रभावित कर इसका वाणिज्यिक फायदा उठाने में जुटा है। फेसबुक से यूजर्स को जोड़े रखने और उनके स्वभाव को प्रभावित करने का यह काम करती हैं प्लेटफॉर्म की अल्गोरिदम और सरकार ने इसे लेकर ही फेसबुक से जानकारी तलब की हैं।

**क्या हैं अल्गोरिदम?**

आम यूजर्स के लिए फेसबुक के खुलासों के साथ ही अल्गोरिदम नकारात्मक शब्द बन चुका है। हालांकि, यह सिर्फ किसी प्रोग्राम को चलाने वाले कंप्यूटर कोड हैं। यानी आपके मोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज सभी किसी न किसी तरह की अल्गोरिदम पर काम करते हैं, जो उनकी कार्यप्रणाली तय करता है। आसान भाषा में कहें तो यूजर के मोबाइल पर किसी खाना बनाने से जुड़ा कंटेंट रेसिपी एक अल्गोरिदम है। इसी तरह कैलकुलेटर भी अल्गोरिदम है। लेकिन फेसबुक, गूगल या बाकी सोशल मीडिया कंपनी अपने प्लेटफॉर्म के लिए जिस तरह की अल्गोरिदम इस्तेमाल करती हैं, वह इन आसान अल्गोरिदम के मुकाबले काफी जटिल और हाई-क्वालिटी रहती हैं।

**सोशल मीडिया कंपनियों के अल्गोरिदम इस्तेमाल पर चिंता क्यों?**

हालांकि, सोशल मीडिया कंपनियों के मामले में अल्गोरिदम को लेकर चिंता इस बात की है कि वह इनका इस्तेमाल यूजर्स को प्लेटफॉर्म से जोड़े रखने के लिए करती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से कंपनियां अल्गोरिदम को इस तरह डिजाइन करती हैं कि इन्हें इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को लगातार उनकी पसंद का कंटेंट मिलता है और वह नियत समय से भी ज्यादा देर तक सोशल मीडिया से जुड़ा रहता है।

उदाहरण के तौर पर सोशल मीडिया पर जो भी कंटेंट हमें गुस्सा दिलाता है या खुशी पैदा करता है, उससे हमारे प्लेटफॉर्म पर रुकने का समय बढ़ जाता है। साथ ही कई यूजर्स कंटेंट पर प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे यूजर्स का एंगेजमेंट भी बढ़ता है। अब एआई और मशीन लर्निंग टूल्स के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अपनी अल्गोरिदम को इस तरह डिजाइन कर लेते हैं कि वह यूजर को वही चीज दिखाती है, जिसमें उसने पहले रुचि दिखाई।

इन सबका परिणाम यह होता है कि अपनी पसंद का कंटेंट देखने के लिए जितनी ज्यादा देर यूजर सोशल मीडिया पर रुकता है, उसे उतने ही एडवर्टाइजमेंट से गुजरना पड़ता है, जो कि प्रत्यक्ष तौर पर प्लेटफॉर्म के लिए वाणिज्यिक तौर पर जबरदस्त फायदा पहुंचाने वाला सौदा साबित होता है। कंपनियां मुख्य तौर पर इसी आर्थिक फायदे के लिए एआई की मदद से अल्गोरिदम को यूजर्स के हिसाब से प्रभावित करती हैं।

**आर्थिक फायदे के लिए कैसे काम करती हैं अल्गोरिदम?**

फेसबुक कंपनी ने कभी इस बात खुलासा नहीं किया कि उसके अल्गोरिदम कैसे यूजर्स के लिए उनकी न्यूज फीड में पसंद का कंटेंट मुहैया कराते हैं। हालांकि, इस राज का खुलासा हुआ है व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हाउगेन की ओर से मुहैया कराए गए कंपनी के उन दस्तावेजों से जिन्हें उन्होंने फेसबुक छोड़ने से पहले कॉपी कर लिया था।

**जेएन कॉलेज धुर्वा, रांची**

# डार्क चॉकलेट से फायदे

बच्चे हों या बड़े सबको चॉकलेट खाना अच्छी लगती है। वहीं कोई खास मौका हो या अपने प्यार का इजहार करना हो चॉकलेट खास जरिया बनती रही है। चॉकलेट जहां खाने में टेस्टी लगती है, वहीं शरीर के लिए भी यह कई तरह से फायदेमंद होती है। यह ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने के साथ ब्रेन फंक्शन में भी सुधार करती है। यही वजह है कि आज यह लोगों की पसंदीदा चीजों में शामिल है।

जानिए डार्क चॉकलेट के सेवन कुछ के अद्भुत फायदे -

१. दिल को बीमारियों से रखती है दूर -

डार्क चॉकलेट हार्ट को कई तरह की बीमारियों से दूर रखने में मददगार होती है। इसमें कार्डियो प्रोटेक्टिव गुण पाया जाता है। ऐसे में हृदय संबंधी रोगों से बचाव में इसका सेवन फायदा देता है।

२. ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखती है -

ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहे तो सेहत के लिए बेहतर रहता है। वहीं इसके बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं कई पोषक तत?वों से युक?त डार्क चॉकलेट शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन बनाए रखने में मददगार होती है।

३. ब्रेन फंक्शन में करती है सुधार -

एक हेल्थ मैगजीन के रिपोर्ट के मुताबिक डार्क चॉकलेट आपके दिमाग की कार्यप्रणाली को भी बेहतर कर बनाए रखने में मददगार होती है। कई अध्ययनों से पता चला है कि पांच दिनों के लिए उच्च फ्लेवनॉल कोको खाने से मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त कोको में कैफीन और थियोब्रोमाइन जैसे उत्तेजक पदार्थ होते हैं, जो एक प्रमुख कारण हो सकते हैं कि यह ब्रेन फंक्शन में सुधार कर सकती है।

४. बहुत पौष्टिक होती है -

अगर आप डार्क चॉकलेट खरीदते हैं, तो यह वास्तव में काफी पौष्टिक होती है। इसमें घुलनशील फाइबर की अच्छी मात्रा के साथ भरपूर मात्रा में खनिज भी होते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रेडियोलॉजी टैक्नीशियन के क्षेत्र में बेहतरीन करियर

**प्रशांत झा**

करियर

**मेडिकल** का दायरा सिर्फ डॉक्टर या नर्स तक सीमित नही है, इसमें कई लोग जुड़े होते हैं। उन्हीं में से एक है रेडियोलॉजी टेक्नीशियन। आजकल हर छोटी बड़ी बीमारी का आकलन करने के लिए एक्स रे किया जाता है। यह कार्य रेडियोलॉजिस्ट करते हैं। वर्तमान समय में यह क्षेत्र काफी तेजी से उभर रहा है। करिअर बनाने के लिए इस क्षेत्र में बेहतरीन संभावनाएं हैं। रेडियोलॉजिस्ट शरीर के विभिन्न अंगों का एक्स रे करते हैं। एक्स रे करते वक्त मरीज तथा आस पास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का साइड इफेक्ट न हो, इस बात की निगरानी भी रखते हैं। इसके अलावा वे रेडियोग्राफिक उपकरणों की देखभाल तथा रोगियों के रिकॉर्ड्स भी मेंटेन करते हैं। एक सफल और कुशल रेडियोलॉजिस्ट के लिए चिकित्सा और साथ ही तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त होना चाहिए। कुशल कंप्यूटर कौशल, सकारात्मक दृष्टिकोण, सर्मपण के साथ सेवाभाव, बेहतरीन और धाराप्रवाह संचार कौशल का ज्ञान होना जरूरी है।

**कोर्स, योग्यता एवं अवसर**

रेडियोलॉजी टेक्नीशियन बनने के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्ध्य हैं इसमें सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोकमा, डिग्री और मास्टर्स तक के कोर्स उपलब्ध हैं। जैसे बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (3 वर्ष), बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी (3 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजी (1 वर्ष), डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (2 वर्ष) पीजी डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक (1 वर्ष) आदि। कोर्स करने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री व बॉयोलॉजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना जरूरी है। यदि आप साइंस विषयों में स्नातक हैं तो पीजी डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं गौरतलब है कि इसमें प्रवेश मुख्यतः बारहवीं पास अंकों के आधार पर ही होता है, लेकिन कुछ संस्थान एंट्रेंस टेस्ट व इंटरव्यू के आधार पर भी चयन करते हैं।



बीर टिकेंद्रजीत यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर बीएन मिश्रा के मुताबिक इस क्षेत्र में एक स्नातक ऐसे रेडियोग्राफर, रेडियोलाजिक प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहायक, क्लीनिक सहायक, एक्स-रे तकनीशियन, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञों के रूप में काम कर सकते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ ही रेडियोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं पैदा हुई हैं। रेडियो इमेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवरों की भारी कमी है। डॉक्टर पूरी तरह से इमेजिंग विशेषज्ञों पर निर्भर रहते हैं। दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल अरुणा सिंह के मुताबिक यह करिअर लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए उपयुक्त है। कोर्स के दौरान छात्रों को शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, विकिरण भौतिकी, इमेजिंग भौतिकी और रेडियोग्राफिक स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में काफी संभावना है। रेडियोलॉजिस्ट बनने के बाद आप किसी भी नर्सिंग होम्स, अस्पताल, डाइग्नॉस्टिक सेंटर, अत्याधुनिक अस्पताल या फिर खुद का काम शुरू कर सकते हैं। भारत में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की शुरूआती सैलरी 8 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह होती है। वहीं एक अनुभवी व प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकता है। विदेशों में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की अधिक मांग है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेडियोलॉजी के अनुसार रेडियोलॉजिस्ट टेक्नीशियन की जितनी मांग है उतनी पूर्ति नहीं है।

प्रमुख संस्थाहन

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नयी दिल्ली

दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नयी दिल्ली

बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद, गुजरात

# चरही में स्कॉर्पियो ने दो युवकों को कुचला, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता


**चरही।** शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो युवकों को कुचला और दोनों की मौत हो गयी। यह हादसा चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो मार्ग पर रात 9:15 बजे के करीब हुआ। राजू और करण सड़क किनारे टहलते हुए बातचीत में मशगूल थे, तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर तक घसीटते चले गए। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन जब तक दोनों को हजारीबाग अस्पताल पहुंचाया जाता, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर जंगल में आग की तरह फैली और गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर



लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन न तो गति पर लगाम लगी और न ही कोई ठोस सुरक्षा उपाय किए गए। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर फरार स्कॉर्पियो चालक की तलाश में जुट गई है।

## दनुआ घाटी में सड़क हादसा, औरंगाबाद के अशोक सिंह समेत कई गंभीर रूप से घायल

**चौपारण।** दनुआ घाटी में शनिवार सुबह सड़क हादसा हुआ। तिलक समारोह के लिए धनबाद से औरंगाबाद जा रहे महिंद्रा पिकअप सहित पांच वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर में दो ट्रक, एक पिकअप, एक ट्रैक्टर और एक बाइक शामिल थे। हादसे में बिहार के औरंगाबाद निवासी अशोक सिंह समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इस हादसे से एक दिन पहले ही गया निवासी और रांची में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर पंकज सिंह की मौत भी इसी घाटी में सड़क दुर्घटना में हो गई थी। लगातार हो रही घटनाओं के चलते दनुआ घाटी को लोग अब डेथ वैली कहने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो



स्पीड ब्रेकर हैं, न चेतावनी संकेतक और न ही कोई निगरानी तंत्र।जनता ने प्रशासन से मांग की है कि घाटी को हाई रिस्क जोन घोषित कर वहाँ 24घुणा 7 ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए, स्पीड कंट्रोल सिस्टम, बैरिकेडिंग और संकेतक बोर्ड लगाए जाए।

# बार-बार चुनाव से पैसे की होती है बर्बादी : जायसवाल

### विनोबा भावे विवि में वन नेशन, वन इलेक्शन पर गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शनिवार को स्वन नेशन, वन इलेक्शनस विषयक संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने इसे जनांदोलन बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था प्रत्येक नागरिक को प्रभावित करती है।

उन्होंने बताया कि आजादी के बाद 1967 तक देश में एक साथ चुनाव की परंपरा थी, लेकिन अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग ने इसे तोड़ दिया। सांसद ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की प्रशासनिक और आर्थिक व्यवस्था पर भारी असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति इस दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दे





रही है। इस प्रणाली से भ्रष्टाचार, महंगाई और सरकारी कार्यों में बाधा कम होगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से समर्थन मांगा, जिसे लोगों ने एकस्वर में व्यक्त किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने की और कहा कि यदि भारत विकसित राष्ट्र बनना चाहता है तो उसे यह व्यवस्था अपनानी होगी। कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक ने कहा कि यह समाज को बांटने वाली ताकतों पर अंकुश लगाएगा और विश्वविद्यालयों के कार्यों में आ रही बाधाएं भी समाप्त होंगी। गोष्ठी में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, भाजपा नेता, पत्रकार, शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बरकट्ठा में वज्रपात से एक युवक की मौत और दो घायल

**हजारीबाग ।** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बेरो कला राणा मोहल्ला तालाब के समीप शनिवार को वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। तीनों दोस्त तालाब किनारे बैठे हुए थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक सामान्य रूप से घटनास्थल से उठ गया, जबकि तीसरे को गंभीर चोटें आईं, जिसे इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत युवक की पहचान गांव निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मौसम विभाग द्वारा लगातार बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है, ऐसे में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# न्यू डॉन बास्को एकेडमी के छात्रों को बजरंग दल ने किया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हाल ही में बजरंग दल द्वारा आयोजित मंगला शोभा यात्रा के अवसर पर न्यू डॉन बास्को एकेडमी के छात्रों ने महिला सशक्तिकरण पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी थी। बच्चों की इस भावनात्मक प्रस्तुति ने न केवल उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्यायों पर गहरी सोच को भी प्रेरित किया। इस बेहतरीन प्रयास की सराहना करते हुए बजरंग दल ने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में



रामगढ़ दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका एवं विहिप भुरकुंडा पालक अनामिका श्रीवास्तव, मंगला शोभा यात्रा के अध्यक्ष सोनू कुमार, बजरंग दल भुरकुंडा संयोजक नंद किशोर राम, अजित सिन्हा, सूरज करमाली, अंजू ठाकुर, अभिषेक पटेल और सूरज कुमार सहित कई कई लोग मौजूद थे। प्रधानाचार्य अंगद राय ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन ने समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

## अचलजामू में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू



**विष्णुगढ़।** अचलजामू गांव में श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आरंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यज्ञ मंडप से कलशधारी सिरय स्थित उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी से जल भरकर लौटे। इस यात्रा में लगभग 2100 श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल थे। जय वंशीधर, बोल बम, जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, मुख्य पुजारी रामकिशोर शर्मा, मनोज शास्त्री, दिलीप पांडेय, द्वारिका गोस्वामी समेत अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। स्थानीय मुखिया कलावती देवी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। यह महायज्ञ सनातन परंपरा के अनुरूप धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बनकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं का केंद्र बना हुआ है।

# हजारीबाग की सड़कों पर फिसलन का खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** हजारीबाग इन दिनों मौसम के लिहाज से सुहावना जरूर हो गया है, पर जमीन पर हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। बेमौसमी बारिश ने जहाँ मई में अक्टूबर जैसी ठंडक ला दी है, वहीं ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया है।

हुटपा से झुमरा तक सड़क किनारे गिराई गई मिट्टी अब कीचड़ बनकर फिसलन पैदा कर रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा तेजी से बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मिट्टी हाल ही में सड़क किनारे डाली गई है, और लगातार हो रही बारिश के कारण यह कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों



को है, खासकर रात के समय, जब दृश्यता कम होती है और फिसलन जानलेवा साबित हो सकती है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर ऐसे संवेदनशील मौसम में मिट्टी डालने की अनुमति किस अधिकारी ने दी और ठेकेदारों ने बिना मौसम की परवाह किए इस कार्य को क्यों अंजाम दिया? गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से हजारीबाग में लगातार बारिश और तेज

**▸▸ ठेकेदारों की लापरवाही और प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

हवाएं चल रही हैं। ऐसे में यह कहना भी गलत होगा कि कार्य के समय मौसम ठीक था। स्थानीय समाजसेवियों और नागरिक संगठनों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक किसी बड़ी दुर्घटना की खबर नहीं आती, तब तक जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार आंख मूंदे बैठे रहते हैं। जनता की मांग है कि मिट्टी हटाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।सड़क पर चेतावनी बोर्ड और रोशनी की व्यवस्था की जाए। दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई हो। फिलहाल, हजारीबाग की सड़कों पर कीचड़ के साथ-साथ प्रशासनिक लापरवाही भी फैली हुई है और यह लापरवाही, जनता की जान पर भारी पड़ सकती है।

## स्पीड न्यूज

### बाल विद्या मंदिर में कविता प्रतियोगिता



रामगढ़। कुजू के आरा कोलियरी स्थित बाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को कविता प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से लेकर दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कविता कर समां बांधा। प्राचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि कविता वाचन बच्चों में भावनात्मक विकास करती है, और छात्रों उनकी क्षमता का एहसास कराती है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में प्रोत्साहन तथा रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होता है। प्राचार्य ने छात्रों को राष्ट्रकवि दिनकर रचित रश्मिरथी की कुछ पंक्तियां को सुनाया। वरिष्ठ शिक्षिका पुष्पिता कुमारी ने कविता वाचन के महत्व को बताया। शिक्षिका सुनीता कुमारी ने रश्मिरथी की पंक्तियां सुनाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। मौके पर शिक्षक कामेश्वर प्रसाद, कौलेश्वर महतो, भागीरथ प्रसाद ,बैजनाथ प्रसाद, रीता कुमारी, सविता कुमारी, सोनी गुप्ता, वंदना पांडेय सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### रामगढ़ : कई दुकानों में छापेमारी



रामगढ़ । सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप्शी ने रामगढ़ ब्लॉक से बस स्टैंड तक छापेमारी। 11 दुकानदारों से 2000 रुपए का आर्थिक दंड वसूला । कई दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं रामगढ़ थाना का सहयोग रहा ।

### नामांकन को लेकर जागरूकता रैली



भुरकुंडा (रामगढ़)। पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में शनिवार को शिक्षा विभाग के रूआर कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से प्रारंभ होकर रीजनल मोहल्ला, पुराना थाना मोहल्ला, धोबी टोला, बिरसा नगर, आजाद नगर, रोल टोला, नायक टोला और दुंदुवा सहित विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने नारे लगाए। इस दौरान आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे, पढ़ी-लिखी माता, भाग्य विधाता, हम बच्चे हैं, फिर भी स्कूल जाएंगे, मम्मी-पापा का नाम बढ़ाएंगे आदि नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया गया। मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि पंचायत में शिक्षा को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि पंचायत क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए और हम ड्रापआउट प्रतिशत नामांकन व शून्य ड्रॉपआउट पंचायतह का सपना साकार करें। रैली में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, उप मुखिया प्रशांत कुमार, छुवी देवी, ज्योति लकड़ा, रंजू सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

### मजदूर यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा रेस्ट हाउस में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले शनिवार को 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ बैठक हुई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, पर्सनल अफसर दिनकर कुमार, सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, सिविल विभाग के उपाध्याय अधिकारी सुबोध भंडारी और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, जीआर भगत, गणेश राम, शाखा सचिव शिव शंकर पांडेय, किशुन नायक, जितेंद्र तिवारी, भीम प्रसाद, सरकार विश्वकर्मा, मनोज करमाली, पंकज, प्रेम, महेश्वरी, रामेश्वर राम, शौकत अली, अब्बारस मियां, बच्चू यादव, शशि रंजन, अमित पांडेय, संतोष चौबे मौजूद थे। बैठक में अस्पताल की सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था और अन्य जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रबंधन ने यूनियन की मांगों पर विचार करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है और समाधान का आश्वासन दिया है।

### बच्चों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीः मुखिया

कुजू। डीएवी पब्लिक स्कूल घाटोटांड ने वैनपुर क्षेत्र के काफी बच्चों को स्कूल में बस देने एवं अच्छी पढ़ाई के नाम पर एडमिशन लिया। लेकिन अब बच्चों के लिए बस एवं पढ़ाई की व्यवस्था खराब हो गया। इससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन देकर बच्चों को सभी सुविधा देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि स्कूल प्रबंधन का लापरवाही से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जायेगा।

### कुजू : बाल बाल बचा बाइक सवार

रामगढ़। कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी हीरक मार्ग पर ओरला मिडिल स्कूल के समीप एक अनियंत्रित एलपी ट्रक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से बाइक सवार युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, एलपी ट्रक को ग्रामीण अपनी देखरेख में रखे हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार लगभग 2 बजे नयामोड़ से गिद्दी की ओर से जा रहा एलपी ट्रक संख्या बीआर29जीए 4766 का चालक तेज गति से ट्रक को लेकर जा रहा था। ज्योंहि ट्रक ओरला मिडिल स्कूल के समीप पहुंचा आगे आगे चल रहे स्पेंलडर प्लस होंडा मोटरसाइकिल पर सवार पिंकू प्रसाद साहू पिता प्रमोद प्रसाद साहू ट्रक की स्थिति को देखकर आनन फानन में मोटरसाइकिल से छलांग लगा दिया। इस घटना में पिंटू घायल हो गया। जबकि मोटरसाइकिल को ट्रक कुचलकर बूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मौजूद ग्रामीणों ने उक्त ट्रक चालक को पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया।

## एक नजर में

### प्रदीप प्रसाद ने सुनीं जनता की समस्याएं



हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शनिवार सुबह 8 बजे विधायक सेवा कार्यालय परिसर में जनसुनवाई में जनता विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। भूमि विवाद, बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेयजल संकट जैसी प्रमुख समस्याएं जनता ने उनके समक्ष रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। जहां विभागीय प्रक्रिया की आवश्यकता थी, वहां संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर शीघ्र कार्रवाई को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि अतिक्रमण, जले ट्रांसफार्मर और जलापूर्ति की बिगड़ी व्यवस्था की शिकायतें कीं, जिन्हें विधायक ने प्राथमिकता दी। श्री प्रसाद ने कहा कि आमजन की सेवा ही उनका धर्म है और जनता का विश्वास ही उनकी ताकत। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनका दरवाजा हर नागरिक के लिए हमेशा खुला है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विधायक को धन्यवाद दिया और उनकी सक्रिय जनभागीदारी की सराहना की। यह जनसुनवाई एक बार फिर दिखाती है कि विधायक प्रदीप प्रसाद जमीनी स्तर पर जनता से जुड़े रहते हैं।

### मनोज यादव ने सड़क का किया शिलान्यास



**बरही।** विधायक मनोज यादव ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 11 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत बेंदगी मध्य विद्यालय में हुई, जिसके बाद विधायक ने जीटी रोड से विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इनमें लफरी से आंगनबाड़ी, जरहिया, गड़लाही, धुधपनिया मोड़, माधोपुर, धुरगड़गी मार्ग प्रमुख हैं। साथ ही पदमा क्षेत्र की कई ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य भी प्रस्तावित हैं। विधायक ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की विकास रीढ़ होती हैं और इन परियोजनाओं से ग्रामीणों की सुविधाएं बढ़ेंगी व आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। शिलान्यास समारोह में भाजपा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिनमें किशुन यादव, रमेश ठाकुर, विजय यादव, रंजीत चंद्रवंशी, मोतीलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में नेता और ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### प्रशिक्षु आइपीएस श्रुति को दी गयी विदाई

**इचाक।** थाना में प्रशिक्षण ले रहीं प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी श्रुति को शनिवार को थाना परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। वे पिछले ढाई महीने से थाना प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। इस अवधि में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया। पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या के आरोपी को जेल भेजना, डुमरौन में हुए सांप्रदायिक तनाव को नियंत्रित करना, एनएच-33 पर जाम की स्थिति को सुलझाना, ब्राउन शुगर के कारोबारियों पर कार्रवाई करना और होली, ईद, रामनवमी जैसे त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियाँ रहीं। विदाई समारोह में सीओ, बीडीओ, इंस्पेक्टर शाहिद रजा, थाना प्रभारी संतोष सिंह समेत जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उन्हें अंग वस्त्र, उपहार और फूलमालाओं से सम्मानित किया। प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति ने कहा कि इचाक में प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कई अनुभव प्राप्त किए जो हमेशा यादगार रहेंगे। उन्होंने स्थानीय जनता और पुलिस टीम का सहयोग के लिए आभार जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नेता, पंचायत प्रतिनिधि, और पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आयोजित



हजारीबाग। छठ तालाब के श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में बैसाख शुक्ल सप्तमी के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजा प्रभारी बप्पी करण ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को विशेष भव्य स्वरूप दिया गया है। आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण, भंडारा, संध्या आरती और रंगीन आतिशबाजी शामिल हैं। समाज के कई प्रमुख लोग और आयोजन समिति के सदस्य इस आयोजन में उपस्थित हुए। चित्रगुप्त जी को धर्मराज और लेखा-जोखा के देवता माना जाता है। श्रद्धालुओं ने उनकी पूजा कर धर्म, सत्य और न्याय के पथ पर चलने का संकल्प लिया। महाभोज की व्यवस्था में सैकड़ों लोगों के भोजन की तैयारी की गई थी। समिति ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। बप्पी करण ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेने और इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की अपील की।

### श्री श्री 1008 सूर्य भगवान महायज्ञ शुरू

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी स्थित नवनिर्मित भास्कर धाम में श्री श्री 1008 सूर्य भगवान एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर से निकली इस आकर्षक यात्रा में 2100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। भगवा ध्वज, भक्ति गीत, ढोल-बाजे और जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा करोंज मोड़, हॉस्पिटल चौक, रामुआ देवी मंडप, कसेरा मुहल्ला, बोलियागंज चौक होते हुए जमुनिया नदी घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर यज्ञ मंडप लाया गया। यात्रा में विष्णुगढ़, कुसुंभा, चेडरा, नवादा, बेड़ाहरियारा सहित कई गांवों से करीब दस हजार श्रद्धालु शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक निर्मल महतो ने लोगों का उत्साह बढ़ाया।

# शिक्षा में परेशानी से बचाये एजुकेशन लोन

बृजमोहन ओझा



बैंक एजुकेशन लोन देने से पहले उसकी वापसी यानी रिपेमेंट सुनिश्चित करता है। आमतौर पर लोन उसे ही दिया जाता है, जो इसे वापस करने की क्षमता रखता है। रिपेमेंट लोन लेने वाले स्टूडेंट के अभिभावक कर सकते हैं या फिर लोन लेने वाला स्वयं पढ़ाई खत्म करने के बाद रिपेमेंट कर सकता है। लोन लेने के लिए गारंटर की जरूरत पड़ती है। गारंटर लोन लेने वाले का अभिभावक या फिर रिश्तेदार हो सकते हैं। बैंक किसी भी कोर्स के लिए होने वाले खर्चों की पूर्ति करने के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एजुकेशन लोन के दायरे में देश और विदेश में पढ़ाए जाने वाले कोर्स शामिल होते हैं। आप चाहें तो किसी के लिए भी बैंक से लोन ले सकते हैं।

## जैसी पढ़ाई वैसा लोन

भारत में 12वीं की स्कूली शिक्षा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, एग्रीकल्चर, ला, डेंटल, मैनेजमेंट, कंप्यूटर, मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के कंप्यूटर कोर्स, आईसीडब्लूए, सीए आदि जैसे कोर्सों के लिए एजुकेशन लोन ले सकते हैं। यदि आप विदेश में पढ़ाई करने की चाहत रखते हैं, तो प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के जॉब ओरिएंटेड प्रोफेशनल या टेक्निकल कोर्स, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एमसीए, एमबीए, एमएस आदि के लिए भी एजुकेशन लोन बैंक से हासिल कर सकते हैं।

स्कूल, कालेज और होस्टल की फीस, परीक्षा, लाइब्रेरी और लेबोरेटरी की फीस, किताबें, इंस्ट्रूमेंटस, इक्विपमेंट, यूनिफॉर्म खरीदने के लिए, विदेश में पढ़ाई के लिए यात्रा खर्च, रास्ते का खर्च, स्टडी टूर, प्रोजेक्ट वर्क, थीसिस इत्यादि के लिए एजुकेशन लोन मिल जाता है।

जब आप एजुकेशन लोन लेने का मन बना लेते हैं, तो आप पहले से ही यह अंदाजा लगा लें कि आपकी जरूरत कितनी है? अलग-अलग मद में कितना खर्च होगा? पढ़ने के लिए कहां जाना है? कितना समय लगेगा? इस पर विचार करने के बाद अपना बजट तैयार करें और तय करें कि कितना बोझ आप खुद उठा सकते हैं।

मंदी के कारण आजकल मार्केट की स्थिति बेहतर नहीं है। ऐसे में जान लें कि आप जो लोन लेने जा रहे हैं, उसकी रिपेमेंट सही समय पर हो जाए। इसलिए लोन उतना लिया जाए, जितना अदा कर सकें। नौकरी लगने के बाद रिपेमेंट के ऑप्शन पर विचार करने से पहले सभी विकल्पों और अच्छी-बुरी सभी प्रकार की संभावनाओं पर पूरी तरह विचार कर लिया जाना चाहिए।

बेशक बाजार की मांग और आपूर्ति का इस सेक्टर पर नकारात्मक असर नहीं पड़ता, लेकिन फ्लोटिंग रेट का असर जरूर पड़ता है। विशेषकर लंबी अवधि के लोन, फ्लोटिंग रेट से प्रभावित होते हैं।

बैंक अन्य लोन की तरह ही एजुकेशन लोन पर भी ब्याज वसूलता है, लेकिन यह वसूली करने के लिए उसके पास मुख्य रूप से 3 विकल्प हैं। इनमें एक आकर्षक जरिया है मोरेटोरियम पीरियड जिसे रिपेमेंट हॉलीडे भी कहा जाता है। इसमें विकल्प होता है कि लोन लेने वाला इसकी रिपेमेंट जिस कोर्स में ऐडमिशन लिया गया है, उसकी समाप्ति के बाद कर सकता है। रिपेमेंट मोरेटोरियम कई बैंक कोर्स की समाप्ति के 1 वर्ष बाद या नौकरी लगने के 6 महीने बाद शुरू करने के विकल्प देते हैं। कोर्स के दौरान सिर्फ ब्याज का भुगतान करना होगा। कोर्स पूरा करने के बाद वास्तविक ईएमआई (मूल व ब्याज) का पेमेंट करना होगा। लोन मिलने के तुरंत बाद ईएमआई का भुगतान कर सकते हैं। इस बारे में कई बैंक ब्याज दर पर डिस्काउंट भी देते हैं।

## लोन पर ब्याज का रखें ध्यान

आमतौर पर एजुकेशन लोन पर ब्याज की दर पसर्नल लोन के रेट से कम होती है। कुछ बैंक फिक्स रेट चार्ज करते हैं, तो कुछ फ्लोटिंग रेट पर। इन दोनों में करीब 1 प्रतिशत का अंतर होता है। ऐक्सपर्ट सलाह देते हैं कि एजुकेशन लोन की अवधि 5 से 7 वर्ष की होती है, इसलिए रिपेमेंट के लिए फिक्स रेट का ऑप्शन बैंक नहीं देते। ऐसे में जरूरत है वास्तविक फिक्स रेट की जानकारी लेने की।

कई बैंक लड़कियों के लिए ब्याज की दर में डिस्काउंट का ऑप्शन भी देते हैं। इन दिनों कई बैंक एजुकेशन लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस चार्ज नहीं करते। जिस बैंक से आप लोन ले रहे हैं और यदि वह आप से प्रोसेसिंग फीस की मांग कर रहा है, तो आप उस बैंक के साथ निगोशिएशन कर सकते हैं। आमतौर पर सभी बैंक उस स्थिति में प्रीपेमेंट फीस चार्ज नहीं करते जब लोन लेने वाला अपने बूते लोन की प्रीपेमेंट करता है। लेकिन लोन की बकाया राशि किसी और बैंक में ट्रांसफर करने की हालत में प्रीपेमेंट फीस वसूल की जाती है।



### एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकेंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।

यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद रिपेमेंट की प्रक्रिया शुरू होने के 5 वर्षो में पूरा पेमैंट करना होता है।

## पहले से करें लोन की तैयारी

एजुकेशन लोन लेने के लिए कुछ औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है, इसके बिना एजुकेशन लोन मिलना आसान नहीं होता है। कई बार लोन इसलिए नहीं मिलता क्योंकि संबंधित कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं। इसलिए लोन लेने से पहले पूरी तैयारी करनी बेहद जरूरी है।

बैंक, ग्राहकों को लोन लेने में अलग-अलग सुविधाएं भी प्रदान करते हैं, जैसे कि कोई बैंक लड़कियों को ब्याजदर में छूट देता है, तो कोई बैंक लोन देने में प्रीपेमेंट चार्ज नहीं लेता है। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक की प्रोसेसिंग फीस भी अलग-अलग होती है। आमतौर पर लोन लेने से पहले कुछ प्रमाणपत्रों की जरूरत होती है जैसे एडमिशन मिलने का प्रमाणपत्र, स्टडी प्रोग्राम का कास्ट ब्रेकअप, लोन लेने का आवेदनफॉर्म, पते, पहचान के प्रमाण, सिगनेचर वेरिफिकेशन यानी आवेदक की जानकारी, गारंटर की इनकम प्रूफ, विदेश जाने के लिए लोन लेने पर यूनिवर्सिटी का लेटर, वीजा डॉक्यूमेंट और ट्रैवल पेपर्स, खर्चों की सूची, फोटोग्राफ आदि।

एजुकेशन लोन उन स्टूडेंट को ही दिया जाता है जो आगे की पढ़ाई यानी हायर, टेक्निकल या प्रोफेशनल कोर्स भारत या इस से बाहर करना चाहते हैं। एजुकेशन लोन विभिन्न कैरियर-ओरिएंटेड कोर्सों इंजीनियरिंग, मेनेजमेंट, मेडिकल आदि में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मिल जाता है।

इस के अलावा, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को भी एजुकेशन लोन दिया जाता है। वैसे, कोर्स फीस के अतिरिक्त कंप्यूटर, मेडिकल किट आदि के लिए भी लोन दिया जाता है। इसके लिए सबसे पहले जिस बैंक से लोन लेना है, वहां का निर्धारित फौर्म भरना होता है। फॉर्म के अलावा, फोटोग्राफ, आईडेंटिटी प्रूफ, रेजिडेंस प्रूफ, इनकम प्रूफ, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन से संबंधित सर्टिफिकेट्स, सीनियर सेंकड्री स्कूल की मार्कशीट, एमबीए के लिए पोस्ट ग्रेजुएट या ग्रेजुएशन की मार्कशीट, स्कॉलरशिप से संबंधित डॉक्यूमेंट्स (यदि कैंडिडेट के पास हैं) आदि की जरूरत होती है। इसके अलावा, ऐडमिशन लेटर और कोर्स की अवधि आदि से संबंधित प्रारूप की भी जरूरत होती है। **(एडमिशन काउंसलर)**

# युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं वेब सीरीज

फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने वेब सीरीज.के लिए स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए एक कोर्स शुरू किया है जिसमें बच्चों को वेब सीरीज.की स्क्रिप्टिंग की बारीकियां सीखने को मिलेंगी।

युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं वेब सीरीज, संस्थान ने शुरु किया राइटर्स के लिए कोर्सकोर्स के डायरेक्टर टेलिविजऩ के मशहूर राइटर विनोद रंगनाथ हैं।

वेब सीरीज.आजकल युवाओं से बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। हाल ही में सेक्रेड गेम्स का दूसरा सीजऩ नेटफ्लिक्स पर ऑन एयर हुआ है जिसे दर्शकों के बीच जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। शो का पहला सीजऩ भी सुपरहिट रहा था। मिर्जापुर और अपहरण जैसे वेब सीरीज भी काफी पैसा कमा चुकी हैं। पिछले कुछ वर्षों में वेब सीरीज के प्रति युवाओं का रुझान काफी बढा है, जिसे देखते हुए निवेशकों को इस दिशा में अपना संभावनाएं नजर आने लगी हैं। वेबसीरीज.की मेकिंग फिल्म या टेलिविजऩ सीरियल से काफी अलग होती है इसलिए इनके लिए स्क्रिप्टिंग भी काफी अलग तरह की होती है।

फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने वेब सीरीज.के लिए स्क्रिप्ट राइटिंग के लिए एक कोर्स शुरू किया है जिसमें बच्चों को वेब सीरीज.की स्क्रिप्टिंग की बारीकियां सीखने को मिलेंगी। यह कोर्स केवल 6 महीने का है। कोर्स के लिए संस्थान ने फिलहाल 20 स्टूडेंट्स का चयन कर लिया है। इनमें से 7 लड़कियां और 13 लड़के हैं जिन्हें अलग अलग राज्यों से चुना गया है।

कोर्स के डायरेक्टर टेलिविजऩ के मशहूर राइटर विनोद रंगनाथ हैं। विनोद रंगनाथ को टेलिविजऩ के लिए लिखने का पिछले 20 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने 'स्वाभिमान', 'सुकन्या', 'कर्तव्य', 'ड्रीम गर्ल्स', 'सी हॉक्स' और 'टाइगर' जैसे सुपरहिट टीवी शोज.के लिए स्क्रिप्ट लिखे हैं। हाल ही में वे स्टार प्लस के शो 'दहलीज' और 'मेरे अंगने में' के लिए लिख रहे हैं। अपने करियर में उन्हें टीवी शोज.के 20 हजार से ज्यादा स्क्रिप्ट्स लिखने का अनुभव है।

# 9 से 15 मई के बीच जारी होगा सीबीएसई का रिजल्ट



**सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 और 12 वीं का रिजल्ट कब आएगा?**

रिपोट्र्स के मुताबिक, सीबीएसई रिजल्ट 2025 को मई के दूसरे सप्ताह में जारी किया जाएगा, जिसकी संभावित तिथियां 9 से 15 मई, 2025 है। हालांकि, सीबीएसई रिजल्ट की आधिकारिक तारीख की जानकारी बोर्ड नोटिफिकेशन जारी होने के बाद ही सामने आ सकेगी। इस साल, सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त हो गईं और कक्षा 12 की परीक्षाएं 4 अप्रैल को समाप्त हुईं। सीबीएसई कक्षा 10वीं, 12वीं परिणाम जारी होने पर, छात्र आधिकारिक वेबसाइटों हां दिए गए डायरेक्ट लिंक और प्रोसेस को फॉलो करके स्कोरकार्ड चेक और डाउनलोड कर सकेंगे।

इस साल, 24.12 लाख छात्रों ने कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिसमें 17.88 लाख छात्र कक्षा 12वीं के हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10 और कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं किए जाएंगे। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि परिणाम की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है और अब तक कोई आधिकारिक घोषणा भी जारी नहीं की गई है। लेकिन सूत्रों के अनुसार मईके दूसरे सप्ताह में परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

# डीएवी कपिलदेव में योग कार्यक्रम

**दिमाग को उत्तेजित करने वाले हार्मोन एकाग्रता में बड़ा बाधक है इसे योग से संतुलित करने की विधि भारत के मनीषियों के पास है।**

**- स्वामी मुक्तरथ, अध्यक्ष, सत्यानन्द योग मिशन राँची**

हार्मोन के असंतुलन से युवाओं में दिमाग की कमजोरी,अपराध वृत्ति और सामाजिक सोच की कमी बढ़ रही है। कारण है मेडिटेशन का अभाव। - स्वामी मुक्तरथ

हम ग्यारहवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने जा रहे हैं और इस वर्ष 2025 का थीम है- मानवता। आज की सबसे बड़ी समस्या बीमारी नहीं है बल्कि सबसे बड़ी समस्या है नैतिकता का तीव्र ह्रास जिस वजह से मानवता खतरे में है। सम्बेदना हमारी मर रही है दिल के भीतर की भवनायें कमजोर पड़ रही है, विश्वास जो हुआ करता था वो अब मर रही है, समाज के किसी भी व्यक्ति का धौंस किसी के भी बच्चों पर रहता था, किसी भी बच्चे को समाज के अन्य व्यक्ति से अभिभावक जैसा डर रहता था ,वो सब इस वर्तमान परिदृश्य से गायब हो गया। कारण है हमारे अंदर की मानवता सशंकित है,कमजोर हो गई है, लोभ,नकारात्मक प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

**आज मानशिक रोग के बढ़ने का भी यही कारण है।**

इस वर्ष के अंतर्राष्टीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास योग कार्यक्रम राँची शहर में सत्यानन्द योग मिशन के तहत कई स्थानों में चल रहा है। आज 03 मई,शनिवार को डीएवी कपिलदेव के हजारों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच स्वामी मुक्तरथ जी अपना व्याख्यान एवं योग-ध्यान कार्यक्रम को संचालित कर रहे थे।










# कॉलेज में पढ़ाई के साथ कमाई भी करें



– प्रशांत झा

कॉलेज में पढ़ाई का खर्च भी ज्यादा होता है। ऐसे में परिवार की माली हालत अच्छी नहीं हो तो परेशानी आ सकती है। हालांकि, इस तरह के हालात से बचा जा सकता है। आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ घंटे देकर पैसा कमाने के कुछ तरीके जिसमें आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।



## सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉर्पोरेट कंपनियां, पॉलिटिशियन, सरकारी कार्यालयों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। अगर, आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्स्ट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूरत नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा।

कितनी होगी कमा

- अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर इस काम में देते हैं तो यहां से 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं।
- एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।
- कंपनियां अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कराने या कोई लीडर अपनी पॉपुलरिटी बढ़ाने के लिए आपसे खुद संपर्क करेगा।
- इस काम में टाइम का भी कोई बाउंडेशन नहीं होगा। आप अपने स्मार्ट फोन से सारे काम को मैनेज कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रीसर्चर

आज के इस कॉम्पिटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर, आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रीसर्च कर रहे हैं तो उसके विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रीसर्च कर सकते हैं।

### कितनी होगी कमाई

- ऑनलाइन रीसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 रुपए कमा सकते हैं।
- इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।
- रीसर्च करने के लिए उस सबजेक्ट की जानकारी जरूरी होगी।
- फॉस्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब।
- कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तहर के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है।
- कितनी होगी कमाई
- बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज आदि में 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं।
- कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।

### इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या बेंगलुरू) में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रू-ब-रू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत पड़ती है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं।

इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है जो मैनेजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनेजमेंट के गुण सीखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं।

### इतनी होगी कमाई

- इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं।
- महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा।
- काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आप कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस भाषा की ग्रामर पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। वहीं फ्रीलांस राइटर के तौर पर काम करने के लिए आपको लिखने की शैली आनी चाहिए।

### कितनी होगी कमाई

- कंटेंट एडिटर के तौर पर यदि आप प्रत्येक दिन 2 से 4 घंटे देते हैं तो आप 10 से 20 हजार रुपए महीने कमा सकते हैं।
- इस काम को करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। आप घर बैठे यह काम कर सकते हैं। फ्रीलांस राइटिंग में भी यह सुविधा आपको मिलेगी।

# एमजीएम दुर्घटना के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार : पूर्णिमा साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू ने कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को मेडिसिन वार्ड की दो मंजिलों की बालकनी गिरने की घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस गंभीर हादसे के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को जिम्मेदार ठहराया है।

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक पूर्णिमा साहू ने अस्पताल का दौरा किया और हादसे में घायल हुए चार मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. नकुल चौधरी से सभी घायलों, विशेष रूप से गंभीर रूप से घायल महिला को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती नवप्रसूता महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन से कहा जबकि हादसे के बाद अस्पताल में दहशत का माहौल बना हुआ था और मरीजों में भय व्याप्त था।

विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार और विशेषकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री महोदय भाजपा नेताओं पर टिप्पणी करने और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं, जबकि अस्पतालों की स्थिति सुधारने और मरीजों को सुरक्षित माहौल में इलाज देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया था, लेकिन जर्जर भवनों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया। यह उनकी जिम्मेदारी थी कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि झामुमो-कांग्रेस ने मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

अस्पताल के दौरे के दौरान विधायक ने भवनों की जर्जर स्थिति और गरीब मरीजों के इलाज को लेकर अस्पताल कर्मचारियों की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने देखा कि नर्सें और अन्य कर्मचारी अपने काम में लापरवाह दिखे और मरीजों की देखभाल के लिए कोई सजग नहीं था।

श्रीमती साहू ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए और जिन अधिकारियों की लापरवाही से यह घटना हुई है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाये जाने की तत्काल आवश्यकता है।







1. हादसे में घायल रोगी। 2. मलबे में दबे डेविड नामक मरीज का शव निकालते बचावकर्मी। 3. मलबे से शव को निकालने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाते बचावकर्मी। 4. मलबे को निकालने में जुटे बचावकर्मी। 5. मलबे से सुरक्षित निकाली गयी बुजुर्ग महिला रोगी को इलाज के लिए भेजवाती विधायक पूर्णिमा साहू दास।

## जमशेदपुर के एमजीएम का बिल्डिंग नहीं, पूरा हेल्थ सिस्टम ही कोलेप्स हुआ है : चंपई सोरेन



चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम।

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने यहां बयान जारी कर कहा है कि जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहने से दो मरीजों की मौत एवं कुछ लोगों के घायल होने की दुखद सूचना मिली है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। चंपई सोरेन ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अस्पताल में अपना इलाज करवाने गए मरीजों के साथ ऐसी घटना हो गई। यह सिर्फ एक बिल्डिंग नहीं, बल्कि पूरा सिस्टम ही कोलैप्स कर चुका है। यह सरकार पहले से ऐसे सरकारी भवनों का सर्वे नहीं करवाती, बल्कि ऐसी दुर्घटनाओं के बाद जांच के नाम पर खानापूर्ति कर के चुप बैठ जाती है, अगली दुर्घटना के इंतजार में।

## घटना स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलने वाली है : सरयू राय

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने एमजीएम अस्पताल के एक हिस्से का छज्जा गिर जाने और चार मरीजों के घायल होने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि शनिवार की यह घटना स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा की पोल खोलने वाली है। यह अस्पताल पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के आवास के समीप है। उनका तो लगातार दौरा होता रहता था। बीच में यहां के उपायुक्त ने एक एडीएम को अस्पताल में सुधार का जिम्मा दिया था। श्री राय ने कहा कि प्रशासन एमजीएम की व्यवस्था को सुधार नहीं पा रहा है। भवन निर्माण जर्जर है। वह 8-9 साल से जर्जर भवन निर्माण के बारे में कहते आ रहा हैं। कई बार भवन निर्माण विभाग को भी तलब किया गया। सरयू राय ने कहा कि भवन के रख-रखाव की जिम्मेदारी तो भवन निर्माण विभाग की ही है। भवन निर्माण विभाग भवन की स्थिति की कैसे समीक्षा करता है और अस्पताल प्रबंधन को बताता है कि नहीं बताता है, इसकी जांच होनी चाहिए। श्री राय ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह आरोप-प्रत्यारोप का वक्त नहीं है लेकिन एमजीएम का जो नया भवन बन रहा है, वह नया भवन भी इस तरीके से बन रहा है कि अस्पताल भवन तैयार हो गया और पानी की व्यवस्था ही नहीं है। अस्पताल वहां शिफ्ट नहीं हो सकता। यह बदइंतजामी का शिकार होकर रह गया है। इसके लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन दोषी है।



निरीक्षण करने पहुंचे सरयू राय।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, एक गंभीर

**चांडिल।** शनिवार को चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगू शहर बेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस सड़क दुर्घटना में बाइक में सवार गम्हरीया निवासी 26 वर्षीय रानी सोरेन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक 28 वर्षीय युवक शिबू सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना मिलने पर चांडिल पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल युवक को ईलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेजा एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

### मायुमं ने मजदूरों में बांटे टिफिन बॉक्स

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा बिष्टुपुर जी टाउन मैदान में मजदूरों के बीच टिफिन बॉक्स वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उन मजदूरों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करना था। हम उनके जीवन को थोड़ा और सहज बनाने के लिए कुछ करना चाहते थे। टिफिन बॉक्स वितरित करना इस दिशा में एक छोटा सा कदम है, पर हमें उम्मीद है कि यह उनके लिए उपयोगी और प्रेरणादायक होगा। मजदूरों ने मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष अग्रवाल, सुगम सरायवाला, रवि कुमार गुप्ता, उत्कर्ष अग्रवाल, शिव चौधरी, अनुज सरायवाला, गौरव अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आलोक केडिया एवं उमंग अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### शहीद दिलीप बेसरा के माता पिता को राजेश मार्डी ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** कारगिल शहीद दिलीप बेसरा की 19वीं शहादत दिवस के अवसर पर जमशेदपुर निवासी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी ने शहीद दिलीप बेसरा की माता फुलमुनी बेसरा और पिता सिंगराई बेसरा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया । विगत एक अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में वीवीडीए के 38वीं वार्षिक सम्मान समारोह में शहीद के माता पिता शामिल नहीं हो सके थे और तब वीवीडीए के आजीवन सदस्य राजेश मार्डी कल अपने समर्थकों के साथ बेनाशोल स्थित उनके गाँव जाकर शहीद के माता पिता का कुशलक्षेम पूछा और उन्हें सुंदर सा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वीवीडीए का मोमेंटो पाकर शहीद के माता पिता बहुत खुश हुए और उन्होंने राजेश मार्डी को अपना आशीर्वाद दिया। मौके पर बेनाशोल मुखिया सुकुरमुनी हेम्ब्रम, उपमुखिया पिंटू दास, झामुमो के वरिष्ठ नेता गौरंगो माहली थे।

## महारक्तदान शिविर आठ को तैयारी में जुटी टीम रेडक्रॉस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा 8 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन हमेशा की तरह व्यापक रक्तदान शिविर के साथ किया जा रहा है। रक्तदान महायज्ञ के रूप में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर से जमशेदपुर के रक्तदाताओं की संवेदना जुड़ी है, ताकि हर जरूरतमंद को गर्मी के दिनों रक्त आसानी से प्राप्त हो सके। उसी अनुरूप रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने प्रत्येक वर्ष की भांति रक्तदाताओं के लिए सभी तैयारियां की है। ग्राउन्ड फ्लोर पर हमेशा की तरह कम्प्युटराईज्ड रजिस्ट्रेशन के साथ, होमोग्लोबिन जांच की सुविधा होगी, जिस कार्य में जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की टीम के साथ रेड क्रॉस कार्यकर्ता सहयोगी होंगे। बेसमेन्ट के रक्तदान हॉल में 24 बेड रक्तदान के लिए लगाये जायेंगे, जिसमें रक्तदाता आसानी से रक्तदान कर सकेंगे। महिला डोनर के लिए विशेष दो बेड की व्यवस्था होगी, वहीं विशेष सेवा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के तुरंत रक्तदान के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। रक्तदान से पूर्व एवं पश्चात रक्तदाता अपनी सुविधा के अनुसार रेड क्रॉस भवन में उपलब्ध जलपान की व्यवस्था में सत्तू, ग्लूकोज, इडली, पोहा, फ्रूट चाट का आनन्द ले सकेंगे। वहीं दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी है। गर्मी को देखते हुए पानी, सत्तू एवं ग्लूकोज की सेवा पूरे रक्तदान शिविर के दौरान दी जायेगी। शाम के समय 4 से 5 बजे आने वाले रक्तदाताओं का स्वागत मीठा के रूप में खीर के साथ की जायेगी। टीएम रेडक्रॉस ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के तुरंत बाद फ्रूट जूस एवं केक प्रदान किया जायेगा, साथ ही रक्तदाताओं के साईज के अनुरूप उन्हें रेड क्रॉस टी शर्ट उपहार में प्रदान किया जायेगा, पॉलीथीन हटाओं की मुहिम के साथ सभी रक्तदाताओं को एक आकर्षक रक्तदान से जुड़ा जूट बैग प्रदान किया जायेगा एवं गर्मी से बचाव के लिए टोपी प्रदान की जायेगी।

## शिक्षण कार्य केवल रोजगार नहीं, सेवा का एक माध्यम भी है : डॉ संजीव आनंद

- डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में मनाया गया ग्रेजुएशन नाइट समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार की शाम डी.बी.एम.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन जमशेदपुर के सभागार में 2025 का ग्रेजुएशन नाइट समारोह संपन्न हुआ। इस अकादमिक जलसे की शुरूआत बहुत मनोरम थीं प्राचार्या , उप प्राचार्या एवं सभी शिक्षिकाओं ने दीप लेकर शिक्षा की ज्योति फैलाते हुए पंक्तिबद्ध सभागार में प्रवेश किया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के सीवीसी डॉ. संजीव आनंद थे। समारोह में डी.बी.एम.एस. ट्रस्ट के चेयरपर्सन फाइनेंस श्री बी.चंद्रशेखर चेयरपर्सन प्रशासन ,श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, संयुक्त चेयरपर्सन श्रीमती कमला सुब्रमनियम एवं कॉलेज की सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन, संयुक्त सचिव श्रीमती सुधा दिलीप, गर्वनिंग बॉडी के सचिव श्री सतीश कुमार सिंह ,डी.बी.एम.एस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कोषाध्यक्ष श्री एस.धर्मराजन डॉक्टर, प्राचार्या जूही समर्पिता, उप प्राचार्या डॉक्टर मोनिका उप्पल, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कॉलेज के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं इस समारोह में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अंजली गणेशन ने किया।

समारोह के आरंभ में मुख्य अतिथि, एवं अन्य अतिथियों का परिचय डी.बी.एम.एस के ट्रस्ट के चेयरपर्सन श्री बी.चंद्रशेखर , चेयरपर्सन प्रशासन श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, सचिव श्रीमती श्रीप्रिया धर्मराजन ने किया। उसके पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत गीत संगीत शिक्षिका श्रीमती अमृता चौधरी एवं बी.एड के छात्रा परिमल पॉल , रवि शंकर पाण्डेय, रोहित पोद्दार, अनुष्का कुमारी सिंह, असाई कलुन्डिया, रुचिका मिश्रा, नमन्ति कंडूलना, अर्पिता पॉल के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर जूही समर्पिता ने अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और दो वर्षों की उपलब्धियों परीक्षा, फल, विभिन्न गतिबिधियों की विस्तार से चर्चा की ।उन्होंने कहा कि कॉलेज ने बहुत कम समय कोल्हान विश्व विद्यालय में अपनी पहचान बना ली है। तत्पश्चात श्रीप्रिया धर्मराजन कॉलेज की सचिव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और प्रबंधन द्वारा दी गई सुविधाओं का उल्लेख किया।

## एक नजर में

### गम्हरिया में 102 यूनिट रक्तदान



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में रक्तदान शिविर लगाया। कंपनी परिसर के इस शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रक्त के बगैर मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। रक्तदान से बढ़कर कोई महादान नहीं है। प्रत्येक मनुष्य को स्वयं को स्वस्थ रखने एवं दूसरे की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करना चाहिए। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक बंसल ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में कंपनी का प्रयास अव्वल है। इसके आयोजन में सुपत्रा, शिवार्य बंसल, अविनाश झा, भुवनेश पारिक, जय सिंह, शिशिर गोयल, प्रशांत चौधरी, रश्मि तिवारी, विकास राय, उत्तम मिश्रा, अरुणेश सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### डीबीएमएस कदमा में मना श्रमिक दिवस समारोह



**जमशेदपुर।** 1 मई को डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में श्रमिक दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जो विद्यालय के सभागार 'कलाकृति' में संपन्न हुआ। यह आयोजन विशेष रूप से विद्यालय के भैया एवं दीदियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु किया गया, जिन्होंने अपने श्रम और सेवाभाव से विद्यालय को सुचारु रूप से चलाने में अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ। तत्पश्चात नृत्य, संगीत और विविध खेल प्रतियोगिताओं ने सभी का मन मोह लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। मौके पर डीबीएमएस संस्था की प्रशासनिक अध्यक्षा ललिता चंद्रशेखर, वित्त अध्यक्ष बी चंद्रशेखर, सचिव अनीता रामकृष्णा, कोषाध्यक्षा भुवना कृष्णन, संयुक्त सचिव उषा मालिनी, संयुक्त कोषाध्यक्षा पीएस अरुणा रवि, प्रधानाचार्या गुरप्रीत भामरा, उप-प्रधानाचार्या एस शिरीन, समन्वयकगण एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### ब्रह्मानंद नारायण अस्पताल ने डीएक्ससी टेक्नोलोजी में लगाया मेडिकल कैंप



**जमशेदपुर।** डीएक्ससी टेक्नोलॉजी एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 3 मई को एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप डीएक्ससी टेक्नोलॉजी के बिष्टुपुर परिसर में किया गया। जिसमें सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मुकेश कुमार ने 75 से ज्यादा लोगों की जांच की। कैंप में निशुल्क शुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं ईसीजी की जांच की गयी। कैंप के संचालन में अंशु जी, शैलेंद्र, मंगल सिंह, चितरंजन एवं रुचि प्रसाद आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ मुकेश कुमार ने डीएक्ससी टेक्नोलॉजी के इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को काफी सराहा।

### गोस्वामी समाज ने मृतकों के लिए निकाला कैंडल मार्च




**जमशेदपुर।** शनिवार संध्या 7 बजे डिमना चौक पर गोस्वामी समाज कल्याण समिति जमशेदपुर 22-04-2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर घूमने आये 26 हिन्दू पर्यटकों की सरेआम नृशंस हत्या कर दी। इसका हमारे समाज द्वारा घोर निंदा करती है। गोस्वामी समाज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करता है कि उन हत्यारे को खोजकर भारत में लाकर तड़पा तड़पा कर उसे फांसी की सजा दी जाए ।आज सम्पूर्ण गोस्वामी समाज, अवधेश गिरि, जयदर्थ गोस्वामी, ललन गोस्वामी, केदार गोस्वामी,सौरव गिरि, अमित गिरि, आजाद गिरि, घनश्याम गोस्वामी, सुमीत कुमार, हरेन्द्र गोस्वामी, कौशिक गिरि, अंकलेश गिरि, कुंती भारती, सोनाली, खुशबू, ज्योति, हेमलता, शीतल, दीपक गुप्ता, विकरम सिंह, रामाशंकर सिंह, प्रमोद गोस्वामी, आनन्द सिंह, प्रवीण सिन्हा एवं गोस्वामी समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस निर्मम हत्या के विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ और पहलगाम में मारे गए शहिदों के प्रति कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धा सुमन श्रधांजलि अर्पित किया।

## कांग्रेस की महारैली को सफल बनाने को साकची प्रखंड का दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह पर्वेक्षक राकेश तिवारी एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री आनंद बिहारी दुबे आज साकची प्रखंड के दौरे पर पहुंचे अगामी 6 मई को रांची पुराना विधानसभा धुर्वा मैदान में संविधान बचाओ महा रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पहुंचे थे। मौके पर प्रदेश सचिव सह पर्यवेक्षक राकेश तिवारी ने कहा की साकची प्रखंड में संगठन सृजन 2025 के तहत कार्यक्रम चलाया जाना है लेकिन उससे पहले 6 मई को रांची पहुंचकर महा रैली को सफल बनाना है। उन्होंने कहा इस इस महा रैली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झारखंड कांग्रेस के प्रभारी श्री के राजू इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि महारैली प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की नेतृत्व में ऐतिहासिक होने जा रहा हैं इसलिए कांग्रेस के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुबह 7 बजे रांची के लिए प्रस्थान करें ताकि 10:30 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा की सताधारी केंद्र की सरकार संविधान को अपने अनुसार चलना चाहती है।



तैयारी बैठक के दौरान राकेश तिवारी व अन्य।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से संसाधनों की बचत होगी, लोकतंत्र मजबूत होगा : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार को एसबीएम हाई स्कूल, जमशेदपुर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव केवल एक चुनावी अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को और अधिक संगठित, पारदर्शी और सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस प्रणाली से बार-बार होने वाले चुनावों के कारण उत्पन्न होने वाले प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक व्यवधानों को रोका जा सकेगा। इससे सरकारी संसाधनों की बचत, शासन में स्थायित्व, और नीतिगत निर्णयों की निरंतरता सुनिश्चित होगी। भाजपा राष्ट्र प्रथम भावना से काम कर रही है और राष्ट्र प्रथम देश की जनता का का भी एजेंडा है। इस देश के तमाम नागरिकों का यह एजेंडा है। कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के संग केक काटा। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बेहद खास रहा। स्कूल के प्यारे बच्चों ने मेरे जन्मदिन को यादगार बना दिया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत बागबेड़ा में मना बिहार सम्मेलन

- बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी हुए शामिल
- कहा, बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत बागबेड़ा के बड़ौदा घाट रेलवे सोसाइटी कम्युनिटी हॉल में बिहार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई अभियान के जमशेदपुर महानगर संयोजक विजय तिवारी ने की। इस दौरान बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा हुई। सम्मेलन में वक्ताओं ने बिहार के मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने और केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया। सभी कार्यकताओं ने बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लिया।

सम्मेलन में बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी ने कहा कि बिहार और झारखंड सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में बंधे हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से हम अपने बिहारवासियों को जागरूक कर रहे हैं कि आने वाले चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत दिलाना है। बिहार के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है।

जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि जमशेदपुर में रहने वाले बिहार मूल के नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिजनों को सही नेतृत्व चुनने के लिए प्रेरित करें और बिहार में एनडीए की मजबूत सरकार बनाएं।

इस दौरान बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, विजय तिवारी, सुबोध झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, उज्ज्वल सिंह, विमलेश उपाध्याय, गोपाल ओझा, संजय पाठक, राजकमल यादव समेत बागबेड़ा मंडल के भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे।




## आरसीबी की आठवीं जीत, चेन्नई को दो रन से हराया, लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले

# आरसीबी के आगे सीएसके ने किया सरेंडर

एजेंसी

**बेंगलुरु।** विराट कोहली, जैकब बेथल और रोमारियो शेफर्ड की फिफ्टी के बाद कसी हुई गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 3 रन से हरा दिया। अंतिम ओवर के रोमांच में सीएसके को जीत के लिए 16 रन बनाने थे, लेकिन यश दयाल ने सिर्फ रन खर्च कर मैच को आरसीबी की झोली डाल में दिया। इस तरह आरसीबी ने इस सीजन में 8वीं जीत के साथ 16 अंक अर्जित कर ली। हालांकि, 16 पॉइंट्स के बावजूद आधिकारिक रूप से आरसीबी की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंची है। एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतने के बाद पहले आरसीबी को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने विराट कोहली, जैकब बेथल और रोमारियो शेफर्ड की अर्धशतकीय पारी से निर्धारित 20 ओवर के खेल में 5 विकेट के नुकसान पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में सीएसके ने दमदार खेल दिखाते हुए एक समय मैच अपने पक्ष में कर लिया था, लेकिन दुर्भाग्य से वह लक्ष्य से पीछे रह गई। सीएसके टारगेट का पीछा करते हुए 20 ओवर में 211 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इस मैच में आरसीबी के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने कमाल की पारी खेली। पारी की शुरूआत करने आए विराट कोहली और जैकब बेथल के बीच पहले विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड ने सिर्फ 14 गेंद में फिफ्टी ठोककर आरसीबी के गेंदबाजों की हालत खराब कर दी। आरसीबी के लिए मैच में विराट कोहली 33 गेंद में 62 रन बनाए जबकि बेथेल ने 33 गेंद में 55 रन का योगदान दिया। चेन्नई के गेंदबाजों के दिशाहीन प्रदर्शन ने उनका काम और आसान कर दिया। शेफर्ड ने आखिर में 14 गेंदों में चार चौकों और छह छक्कों के साथ नाबाद 54 रन बनाए। उन्होंने आइपीएल में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। आरसीबी के लिए मैच में जैकब बेथल ने पहले ही ओवर से अपना आक्रामक तेवर दिखाना शुरू कर दिया था। बेथेल ने खलील को पहले ही ओवर में लगातार तीन चौके लगाए। इंग्लैंड के 21 साल के इस बल्लेबाज को जीवनदान भी मिला जब तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज की गेंद पर उनका कैच लपकने के प्रयास में रविंद्र जडेजा और मथीशा पथिराना टकरा गए और कैच भी छूट गया। उस समय बेथेल 27 रन पर थे और जडेजा को रिवर्स स्कूप लगाकर उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने भी जडेजा को चौका लगाकर 50 रन पूरे किए। चेन्नई सुपर किंग्स को 17 साल के आयुष म्हात्रे ने तेजतर्रार शुरूआत दी। म्हात्रे ने आरसीबी के अनुभवी गेंदबाजों का सामना किया और चेन्नई के लिए अर्धशतक बनाने वाले सबसे युवा प्लेयर भी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड चेन्नई में चिन्ना थाला के नाम से मशहूर सुरेश रैना के नाम पर था जिन्होंने साल 2008 में मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। म्हात्रे ने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 114 रन की पार्टनरशिप की। यह बेंगलुरु बनाम चेन्नई मैच की तीसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी रही। इस लिस्ट में पहले नंबर पर शिवम दुबे और रॉबिन उथप्पा है जिन्होंने आरसीबी के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए 165 रन जोड़े थे। उनके बाद माइक हसी और मुरली विजय का नाम है जिन्होंने साल 2011 में 159 रन की पार्टनरशिप की थी।



### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +0.482 |
| मुंबई | 11 | 07 | 03 | 00 | 14 | +1.274 |
| गुजरात | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 | +0.867 |
| पंजाब | 10 | 06 | 03 | 01 | 13 | +0.199 |
| दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 | +0362 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 01 | 09 | +0.271 |
| राजस्थान | 11 | 03 | 08 | 00 | 06 | -0.780 |
| हैदराबाद | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 | -1.192 |
| चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 00 | 04 | -1.117 |

**पर्पल कैप** — 19 विकेट — प्रसिद्ध कृष्णा, गुजरात

**ऑरेंज कैप** — 505 रन — विराट कोहली, बेंगलुरु

### बेंगलुरु 213/5 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल कै. ब्रेविस बो. पथिराना | 55 | 33 | 08 | 02 |
| कोहली कै. अहमद बो. करन | 62 | 33 | 05 | 05 |
| पडिक्कल कै. जडेजा बो. पथिराना | 17 | 15 | 01 | 01 |
| पाटीदार कै. करन बो. पथिराना | 11 | 15 | 01 | 00 |
| जितेश कै. ब्रेविस बो. नूर | 07 | 08 | 01 | 00 |
| टिम डेविड नाबाद | 02 | 03 | 00 | 00 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 53 | 14 | 04 | 06 |

अतिरिक्त : 06

विकेट पतन : 1-97, 2-121, 3-144, 4-154, 5-157.

गेंदबाज : खलील अहमद : 3-0-65-0, अंशुल कंबोज : 3-0-25-0, नूर अहमद : 4-0-26-1, रवींद्र जडेजा : 3-0-26-0, सैम करन : 3-0-34-1, मथीशा पथिराना : 4-0-36-3.

### चेन्नई 211/5 (20ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे कै. क्रुणाल बो. एनगिडी | 94 | 48 | 09 | 05 |
| रशीद का. शेफर्ड बो. क्रुणाल | 14 | 11 | 01 | 01 |
| करन कै. जितेश बो. एनगिडी | 05 | 05 | 01 | 00 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 77 | 45 | 08 | 02 |
| ब्रेविस एलबीडब्ल्यू एनगिडी | 00 | 01 | 00 | 00 |
| धोनी एलबीडब्ल्यू दयाल | 12 | 08 | 00 | 01 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 | 03 | 00 | 01 |

अतिरिक्त :01

विकेट पतन : 1-51, 2-58, 3-172, 4-172, 5-201.

गेंदबाज : क्रुणाल पंड्या : 3-0-24-1, भुवनेश्वर कुमार : 4-0-55-0, यश दयाल : 4-0-41-1, लुंगी एनगिडी : 4-0-30-3, सुयश शर्मा : 4-0-43-0, रोमारियो शेफर्ड : 1-0-18-0.

## प्लेऑफ की उम्मीदों को बल देने उतरेगा केकेआर



एजेंसी

**कोलकाता।** जब गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स का रविवार को राजस्थान रॉयल्स से सामना होगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बल देना होगा। केकेआर को अब लीग चरण के चार मैच खेलने हैं। अगर टीम सभी मुकाबले जीतती है तो उसके खाते में 17 अंक हो जाएंगे और वह शीर्ष चार में आसानी से शामिल हो जाएगी। केकेआर को इन चार मैच में से दो मैच घरेलू मैदान पर खेलने हैं। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के बाद बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। इसके अलावा उसे 10 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 मई) के खिलाफ उनके मैदान पर मैच खेलने हैं। सनराइजर्स की टीम अपना उत्साह को चुकी है लेकिन बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है और ऐसे में कोलकाता का अंतिम मुकाबला बेहद रोचक होने की संभावना है लेकिन यह अभी बाद की बात है और केकेआर को अभी अपना ध्यान घरेलू मैदान पर होने वाले दो मैच पर केंद्रित करना होगा। राजस्थान और चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं और ऐसे में वे बिना किसी खास दबाव के मैदान पर उतरेंगी जिससे निपटना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा। केकेआर की बड़ी चिंता घरेलू मैदान पर उनका खराब प्रदर्शन है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिखाया जज्बा आस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार

**पर्थ।** पर्थ हॉकी स्टेडियम में शनिवार को खेले गए आस्ट्रेलिया दौरे के चौथे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन अंत में उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से नवनीत कौर (35') और लालरेम्सियामी (59') ने गोल किए, जबकि आस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टुअर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेज (42') ने गोल दागे। मैच की शुरूआत से ही आस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और महज दूसरे मिनट में ग्रेस स्टुअर्ट ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन किया।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिये चिंता का विषय बनी हुयी है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आइसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आइपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा।

## ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप शुरू मेजबान झारखंड 12 स्वर्ण पदक के साथ आगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वाधान में दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप झारखंड खेल गांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान टीम झारखंड के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण पदक लेकर अपनी मजबूत स्थिति बनाकर पहले स्थान पर रहे वहीं दूसरे स्थान पर 7 स्वर्ण पदक लेकर छत्तीसगढ़ की टीम रही 3 स्वर्ण पदक के साथ चौथे स्थान पर उड़ीसा की टीम रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी पूर्व खेल निदेशक राज किशोर खाखा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा विश्व कराटे महासंघ रेफरी जयंत कुमार करमाकर के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा के के विद्यार्थियों ने बैंड प्रदर्शन की प्रस्तुति की। प्रतियोगिता का संचालन विश्व कराटे महासंघ और एशियाई कराटे महासंघ एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी के द्वारा किया गया।

## मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस को बनाया आइकॉन प्लेयर

एजेंसी

**मुंबई।** टी-20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण में सोबो मुंबई फाल्कन्स ने दमदार एंट्री कर ली है। क्रिकेट के प्रति जुनून और विजन के साथ यह फ्रेंचाइजी न केवल अपने पहले सीजन में शानदार प्रदर्शन करना चाहती है, बल्कि मुंबई क्रिकेट की समृद्ध परंपरा को आगे भी बढ़ाना चाहती है। टीम की शुरूआत को और खास बनाते हुए भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव को फ्रेंचाइजी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स, जो दक्षिण मुंबई की सांस्कृतिक आत्मा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतिनिधित्व करती है, इस सीजन में पहली बार मैदान में उतर रही है। 26 मई से 8 जून तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में यह टीम नई ऊर्जा और कड़ी प्रतिस्पर्धा लेकर आएगी। टी-20 मुंबई लीग का यह तीसरा संस्करण भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार रोहित शर्मा के चेहरे के रूप में और भी खास बन गया है। वहीं, मुंबई फाल्कन्स की ओर से श्रेयस अय्यर को आइकन प्लेयर बनाया गया है, जिससे टीम को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, हम मुंबई फाल्कन्स को टी20 मुंबई लीग में पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह फ्रेंचाइजी दक्षिण मुंबई की ऊर्जा, जुनून और संकल्प की प्रतीक है। फाल्कन्स मुंबई क्रिकेट के गर्व, प्रदर्शन और आत्मा का प्रतीक बनेगी। टी20 मुंबई लीग 2025 में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जो 20 मुकाबले खेलेंगी। हर टीम लीग स्टेज में 5 मैच खेलेगी।



## पंजाब के खिलाफ लखनऊ लड़ेगी अस्तित्व की लड़ाई



एजेंसी

**धर्मशाला।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर किंग्स रविवार को हिमालय की सुरम्य वादियों से घिरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी। चेन्नई सुपर किंग्स पर चार विकेट की जीत से उत्साहित पंजाब इस मुकाबले में लय और फॉर्म के साथ मजबूती से उतरेगा। पंजाब की जान उसकी विस्फोटक सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य में है, जिन्होंने इस सीजन में मिलकर करीब 700 रन बनाए हैं।

## ब्रिटेन के केर ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत



**फ्लोरिडा।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34.51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो।

## दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के बिशप स्कूल में सत्यानंद योगा एसोसिएशन एवं श्री अरबिंदो आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप शनिवार से शुरू हुई। योग प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथि ममता अंसारी, रवि अग्रवाल, रमेश भाई, सीमा अग्रवाल, अनम इकबाल, सुरेश मुर्मू, परिणिता सिंह, डॉ रुपम कुमारी, संजय कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के मौके पर संस्था के नन्हे मुन्ने छोटे-छोटे बच्चे योग प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग का प्रयोग की जा रही है। कोलकाता से पहुंचे मानिक प्रधान के नेतृत्व में झारखंड के निर्णयाको के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसमें राज्यभर के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन सीनियर वर्ग के योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इससे पूर्व संस्था के निर्देशक आदित्य कुमार सिंह एवं सचिव रूपम कुमारी में आगुंतकों का स्वागत किया। मौके पर आदित्य सिंह, डॉ रूपम सिंह, सपन साह, रजनी बक्शी, राहुल पोद्दार, डॉ कृष्ण कुमार राय, सुशीत बनर्जी, कुमारी सृजन, सारिका कुमारी, विवेक कुमार, संजय कुमार सहित योग प्रेमी, योग प्रशिक्षक उपस्थित थे।




## तीन दिवसीय रेफरी सेमिनार शुरू



**रांची।** छोटानागपुर एथेलिटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से तीन दिवसीय रेफरी सेमिनार शनिवार से शुरू हुआ। इस सेमिनार में रांची जिला के लगभग 70 रेफरी शामिल हुए। सेमिनार में भाग ले रहे रेफरी को झारखंड रेफरी बोर्ड के इंस्ट्रक्टर नवीन जे सुंडी ने फीफा के नए नियमों से अवगत कराया। साथ ही रेफरी के भविष्य के बारे भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज झारखंड रेफरी के क्षेत्र में बहुत आगे है। यहां के कई रेफरी ने राष्ट्रीय स्तर का मुकाम हासिल किया। रांची से अभी एक रेफरी नेशनल स्तर का बना, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। सुंडी ने कहा कि आप अगर चाहे तो इस क्षेत्र में इससे बहुत पैसा भी कमा सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको रेफरी की हर बारिकी को पहले जानना होगा। साथ ही पूरे तरह से फिट रहना होगा। सुंडी ने कहा कि नए रेफरी जो पास कर गए हैं, उनके लिए रांची में होने वाले फुटबॉल लीग खेलाने का अच्छा मंच है। बता दें कि इस तीन दिवसीय रेफरी सेमिनार में थ्योरी के साथ-साथ ग्राउंड में प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा। जितना ज्यादा रेफरी मैच खेलाएंगे उतना वो कुशल होंगे। इस मौके पर सीएए के महासचिव आसिफ नईम, रांची रेफरी के एचओआर फरीद खान सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट




**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट (2024-25) का फाइनल मुकाबला शनिवार को नगड़ी क्रिकेट एकेडमी बनाम हरमू यूथ क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मैच गोलचक्र मैदान, धुर्वा में खेला गया। जिसमें नगड़ी क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। शनिवार को टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि संजय सहाय जे एस सी ए के अध्यक्ष थे। विजेता एवं उपविजेता को संजय सहाय ने ट्रॉफी दिए साथ में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष सुनील कुमार, विभूति भूषण प्रसाद, जिला संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सौमित्र पटनायक मौजूद थे। टूर्नामेंट में बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार झारखंड ज्योति क्रिकेट एकेडमी के शोहेब अंसारी एवम बेस्ट गेंदबाद ड्रीम बिग क्रिकेट एकेडमी के सचिन कुमार सिंह को दिया गया। शनिवार के फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के अमृत उरांव को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारणी सदस्य चंचल भट्टाचार्य, रमेश कुमार, सुरेश कुमार, मुज्जफर अली, (मुन्ना), सहायक सचिव सुनील पाल, शम्भु सिन्हा, मुक्तेश सिंह, एस के पांडे, शाहिद मिर्जा, जुलकर नयन, रॉनित कुमार, राजीव रंजन, रवि शर्मा रणधीर कुमार आदि मौजूद थे।

## कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में



**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरूआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे।

# नेमार के अनुबंध को विश्व कप 2026 तक बढ़ाने पर विचार : टेक्सेरा

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजीलियन फुटबॉल क्लब सैंटोस के अध्यक्ष मासेलो टेक्सेइरा ने शुक्रवार को जानकारी दी कि क्लब नेमार के साथ उनके अनुबंध को 2026 फीफा वर्ल्ड कप तक बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। हालांकि नेमार इस समय चोट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद क्लब उन्हें लंबे समय तक बनाए रखना चाहता है।

### नेमार की वापसी और मौजूदा प्रदर्शन

नेमार ने इस साल जनवरी में अपने करियर की शुरूआत करने वाले क्लब सैंटोस में वापसी की थी। उन्होंने यूरोप और सऊदी अरब में एक दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद सैंटोस के साथ छह महीने का अनुबंध किया था। 33 वर्षीय नेमार ने वापसी के बाद अब तक क्लब के लिए 9 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं।




### ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो छोड़ा

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो से नाता तोड़ लिया है। वह अपने मूल क्लब में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल होने के महज चार महीने बाद ही इससे अलग हो गए हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक संक्षिप्त बयान में क्रूजेरो ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, हालांकि उन्होने कोई और जानकारी नहीं दी।

### क्लब ने तैयार किया स्पेशल रिकवरी प्लान

क्लब अध्यक्ष टेक्सेइरा ने कहा, जब हमने नेमार को वापस लाया, तो हमें पता था कि वह एक गंभीर चोट से उबर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने अपनी मेडिकल टीम और रिकवरी सुविधाएं नेमार को समर्पित कर दी हैं। हमारा लक्ष्य है कि उनकी मैदान पर वापसी को इस तरह मॉनिटर करें जिससे वह वर्ल्ड कप तक हमारे साथ रहें।

### चोटों से परेशान हैं नेमार

नेमार पिछले साल अक्टूबर में मैदान पर लौटे थे, लेकिन तब से लगातार पैर की मांसपेशियों की समस्याओं से जूझते रहे हैं। इससे पहले वह घुटने की गंभीर चोट के कारण एक साल से अधिक समय तक फुटबॉल से दूर रहे थे।

### नये कोच की नियुक्ति

इस बीच, ब्राजीलियाई लीग में खराब प्रदर्शन के चलते सैंटोस फिलहाल 20 टीमों की तालिका में 19वें स्थान पर है। क्लब ने हाल ही में मुख्य कोच पेड्रो कैक्सिन्हा के जाने के बाद ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व सहायक कोच क्लेबर जेवियर को नया मैनेजर नियुक्त किया है।

## 14वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप, मनीला में झारखंड के खिलाड़ी चमके



**रांची।** 27 अप्रैल से 03 मई तक फिलीपींस के मनीला शहर में आयोजित 14वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखंड राज्य के महिला ट्रिपल में पश्चिमी सिंह भूम की जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की एवं झारखंड पुलिस में कार्यरत लवली चौबे ने अपने शानदार खेल की बदौलत भारतीय टीम को गौरवान्वित करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाया। वही रूपा रानी तिर्की एवं लवली चौबे की ने महिला फोर्स में भी कांस्य पदक दिलाया। वही झारखंड पुलिस में कार्यरत सुनील बहादुर एवं दिनेश ने पुरुष फोर्स में अपने शानदार खेल की बदौलत भारतीय टीम को गौरवान्वित करते हुए देश को रजत पदक दिलाया। वही सुनील बहादुर एवं दिनेश कुमार ने पुरुष ट्रिपल एवं पुरुष फोर्स में कांस्य पदक दिलाया। इस उपलब्धि पर झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आर के आनंद, भारतीय लॉन बॉल टीम मुख्य प्रशिक्षक सह वर्तमान झारखंड टीम प्रशिक्षक एवं जे ओ ए महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, डी जी पी डॉ अनुराग गुप्ता, खेल सचिव श्री मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, झारखंड लॉन बॉल संघ के आशीष झा, रितेश झा, रोहित सिंह, सी डी सिंह, देवेंद्र, रणवीर सिंह समेत झारखंड बाउलिंग संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# बीएसएल में अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में औद्योगिक सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अत्याधुनिक एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर फाइटिंग वाहन का लोकार्पण बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर बोकारो इस्पात संयंत्र के ईडी संकार्य सीआर महापात्रा राजश्री बनर्जी विकास मनवटी विभिन्न विभागों के सीजीएम सीआईएसएफ के डीआईजी दिग्विजय कुमार सिंह व कमांडेंट एवं फायर विंग के डिप्टी कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस मौके पर कहा कि यह अत्याधुनिक वाहन न केवल संयंत्र की आपात प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक दक्ष बनाएगा बल्कि कर्मचारियों एवं संयंत्र परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। उन्होंने अग्निशमन सेवा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह वाहन विशेष रूप से बहु-मंजिला संरचनाओं में आग लगने अथवा अन्य आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव अभियानों के संचालन को सरल, सुरक्षित और प्रभावी बनाने में सक्षम है। उन्नत तकनीक से लैस इस वाहन की मदद से 42 मीटर की ऊंचाई तक राहत एवं बचाव कार्य किया जा सकता है।

साथ ही इसमें 360 डिग्री में घूमने वाला बूम लगा है और सटीक पोजिशनिंग की सुविधा है। अतः जटिल रेस्क्यू ऑपरेशनों को कुशलता के साथ संपन्न करने में भी सक्षम है। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन अग्निशमन सेवा के एजीएम कुमार रजनीश द्वारा किया गया।

# कौटिल्य महापरिवार ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता




**फुसरो।** करगली बाजार स्थित कौटिल्य भवन में कौटिल्य महापरिवार के सदस्यों द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के समक्ष सामूहिक रूप से सदस्यों द्वारा द्वीप प्रज्वलित करते हुए पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। सभी सदस्यों ने महापरिवार के प्रति अपने विचार प्रकट किये। महापरिवार के संरक्षक देवता नंद दुबे ने परिसर को संस्कार उद्यान के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए की सामान्य परिवार के लोग अपने बच्चों के शादी विवाह व अन्य संस्कार यहां करें तो उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। इस हेतु पाकशाला, संस्कार मंडप व आवास की हेतु कम से कम पांच कमरे व बरामदा का निर्माण स्थानीय निकाय या जनप्रतिनिधि के सहयोग से बनाने का प्रयास हम सभी सदस्यों को मिलकर करना चाहिए। संगठन सचिव राम नरेश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष भर में जो कार्यक्रम आयोजित होता है उसे कम करते हुए परिवार के सदस्य को समाज के सभी थोड़ा-थोड़ा आर्थिक सहयोग लेकर परिसर को आकर्षक बनाना चाहिये। उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने कौटिल्य भवन को परिवार तथा समाज के लिए, एक वरदान के रूप में परिभाषित किया। अध्यक्ष अजय कुमार झा व श्याम मिश्रा ने मासिक स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग देकर भवन के रख रखाव के लिए एक व्यक्ति को मासिक वेतन पर रखने का विचार दिए। संस्थापक अनिल चंद्र झा ने कहा की पुलवामा के सभी 27 मृतकों को शहीद का दर्जा देने हेतु सरकार को विचार करना चाहिए क्योंकि पर्यटकों की सुरक्षा सरकार की नैतिक जिम्मेवारी होती है और कहीं ना कहीं सुरक्षा में हुई चुक के कारण निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण क्षेत्र में जाकर सभी समाज के संस्कार तथा परंपरा का अध्ययन कर उसे संरक्षित करना चाहिए इस हेतु जल्द ही वैसे विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं जो सामाजिक विषय के रहे हो उन्हें संगठन से जोड़ा जाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य और संस्कार के प्रति जागृत करना ही कौटिल्य परिवार का मुख्य उद्देश्य है।

## एक नजर में

### तेनुघाट से अधिवक्ता प्रतिनिधि मंडल रांची रवाना, बीमा योजना का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**बेरमो।** बोकारो जिले के तेनुघाट से अधिवक्ता प्रतिनिधि मंडल रांची रवाना बीमा योजना का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, झारखंड सरकार राज्य के अधिवक्ताओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करने जा रही है इस महत्वाकांक्षी योजना का औपचारिक शुभारंभ आज 3 मई शनिवार को रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव में एक भव्य समारोह में किया जाएगा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस अवसर पर अधिवक्ताओं को डिजिटल स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रदान करेंगे तेनुघाट अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने के लिए रांची रवाना हो गए अधिवक्ताओं में इस पहल को लेकर काफी उत्साह और मुख्यमंत्री के प्रति आभार का माहौल है यह योजना झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को लाभान्वित करेगी सरकार प्रत्येक अधिवक्ता के लिए ?6000 का बीमा प्रीमियम वहन करेगी जिसके लिए राज्य सरकार ने कुल 9 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है यह लाभ वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए उपलब्ध होगा इस संदर्भ में अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा यह गर्व की बात है की झारखंड के मुख्यमंत्री ने पहली बार अधिवक्ताओं के हित में कोई बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है यह अधिवक्ताओं के सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस घोषणा को अधिवक्ता समुदाय एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देख रहा है जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत देवडांड थाना क्षेत्र के देवडांड-सिदबाक पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग जीतपुर मोड़ के समीप हाइवा की चपेट में आने से 40 वर्षीय सिदबाक गांव निवासी उदेश्वर सिंह की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की देर शाम की है जहां प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज रफ्तार से सिदबाक की ओर से आ रही थी। इसी दौरान बाइक सवार युवक हाइवा की चपेट में आ गया, जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर काफी संख्या में जमा हो गये और हो-हंगामा शुरू कर दिया। वहीं काफी देर तक सड़क पर लोगों की भीड़ जमा रही, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसके बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और भीड़ को समझा बुझाकर हटाया गया। स्थानीय ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर काफी संख्या में सड़क पर डटे रहे। मिली जानकारी के अनुसार मृतक को पत्नी सहित चार बच्चे थे जिसे वह अपने पीछे छोड़ गया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वाहन मालिक पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार : सुमित

**बेरमो।** बिहार प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री बिहार सरकार मंत्री सुमित कुमार सिंह ने अपने मामा फुसरो उद्योगपति जयप्रकाश सिंह उर्फ लाल बाबू सिंह के आवास में कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार। कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी और नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में समानता, महिलाओं को आरक्षण, शिक्षा, आवास और सामाजिक सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए, जिससे बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह निमाई सिंह चौहान, भरत सिंह, बिनोद कुमार सिंह, शत्रुघन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### जीवन में आने वाले चुनौतियों का निराकरण शिक्षित बच्चा ही कर सकता है : मुकेश कुमार

**फुसरो(बेरमो)।** बेरमो प्रखण्ड अन्तर्गत बीआरसी भवन के समीप अवस्थित उवि न्यू सेलेक्टेड ढोरी में रसमग्र शिक्षा अभियानर का मुख्य लक्ष्य आंगनबाड़ी सहित 05-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना है से संबंधित 'रूआर' कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बेरमो मुकेश कुमार शामिल हुए। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया गया कि शिक्षा जीवन में अति महत्वपूर्ण है। बच्चों को आगे के जीवन में जो चुनौती आती है जिसका निराकरण शिक्षित बच्चा ही सफलतापूर्वक कर सकता है। किसी भी समाज का विकास, शिक्षा के विकास पर निर्भर करता है। स्कूल, विद्यालय एवं समाज की जिम्मेवारी है कि हर एक बच्चे को शिक्षित करना अति आवश्यक है। रसमग्र शिक्षा अभियानर और नई शिक्षा नीति में इस बात का जिक्र है कि 05-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालयी शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल प्रकाश, आदित्य कुमार चौधरी, प्रखण्ड साधन सेवी मिथुन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, मो० रकीब खान, अरबिन्द कुमार सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, संकुल साधन सेवी, रामचन्द्र प्रसाद, कौशलेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सहित बेरमो के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। इसके अलावा बीडीओ श्री कुमार द्वारा कल्याण विभाग अन्तर्गत मवि बेरमो में 36 तथा मवि ढोरी खास में 21, कुल 57 छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया। जिसमें अशोक कुमार गोप, शबनम कुमारी, सूर्य मोहन ठाकुर आदि उपस्थित हुए।

### बीएसएल कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली से डेटा संग्रहण व स्थानांतरण सुविधाजनक



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने अपने कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली का सफलतापूर्वक रोल-आउट किया। इस प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी कोलियरी एसके सिंह ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी तथा ईडी माइंस विकास मनवटी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कोलियरी डिवीजन के अंतर्गत आनेवाली इकाइयाँ- चासनाला जितपुर तासरा रामनगर माइंस एवं सीसीएसओ अब एसएपी प्रणाली से जुड़ गए हैं। यह महत्वपूर्ण पहल कोलियरी डिवीजन को बीएसएल की वर्तमान एसएपी -सक्षम प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत करती है जिससे कार्य प्रक्रियाओं में पारदर्शिता दक्षता और डिजिटल समन्वय को बल मिला है। अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में बीएसएल में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस एवं कोलियरी डिवीजन का विलय होने के पश्चात इनमें एसएपी प्रणाली के एकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। तकनीकी रूप से जटिल इस प्रक्रिया को बीएसएल की सी एंड आईटी ईआरपी तथा संबंधित विभागों की टीमों के संयुक्त प्रयासों ने संभव बनाया है। डेटा ट्रांसफर प्रक्रिया एकीकरण एवं यूजर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न करते हुए पहले झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस डिवीजन में और अब कोलियरी डिवीजन में एसएपी प्रणाली को लागू कर दिया गया है।

### पहलगाम घटना की कवियों ने की निंदा

**दुमका।** मयूराक्षी के बैनर तले कृष्णप्रय कुम्हारपाड़ा में एक विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ रामवरण चौधरी ने की। इस अवसर पर डॉ चौधरी ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद कुत्सित राजनीतिक बयानबाजी से इतर साहित्य सेवा करने वालों से विचार के प्रसार एवं प्रभावी लेखनी के लिए आवाहन किया। ऐसे ही विचारों को समेटते हुए उन्होंने एक कविता का भी पाठ किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में शंभुनाथ मिस्त्री ने युवाओं से अपने हिस्से की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा वर्तमान परिस्थितियों पर उन्होंने स्वरचित कविता का पाठ भी किया। उपस्थित कवियों एवं साहित्यकारों ने क्रम से अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## स्पीड न्यूज

### गांधीनगर थाना के नये थाना प्रभारी ने पदभार संभाला

**बेरमो।** बोकारो जिले के गांधीनगर थाना के नये प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने निवर्तमान प्रभारी पिंटू कुमार मेहता से पदभार लिया. इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि कानून रखा जाएगा। इसके लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है। लोगों को किसी भी तरह की समस्या हो तो वे निर्भिक होकर बिना संकोच आकर हमसे मिले उनकी समस्या का समाधान तत्परता के साथ किया जाएगा। कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध करोबार चलने नहीं दिया जाएगा।

### जिओ और जीने दो के बैनर तले महिलाओं ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



**बोकारो।** पहलगाम के अमानवीय आतंकी कुकृत्य और हत्याकांड के खिलाफ बोकारो की प्रबुद्ध एवं संवेदनशील महिलाओं ने बोकारो मॉल के सामने जिओ और जीने दो के बैनर तले संयोजिका कनक लता राय के दिशा-निर्देश में विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसमें उपस्थित महिलाएं- रवीन्द्र कौर फातिमा बेगम अनिता किरण सुभद्रा मिश्रा कनक लता राय सत्या सिंह बबीता सिंह सविता देव सुधा कुमार रीता सिंह वंदना झा पुष्पा पांडे ज्योति बिष्ट रंजू सिंह अर्चना भटनागर शशिकला पांड्या तान्या घोष आदि ने अपनी संवेदना पहलगाम में हुए नरसंहार के परिवार के प्रति व्यक्त की और पुरजोर शब्दों में पाकिस्तान और आतंकवाद का विरोध किया। इस क्रम में आसपास का पूरा इलाका वंदे मातरम के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद- आतंकवाद मुर्दाबाद- देश की रक्षा कौन करेगा- हम करेंगे हम करेंगे- अमन शांति का नारा है- भारतवर्ष हमारा है आदि नारों से गुंजायमान बना रहा। इस क्रम में महिलाओं ने काव्य-पाठ के माध्यम से भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं कनकलता राय ने - है सहनशक्ति भरपूर सौ गाली भी सुन लेते हैं, धैर्य जवाब दे तो हम समूल नष्ट कर देते हैं.. सुनाकर देशभक्ति का जज्बा जीवंत कर दिया।

### यौन शोषण का आरोपी दोषी करार, आठ साल की सजा व जुर्माना

**दुमका।** शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण कर मां बनने के बाद शादी से इंकार करने के मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा व जुर्माना किया। सजा द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने शनिवार को सुनाया। मामले में न्यायालय ने शिकारीपाड़ा के लखनपुरा गांव के तांबड़ मरांडी को दोषी पाकर आठ साल और 10 हजार रुपया जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने नौ गवाह के बयान और साक्ष्य के आधार पर दोषी करार दिया।

# बोकारो संयंत्र में जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू, जुर्माना और सख्त कार्रवाई निर्णय

नियमों के अनुसार संयंत्र परिसर में वाहन चलाते समय-सड़क पार करते समय-सीढ़ियाँ चढ़ते या उतरते समय अथवा शॉप फ्लोर पर मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने कर्मचारियों ठेका कर्मियों तथा संयंत्र में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

घोषित नियमों के अनुसार संयंत्र परिसर में वाहन चलाते समय-सड़क पार करते समय- सीढ़ियां चढ़ते या उतरते समय अथवा शॉप फ्लोर पर मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य होगा जबकि दोपहिया वाहन चालकों और पिलियन राइडर के लिए हेलमेट पहनना और उसकी चिन स्ट्रैप बांधना अनिवार्य होगा। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा खतरनाक लापरवाह अथवा नशे की हालत में वाहन चलाना और संयंत्र के भीतर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन भी नियमों के दायरे में शामिल रहेगा।

बीएसएल कर्मचारियों के मामले में नियम उल्लंघन होने पर पहली बार उनका नाम बीएसएल इंट्रानेट और विभागीय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी बार विभाग प्रमुख द्वारा काउंसलिंग की जाएगी तथा उल्लंघनकर्ता से नियम का पालन करने हेतु अंडरटेकिंग ली जाएगी। तीसरी बार नियम उल्लंघन होने पर उन्हें एडवाइजरी लेटर जारी कर परिवार को सूचना भेजी जाएगी। चौथी बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 250 रुपए और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

पांचवीं बार नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 500 रुपए और एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा जबकि छठी बार अन्य उपयुक्त या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और हितधारकों से आपकी सुरक्षा-हमारी प्राथमिकता के संदेश को आत्मसात करते हुए इन नियमों का पूरी निष्ठा से पालन कर संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की है।

### बीएसएल से स्थानांतरित सीजीएम हरिमोहन झा को किया गया सम्मानित

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक- मानव संसाधन हरिमोहन झा को उनके कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राकेश मिश्रा के नेतृत्व में एक दर्जन से ज्यादा गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मानित किया। मालूम हो कि श्री झा का कॉरपोरेट ऑफिस दिल्ली निदेशक-मानव संसाधन के रूप में स्थानांतरण हो गया है। झा ने वर्ष 1993 में बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस 2 में ज्वाइन किया था। उसके बाद से अभी तक उन्होंने सीएसआर एचआरडी एसआरयू सहित कई महत्वपूर्ण विभागों में अपना योगदान दिया। ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के कारण उन्हें बोकारो इस्पात संयंत्र में याद किया जाता है। गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। उन्हें सम्मानित करने वालों में सुरेश बाबू अशोक कुमार वर्मा नीरज कुमार रविशंकर अवधेश यादव रामजी राज रंजन चंदन कुमार अजय कुमार संतोष यादव एवं सुमित यादव शामिल रहे।

## सदर प्रखंड के संतशाही नगर सिमरडा में आयोजित विश्व स्तरीय संत सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सदर प्रखंड के महर्षि मेंहीं स्मृतिधाम, संतशाही नगर, सिमरडा में आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सनातन का प्रथम संत सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी विश्वम्भरानंद जी महाराज ने कहा कि मानव शरीर विधाता का दिया हुआ वरदान है। यह शरीर बड़े भाग्य से मिलता है। मानव को ईश्वर भक्ति के लिए यह शरीर मिला है लेकिन यहां आते ही माया के जाल में फंसकर रह जाता है। इसमें से जो ईश्वर की भक्ति करता है उसका बेड़ा पार हो जाता है। ईश्वर भक्ति के लिए योग्य गुरु से युक्ति पाकर योग, साधना करने की जरुरत है।

इश्वर भक्ति के लिए ईश्वर के स्वरूप को जानना जरुरी है। गुरु से युक्ति प्राप्त कर ध्यान व मानस जप का अभ्यास करने पर ही ज्ञान के कपाट खुल जाऐंगे। इसके बाद अलौकिक ज्ञान की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि गुरुदेव महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज बगल के बिसाहा पहाड़ की गुफा में बैठकर 1933 ई में ध्यान व सत्संग करते थे। इसके बाद बैलगाड़ी से चलकर सत्संग का प्रचार करते रहते थे। उनकी वाणी का यह प्रतिफल है कि जगह- जगह सत्संग की अविरल धारा बह रही है। स्वामी प्रभुदयाल, स्वामी अरविंद, ज्ञानशिखर, भवेशानंद, अशोकानंद, गुरुदेव, अमृतानंद, छद्मनाथ योगी,शिवानंद, निरंजन, मुकेश बाबा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

मंच का संचालन सत्संग प्रचारक ओमप्रकाश मंडल ने किया। इसके पूर्व मंत्री संजय प्रसाद यादव के सुपुत्र रजनीश यादव ने भी संत-महात्माओं को माल्यार्पण किया। स्थानीय छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अरुण साह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोती प्रसाद सिंहा, विनोद मंडल, मुकेश बाबा, राजेन्द्र चौबे, अजीतानंद बाबा आदि की भूमिका अहम रही।

## सड़क का गंदा पानी घरों में घुसने से परेशान लोगों ने समस्या निदान को लेकर सड़क पर उतरे

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सड़क किनारे फैली गंदगी और नालियों का गंदा पानी घर में घुसने से परेशान लोगों का अब धैर्य टूटने लगा है। अधिकारियों के पास आश्वासन के अलावा कुछ नहीं है। हर किसी का दरवाजा खटखटाने के बाद परेशान शहर के बाउरीपाड़ा के लोग शनिवार को सड़क पर उतर गए। लोगों ने समस्या से निदान की मांग कर दो घंटे के लिए दुधानी बाइपास को गिलानपाड़ा के समीप जाम कर दिया। सूचना पर सीओ ने मुखिया को बुलाकर जाम समाप्त कराया। मुखिया ने नाली निर्माण का आश्वासन दिया। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि पीसीसी का निर्माण तो रहा है। लेकिन पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण बंद है। लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर बहते रहता है। हल्की बारिश होने पर पानी घर के अंदर तक आ जाता है। इसी गंदे पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है। कई बार मुखिया और प्रखंड कार्यालय में शिकायत की। डीसी से भी गुहार लगाई। लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। जाम की सूचना मिलने पर नगर थाना के एएसआई अशोक मिश्रा मौके पर पहुंचे लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसी ने उनकी बात मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद सदर सीओ अमर कुमार और दुधानी पंचायत की मुखिया जूली मरांडी मौके पर पहुंच लोगों से बात की। सीओ ने कहा कि नाली बनवाने का काम प्रखंड कार्यालय का है। मुखिया तो कुछ कर सकती है। मुखिया ने लोगों को आश्वासन दिया कि बीडीओ को समस्या से अवगत कराने के बाद नाली निर्माण करा दिया जाएगा। इसके बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। ग्रामीणों में उमेश ठाकुर, दिगंबर मांझी, कुंदन पुजारी, रितेश, चंदन ठाकुर व राजेश्वरी देवी आदि का कहना था कि लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई अधिकारी सुनता ही नहीं है। कई बार हर आलाधिकारी को आवेदन दिया, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अधिकारी बात सुनने के बाद भी जब समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ता है।

सदर प्रखंड के संतशाही नगर सिमरडा में आयोजित विश्व स्तरीय संत सम्मेलन संपन्न

## बड़े भाग्य से मानव शरीर मिलता है : विश्वम्भरानंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** सदर प्रखंड के महर्षि मेंहीं स्मृतिधाम, संतशाही नगर, सिमरडा में आयोजित तीन दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सनातन का प्रथम संत सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी विश्वम्भरानंद जी महाराज ने कहा कि मानव शरीर विधाता का दिया हुआ वरदान है। यह शरीर बड़े भाग्य से मिलता है। मानव को ईश्वर भक्ति के लिए यह शरीर मिला है लेकिन यहां आते ही माया के जाल में फंसकर रह जाता है। इसमें से जो ईश्वर की भक्ति करता है उसका बेड़ा पार हो जाता है। ईश्वर भक्ति के लिए योग्य गुरु से युक्ति पाकर योग, साधना करने की जरुरत है।। इश्वर भक्ति के लिए ईश्वर के स्वरुप को जानना जरुरी है। गुरु से युक्ति प्राप्त कर ध्यान व मानस जप का अभ्यास करने पर ही ज्ञान के कपाट खुल जाऐंगे। इसके बाद अलौकिक ज्ञान की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि गुरुदेव महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज बगल के बिसाहा पहाड़ की गुफा में बैठकर 1933 ई में ध्यान व सत्संग करते थे। इसके बाद बैलगाड़ी से चलकर सत्संग का प्रचार करते रहते थे। उनकी वाणी का यह प्रतिफल है कि जगह- जगह सत्संग की अविरल धारा बह रही है। स्वामी प्रभुदयाल, स्वामी अरविंद, ज्ञानशिखर, भवेशानंद, अशोकानंद, गुरुदेव, अमृतानंद, छद्मनाथ योगी, शिवानंद, निरंजन, मुकेश बाबा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन सत्संग प्रचारक ओमप्रकाश मंडल ने किया। इसके पूर्व मंत्री संजय प्रसाद यादव के सुपुत्र रजनीश यादव ने भी संत-महात्माओं को माल्यार्पण किया। स्थानीय छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अरुण साह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोती प्रसाद सिंहा, विनोद मंडल, मुकेश बाबा, राजेन्द्र चौबे, अजीतानंद बाबा आदि की भूमिका अहम रही।

## गोड्डा : दंपती ने जहर खाकर दी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** हिरणपुर थाना क्षेत्र के बीरग्राम गांव में एक दंपती की और से जहर खा लेने का मामला प्रकाश में आया है जहां दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीरग्राम निवासी अंकीम यादव, उम्र करीब 32 वर्ष एवं उसकी पत्नी नूतन देवी, उम्र करीब 22 ने गुरुवार की रात जहर खा लिया, इसके बाद आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए सीएचसी स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही नूतन देवी की मौत हो गयी जबकि पति अंकीम यादव को पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। दंपती ने किन कारणों से जहर खाया इसका पता नहीं चल पाया। बताया जा रहा है कि अंकीम की शादी करीब एक साल पहले गोड्डा जिले के हनवारा गांव में हुई थी। मृतका पांच माह की गर्भवती भी थी। उक्त मामले में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुरुष बी एड का तैयारी कर रहा था और मृतका बीटेक की तैयारी कर रही थी।

वहीं दंपती की मौत से बीरग्राम के ग्रामीण भी हतप्रभ हैं। ग्रामीणों के अनुसार दंपती का व्यवहार समाज में काफी अच्छी था, जबकि मृत युवक बीएड तक की पढ़ाई पूरी की थी, वहीं मृतका पत्नी बीटेक की परीक्षा बीते दिन ही है। मृतका के मायके पक्ष के लोगों को घटना की सूचना मिलते ही सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पहुंचे।

स्पीड न्यूज

## ‘मेट गाला’ में डेब्यू करेंगी किआरा



मुंबई। अभिनेत्री किआरा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इस खास मौके पर वह पहने नजर आएंगी मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक। इस साल मेट गाला का थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। किआरा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी।

## सुहास शेट्टी हत्याकांड में अब तक 8 गिरफ्तार

**मैंगलोर।** मैंगलोर के हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें से दो हिंदू हैं। सुहास शेट्टी की हत्या का वीभत्स दृश्य सीसीटीवी और स्थानीय मोबाइल कैमरों में कैद हो गया। मैंगलोर पुलिस ने इन्हीं वीडियो के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ जिले से 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल सफान, नियाज, मोहम्मद मुजामिल, कलंदर शफी, मोहम्मद रिजवान, रंजीत और नागराज को गिरफ्तार किया ।

## गरियाबंद में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गयी गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया है।

## यूक्रेन को एफ-16 विमान देगा अमेरिका

**वाशिंगटन/ कीव।** अमेरिका ने यूक्रेन को संभावित 31 करोड़ पांच लाख डॉलर की एफ–16 विमानों के प्रशिक्षण, रखरखाव और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दी है। पेंटागन की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने शुक्रवार को इस आशय की घोषणा करते हुए बताया कि अमेरिकी कांग्रेस को भेजी एक अधिसूचना में विदेश विभाग ने यह जानकारी दी।

## आरबीआइ की डिप्टी गवर्नर बनीं डॉ. पूनम

मुंबई। डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। सरकार ने 02 अप्रैल को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी।

## मुजफ्फरपुर में दुकान से 15 लाख के गहने लूटे

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के तुर्की थाना क्षेत्र में बदमाशों ने शनिवार को एक आभूषण दुकान में धावा बोलकर 15 लाख रुपए के आभूषण और नकद लूट लिए। सकरी चौक के पास स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में छह की संख्या में आए अपराधियों ने धावा बोल दिया। सबने अपने चेहरे ढंक रखे थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुए भाग गए।

# अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी होगी मजबूत

## सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

- भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है : प्रधानमंत्री
- स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल के क्षेत्रों में भी संबंध और मजबूत होंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के शनिवार को निर्णय लिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ शनिवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के दस्तावेज सहित चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार कार्रवाई के भारत के फैसले का समर्थन किया है।

मोदी ने राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था।



अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंसो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कई अहम समझौते हुए।

भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी।

मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। आज हमने स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और क्रिटिकल मिनरल क्षेत्रों में भी अपने संबंधों को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। अंगोला में योग और बॉलीवुड की लोकप्रियता, हमारे सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। जनता के बीच संबंधों को बल देने के लिए, हमने अपने युवाओं के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) से जुड़ने के अंगोला के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। हमने अंगोला को भारत के पहल आपदारोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन (सीडीआरआई), बिग कैट एलायंस और वैश्विक जैवईंधन गठबंधन से भी जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंसो और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। मोदी ने अंगोला को 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अफ्रीकी संघ की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में, हमें अफ्रीका के लोगों के साथ, कंधे से कंधे मिलाकर, प्रथम प्रतिकर्ता की भूमिका अदा करने का सौभाग्य मिला है। भारत और अफ्रीकी संघ-हम प्रगति में साझीदार और वैश्विक दक्षिण के स्तंभ हैं। मुझे विश्वास है कि अंगोला की अध्यक्षता में, भारत और अफ्रीकी संघ के संबंध नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे।

## आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठायेंगे प्रधानमंत्री मोदी : फारूक

एजेंसी

**श्रीनगर ।** जेकेएनसी नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम बीते 35 साल से आतंकवाद झेल रहे हैं, अब इसे खत्म करना ही होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से कैसे निपटा जाए, यह प्रधानमंत्री अच्छी तरह से जानते हैं। महबूबा मुफ्ती के बयान पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि उनका निशाना प्रधानमंत्री पर होता है। मैं ऐसी कोई बात नहीं करूंगा। आज पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है और उम्मीद है कि वह ऐसा कदम उठाएंगे जिससे आतंकवाद का अंत हो सके।

### दिल्ली में मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब आधे घंटे तक चली बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात है। अब्दुल्ला ने मोदी से घाटी की सुरक्षा पर चर्चा की है। भारत आगे और क्या सख्त कदम उठाता है, तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, उमर उब्दुल्ला ने घाटी की ओर से सरकार को सकारात्मक संदेश दिया है।



ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में लेबर पार्टी की जीत के बाद जश्न मनाते प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज व अन्य।

## ऑस्ट्रेलिया के लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने अल्बनीज

- लेबर पार्टी की शानदार जीत रूढ़िवादी लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन अपनी सीट भी नहीं बचा सके

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने जीत हासिल की है। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के नेता 21 वर्षों में लगातार दूसरी बार तीन साल का कार्यकाल जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बन गए हैं। रूढ़िवादी लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन अपनी डिक्सन की सीट भी नहीं बचा सके। इस पर लेबर पार्टी की उम्मीदवार जीते। उन्होंने हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एंथनी अल्बानीज को उनकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-ऑस्ट्रेलिया के व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।अल्बानीज ने कहा कि हमने यहां विभाजन और ऑस्ट्रेलियाई लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की अमेरिकी शैली की राजनीति चलाने का प्रयास देखा है और मुझे लगता है कि यह ऑस्ट्रेलियाई तरीका नहीं है। हमारी सरकार ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुनेगी, क्योंकि हमें इस पर गर्व है कि हम कौन हैं। ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग की वेबसाइट ने अनुमान व्यक्त किया है कि लेबर पार्टी प्रतिनिधि सभा में 150 में से 81 सीटें जीतेगी, जिससे संसद में उसका बहुमत बढ़ जाएगा। अभी 68 प्रतिशत मतों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी ने विपक्षी नेता को डोज-वाई डटन करार दिया और उनकी पार्टी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके डोज की नकल का आरोप लगाया। लेबर पार्टी का तर्क था कि डटन का प्रशासन अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सेवाओं में कटौती करेगा।

## पाक के पास चार दिन लड़ने के लिए भी गोला बारूद नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को पैसा कमाने के लिए यूक्रेन और इजरायल को बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बेचना महंगा पड़ रहा है और उसके खुद के पास चार दिन की लड़ाई लड़ने के लिए जरूरी गोला बारूद भी नहीं है। विभिन्न रिपोर्टों तथा आंतरिक सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने यूक्रेन और इजरायल के साथ गोला बारूद बेचने के लिए जो सौदे किये

**पैसा कमान के लिए यूक्रेन और इजरायल को बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बेचना पड़ रहा है महंगा**

वह अब उसके गले की फांस बन गये हैं। रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के गोला बारूद भंडार की स्थिति को देखकर यह कहना अतिशोयक्ति नहीं होगी कि लड़ाई की स्थिति में बिना गोला बारूद के चार दिन बाद उसके हथियार खिलौने बनकर रहे जायेंगे। पाकिस्तान की सेना तोपखाने के गोला-बारूद की गंभीर कमी का सामना कर रही है, जिससे उसकी युद्ध क्षमताएँ गंभीर रूप से सीमित होकर केवल चार दिनों तक ही सीमित रह गई हैं। इस कमी का कारण देश द्वारा यूक्रेन के साथ हाल ही में किए गए हथियार सौदे हैं, जिससे उसके युद्ध भंडार समाप्त हो गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि सेना को आपूर्ति करने वाली पाकिस्तान आयुध फैक्ट्रियों (पीओएफ) को बढ़ती वैश्विक मांग और पुरानी उत्पादन सुविधाओं के बीच आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। नतीजतन, पाकिस्तान के गोला-बारूद के भंडार केवल 96 घंटे के उच्च-तीव्रता वाले संघर्ष को झेल सकते हैं, जिससे उसकी सेना कमजोर हो जाती है।

भारत की संख्यात्मक श्रेष्ठता का मुकाबला करने के लिए तेजी से लामबंदी पर केंद्रित पाकिस्तान का सैन्य सिद्धांत तोपखाने और बख्तरबंद इकाइयों पर टिका है। अप्रैल 2025 में एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान के तोपखाने-भारी सिद्धांत के लिए महत्वपूर्ण 155 मिमी तोपखाने के गोले यूक्रेन को भेज दिए गए थे, जिससे भंडार खतरनाक रूप से कम हो गया। घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया पीओएफ, बढ़ती वैश्विक मांग और पुरानी उत्पादन सुविधाओं के बीच आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा था।

## पाकिस्तान की महिला से शादी की बात छिपाने वाला सीआरपीएफ जवान बर्खास्त

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी महिला मीनल खान से निकाह की बात छिपाना सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद को भारी पड़ गया। सीआरपीएफ ने जवान मुनीर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए सेना ने यह कार्रवाई की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिनके तहत जांच की आवश्यकता नहीं है। सीआरपीएफ जवान की हरकत राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक थी। जवान को आखिरी बार देश के प्रमुख आंतरिक सुरक्षा बल सीआरपीएफ की 41वीं बटालियन में तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि मुनीर को पाकिस्तानी महिला के साथ निकाह को छिपाने और जानबूझकर उसके वीजा की वैधता से अलग उसे भारत में शरण देने के आरोप में तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ जा सकते हैं रूस की विक्ट्री डे परेड में



**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बजाय अब रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ नौ मई को रूस में विक्ट्री डे परेड समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। रूस ने इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था।

## चार धाम यात्रा के लिए चलेगी भारत गौरव ट्रेन

नयी दिल्ली। भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे बदरीनाथ, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम एवं द्वारका की यात्रा की जा सकती है। दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से 27 मई को यह ट्रेन चलेगी, जो 17 दिनों में यात्रा पूरी करेगी। इस दौरान नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, माना गांव, पुरी एवं चंद्रभाग समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर,रामनाथ स्वामी मंदिर, धनुषकोटि, द्वारका में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग आदि तीर्थों का भ्रमण कराया जाएगा।